अजमेर, जोधपुर एवं जयपुर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

# हुक्मनामा समाचार

अजमेर, गुरूवार, 13 फरवरी, 2025 :: मूल्य 2 रु. :: पृष्ठ संख्या 8 :: आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2004/14674 :: वर्ष 21 :: अंक 83

www.hukmnamasamachar.com

## महाकुंभ

## माघ पूर्णिमा पर 2 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया



### संगम से 15 किमी तक चारों तरफ श्रद्धालुओं की भीड़

**प्रयागराज।** महाकुंभ में माघ पूर्णिमा का स्नान जारी है। संगम से 15 किमी तक चारों तरफ श्रद्धालुओं की भीड़ है। शाम 6 बजे तक 2 करोड़ लोग स्नान कर चुके हैं। एक्टर सुनील शेट्टी ने भी संगम में डुबकी लगाई। उन्होंने कहा, आज वाकई मैंने गंगा नहा लिया। भीड़ को देखते हुए 13 से 15 फरवरी तक प्रयागराज में 8वीं तक के स्कूल बंद रहेंगे। लेकिन, पढ़ाई ऑनलाइन होगी। इससे पहले श्रद्धालुओं पर हेलिकॉप्टर से 25 क्विंटल फूल बरसाए गए। काटजू रोड पर मस्जिद के बाहर जुटे नमाजियों ने भी श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की। महाकुंभ मेले से भीड़ जल्दी बाहर निकल जाए, इसलिए लेटे हनुमान मंदिर, अक्षयवट और डिजिटल महाकुंभ सेंटर को बंद रखा गया। आज महाकुंभ में कल्पवास भी खत्म हो गया। संगम स्नान के बाद करीब 10 लाख कल्पवासी यहां से विदा होने लगे। संगम पर पैरामिलिट्री फोर्स के जवान तैनात हैं। वहां लोगों को रुकने नहीं दिया जा रहा, ताकि भीड़ न बढ़ पाए।

## संक्षिप्त खबरें

### राम मंदिर के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास का निधन

**अयोध्या।** अयोध्या में रामलला मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का 80 साल की उम्र में निधन हो गया। बुधवार सुबह 7 बजे लखनऊ पीजीआई में उन्होंने आखिरी सांस ली। 3 फरवरी को ब्रेन हेमरेज के बाद उनको अयोध्या से लखनऊ रेफर किया गया था। आचार्य सत्येंद्र दास का पार्थिव शरीर अयोध्या के सत्य धाम गोपाल मंदिर आश्रम में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। आचार्य सत्येंद्र दास के निधन पर पीएम मोदी और सीएम योगी ने शोक जताया है। आचार्य सत्येंद्र दास को कल यानी 13 फरवरी को दोपहर 12 बजे जल समाधि दी जाएगी। सत्येंद्र दास 32 साल से रामजन्मभूमि में बतौर मुख्य पुजारी सेवा दे रहे थे। 6 दिसंबर, 1992 को बाबरी विध्वंस के समय वे रामलला को गोद में लेकर भागे थे।



### केरल में रैगिंग, जूनियर्स के कपड़े उतारे

**कोट्टायम।** केरल के एक सरकारी नर्सिंग कॉलेज में जूनियर्स के साथ रैगिंग का मामला सामने आया है। पांच सीनियर छात्रों ने 3 स्टूडेंट के पहले कपड़े उतारे। फिर उनके प्राइवेट पार्ट पर डंबल (भारी वजन) लटका दिया। सीनियर्स ने बाद में कंपास और नुकीली वस्तुओं से भी छात्रों को घायल किया। इसके बाद जख्म पर लोशन लगाया। ताकि दर्द और बढ़े। जब पीड़ित दर्द से चिल्लाने लगे, तो उनके मुंह में भी लोशन डाल दिया। यह घटना कोट्टायम के सरकारी नर्सिंग कॉलेज में हुई। तीनों पीड़ित फर्स्ट ईयर के स्टूडेंट हैं और तिरुवनंतपुरम के रहने वाले हैं। प्रताड़ना का वीडियो भी बनाया, फिर धमकी दी सीनियर्स ने पीड़ितों को नग्न करके उनकी रैगिंग का वीडियो भी बनाया।

### शरद पवार ने शिंदे का सम्मान किया, उद्धव गुट नाराज

**मुंबई।** एनसीपी (शरद गुट) के अध्यक्ष शरद पवार ने मंगलवार को दिल्ली में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे को सम्मानित किया। इस पर महाराष्ट्र की राजनीति में हंगामा हो गया है। बुधवार को महाविकास अघाड़ी में सहयोगी पार्टी शिवसेना ने नाराजगी जताई है। राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कहा कि शिंदे ने ही अमित शाह की मदद से शिवसेना को तोड़ा था। उनका सम्मान करना भाजपा नेता का सम्मान करने के जैसा है। जिसे हम महाराष्ट्र का दुश्मन समझते हैं उसे ऐसा सम्मान देना, महाराष्ट्र के गौरव पर आघात है।

### सिख विरोधी दंगा- एक और केस में सज्जन कुमार दोषी

**नई दिल्ली।** सिख विरोधी दंगा के एक और केस में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने बुधवार को पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार को दोषी करार दिया। कोर्ट 18 फरवरी को सजा सुनाएगी।इस मामले में 41 साल बाद फैसला आया है। यह केस 1984 सिख विरोधी दंगों के दौरान सरस्वती विहार में 2 सिखों की हत्या से जुड़ा है। दिल्ली दंगों में सज्जन के खिलाफ 3 से ज्यादा केस चल रहे हैं। एक में वे बरी हो चुके हैं।इससे पहले दिसंबर 2018 में दिल्ली हाईकोर्ट की डबल बेंच ने उन्हें हिंसा कराने और दंगा भड़काने का दोषी पाया था और उम्रकैद की सजा सुनाई थी। फिलहाल सज्जन तिहाड़ जेल में सजा काट रहे हैं।

### भारत में बिना वीजा-पासपोर्ट एंट्री पर सख्त नियम बनेंगे

**नई दिल्ली।** भारत में बिना वीजा-पासपोर्ट एंट्री पर केंद्र सरकार सख्त कानून लाने जा रही है। अगर कोई विदेशी नागरिक वैध पासपोर्ट या वीजा के बिना भारत में प्रवेश करता है तो उसे पांच साल तक जेल और 5 लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। अगर कोई विदेशी फर्जी डॉक्यूमेंट के साथ भारत में प्रवेश करता है तो उसे यहां से निकाला जा सकता है। इसके अलावा 2 साल की जेल हो सकती है, जिसे 7 साल तक बढ़ाया जा सकता है।

दैनिक हुक्मनामा समाचार से जुड़ने के लिए संपर्क करे-
मो. 9828011251, 8824399949

Scan to Subscribe

### पटेला री पोल

भर्ती परीक्षा में नया रूप, नहीं दी परीक्षा तो लगेगा फाइन
सरकार को लगा तुगलकी फैसले से, परीक्षा होगी शाइन
अच्छे कदम से परीक्षार्थियों की, भीड़ हो जाए अब कम
अब पर्चे आउट पर मुआवजा दो, इस बात में है बहुत दम

..मुखिया जी

## ट्रक का केबिन तोड़कर ऑटो पर गिरी मशीन, 4 की मौत

### 19 टन वजन के नीचे दब गए थे लोग





**सिरोही (हुक्मनामा समाचार)।** सिरोही में तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटोरिक्शा को पीछे से टक्कर मार दी। इससे ट्रक में रखी 19 टन वजन की लोहे की मशीन केबिन को तोड़ते हुए ऑटो पर गिर गई। मशीन के नीचे दबने से 2 महिलाओं समेत 4 लोगों की मौत हो गई। 8 लोग घायल हो गए।

हादसा बुधवार दोपहर 3 बजे स्वरूपगंज थाना क्षेत्र में उदयपुर-पालनपुर नेशनल हाईवे-28 पर कोदरला गांव के पास हुआ। मशीन के नीचे दबने से ट्रक ड्राइवर, हेल्पर और ऑटो में बैठी एक महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था। मशीन को क्रेन की सहायता से उठाकर शवों को बाहर निकाला गया। वहीं, एक महिला की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। मशीन के नीचे दब गए लोग स्वरूपगंज एएसआई नरेंद्र ने बताया- ट्रक (पिंडवाड़ा) सिरोही से आबूरोड की तरफ जा रहा था। ट्रक में लोहे की भारी मशीन रखी हुई थी। एनएच-28 पर कोदरला गांव के पास ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी। इससे ट्रक में रखी मशीन केबिन को तोड़ते हुए ऑटो पर गिर गई। ट्रक ड्राइवर डीग निवासी साबिर पुत्र मकसूद मोहम्मद, हेल्पर गरासिया निवासी बसंतगढ़ हीरा पुत्र रत्न और ऑटो सवार बुला गांव निवासी रमिला पत्नी भावाराम मशीन के नीचे दब गए। उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

मशीन को कड़ी मशक्कत के बाद क्रेन की सहायता से हटाकर तीनों के शव बाहर निकाले। ऑटो में सवार 9 लोग घायल हो गए थे, जिन्हें इलाज के लिए स्वरूपगंज के सरकारी अस्पताल ले जाया गया।

### एमओयू क्रियान्वयन की द्वितीय समीक्षा बैठक

## निवेश एमओयू को समय पर धरातल पर लागू करेगी राज्य सरकार-मुख्यमंत्री

### 2 महीने के रिकॉर्ड समय में 1 लाख 66 हजार करोड़ रूपए के एमओयू धरातल पर उतरना शुरू



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश को 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के साथ राज्य सरकार 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट' के तहत हुए एमओयू को हर हाल में धरातल पर लागू करने के लिए कार्य कर रही है। शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत हुए एमओयू के क्रियान्वयन की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि एमओयू के क्रियान्वयन के लिए त्रैमासिक लक्ष्य निर्धारित करते हुए एमओयू को धरातल पर उतारा जाए।

**भूमि आवंटन के प्रकरणों की हो मॉनिटरिंग, अन्य स्वीकृतियों का हो सरलीकरण** उन्होंने निर्देश दिए कि भू-आवंटन से संबंधित शेष एमओयू प्रकरणों को प्राथमिकता से निस्तारित करें। उन्होंने भूमि आवंटन से संबंधित प्रकरणों की साप्ताहिक रूप से समीक्षा करने के निर्देश देते हुए कहा कि भूमि आवंटन से जुड़ी रियायतों का भी सरलीकरण किया जाए।

#### निवेशकों को एमओयू प्रगति की मिल रही जानकारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि निवेशकों से सीधा संवाद स्थापित रखा जाए, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान किया जा सके। इसी दिशा में राज्य सरकार द्वारा इन्वेस्टर इंटरफेस के माध्यम से निवेशकों को एमओयू ि यान्वयन की प्रगति की जानकारी उपलब्ध करवायी जा रही है, इस संबंध में उन्होंने निर्देश दिए कि निवेशकों से समय-समय पर प्रगति की जानकारी साझा करें।

साथ ही, उन्होंने आवंटित भूमि श्रेणी के एमओयू की समीक्षा करते हुए कहा कि इस संबंध में जरूरी अन्य स्वीकृतियों का जल्द निस्तारण किया जाए, ताकि इन एमओयू के क्रियान्वयन में तेजी आ सके। शर्मा ने निर्देश दिए कि ऐसे एमओयू जिनमें एक से अधिक विभागों की स्वीकृति आवश्यक है, ऐसी स्थिति में सभी संबंधित विभाग क्रियान्वयन प्रक्रिया को आपसी सामंजस्य के साथ तीव्र गति से पूरा करें। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा आलोक, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) आलोक गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव राजस्व दिनेश कुमार, प्रमुख शासन सचिव स्वायत्त शासन राजेश यादव, प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास वैभव गालरिया, प्रमुख शासन सचिव आयुर्वेद भवानी सिंह देथा सहित विभिन्न विभागों के शासन सचिव उपस्थित रहे।

### भाजपा को नोटिस का दिया जवाब

## मुझसे गलती हुई है, मैंने स्वीकारा-किरोड़ीलाल



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** कैबिनेट मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने फोन टैपिंग के मामले पर कहा- मुझसे गलती हुई है और नोटिस के जवाब में मैंने स्वीकारा है। मंत्री ने कहा कि अनुशासनहीनता पर कार्रवाई का अधिकार भाजपा प्रदेशाध्यक्ष को है। मंत्री झाबर सिंह खर्रा और मुख्यमंत्री कार्रवाई के बारे में नहीं बता सकते। इससे पहले बुधवार सुबह कैबिनेट मंत्री ने पार्टी के नोटिस का जवाब ई-मेल से दिया। इसमें मंत्री ने लिखा है कि मुझे इनपुट मिला था कि मेरा फोन टैप हो रहा है। दरअसल, किरोड़ीलाल मीणा ने अपनी ही सरकार पर फोन टैपिंग का आरोप लगाया था। इसके बाद से सरकार और भाजपा विपक्ष के निशाने पर हैं। इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री के जवाब को लेकर भी विधानसभा में हंगामा बरपा था। किरोड़ीलाल बोले- मेरी कोई नाराजगी नहीं पार्टी से मिले नोटिस और उसके जवाब को लेकर किरोड़ीलाल ने पहली बार जयपुर में मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि- मैंने क्या जवाब दिया यह मैं बताऊंगा नहीं। मेरी कोई नाराजगी नहीं है, अगर कोई नाराजगी होती तो मैं मुस्कुराता नहीं।

## एक्सीडेंट में बाइक सवार देवर-भाभी सहित 3 की मौत

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** धौलपुर में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार देवर-भाभी सहित तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, डेढ़ साल का मासूम जिंदा बच गया। परिवार बाइक से फिरोजपुर से मनियां के एक गांव में अपने रिश्तेदारों के कुंभ से लौटने पर आयोजित कार्यक्रम में जा रहे थे। हादसा बुधवार दोपहर करीब 11:45 बजे आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे-44 पर चंद्र पेट्रोल पंप के पास हुआ। भीषण हादसे में मासूम बचा मनिया थाना प्रभारी रामनरेश मीणा ने बताया कि आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे- 44 पर चंद्र पेट्रोल पंप के पास हादसे की सूचना मिली थी।

## पीएम मोदी के विमान पर हमला करने की धमकी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विमान पर अटैक की धमकी मिली है। 11 फरवरी को मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में एक कॉल आई जिसमें चेतावनी दी गई कि आतंकवादी प्रधानमंत्री मोदी के विमान पर हमला कर सकते हैं। मुंबई पुलिस ने इस बारे में सभी सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया था। हालांकि, बुधवार को पुलिस ने चेंबूर इलाके से एक शख्स को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया- पकड़ा गया शख्स मानसिक रोगी है। पिछले 4 महीने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जान से मारने की धमकी का यह दूसरा मामला है। इससे पहले नवंबर 2024 में मुंबई पुलिस के कंट्रोल रूम में धमकी भरा फोन आया था। मामले में पुलिस ने एक 34 साल की महिला को हिरासत में लिया था। पूछताछ में पता चला था कि महिला मानसिक रूप से अस्थिर है। उसने शरारत में फोन किया था। महिला का कोई क्रिमिनल रिकॉर्ड भी नहीं था।

### 16 देशों के 100 से अधिक सीईओ, व्यवसायी और संस्थापकों के प्रतिनिधिमंडल ने लोक सभा अध्यक्ष से भेंट की

## नागरिकों को शासन में हिस्सेदार हमारा प्रयास होना चाहिए -बिरला



**नई दिल्ली।** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भारत न केवल दुनिया को व्यापार और निवेश के अवसर प्रदान कर रहा है, बल्कि विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों और वैश्विक मामलों में नेतृत्व और समाधान भी प्रदान कर रहा है। आज संसद भवन परिसर में 16 देशों के 100 से अधिक सीईओ, व्यवसायी और संस्थापकों के एक प्रतिनिधिमंडल से बातचीत करते हुए बिरला ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम के दृष्टिकोण के साथ भारत राजनीतिक स्थिरता और अच्छे शासन के साथ वैश्विक नेतृत्व में मुख्य भूमिका निभा रहा है। हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के पूर्व छात्रों के प्रतिनिधिमंडल के साथ एक बातचीत में, बिरला ने कहा कि भारत का संविधान और संसदीय लोकतंत्र दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में शांति, विकास और प्रगति की नींव हैं।

उन्होंने देश की दिशा और समृद्धि के लिए अनुकूल वातावरण बनाने में मददगार, भारत के लोकतांत्रिक सिद्धांतों के महत्व पर भी प्रकाश डाला।प्रतिनिधिमंडल ने भारत की आर्थिक प्रगति और वैश्विक मंच पर बढ़ते कद को समझने में गहरी रुचि दिखाई। बातचीत के दौरान, प्रतिनिधिमंडल के सदस्य भारत की विकास नीतियों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय में बढ़ते प्रभाव के विषय में जानकारी लेने के लिए उत्सुक दिखे । बिरला ने उनके सवालों का स्वागत किया और आर्थिक निवेश और संसदीय लोकतंत्र के कार्यान्वयन के विषय में विचारशील उत्तर दिए।उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को सूचित किया कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, विकसित भारत की भावना के साथ, भारत समग्र विकास के पथ पर अग्रसर है। बिरला ने उन्हें भारत में निवेश करने के लिए प्रेरित किया, और इस प्रक्रिया में समर्थन का आश्वासन दिया।

एक प्रश्न के उत्तर में, बिरला ने कहा कि संसदीय लोकतंत्र सर्वोत्तम शासन प्रणाली है और यह विभिन्न समस्याओं के प्रभावी समाधान प्रदान करती है।

CMYK

# केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री ने आयोजित धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर प्रतिभाओं और आयोजकों को किया सम्मानित

**मदनगंज किशनगढ़। (हुक्मनामा समाचार)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री और अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने बुधवार को किशनगढ़ में आयोजित दो महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने समाज के प्रतिभाशाली व्यक्तियों को सम्मानित करने के साथ लोकदेवता तेजाजी महाराज के विशाल दर्शन महोत्सव में भी भाग लिया। केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने पहले राजारेड्डी, किशनगढ़ में रेगर समाज प्रगतिशील संस्थान द्वारा आयोजित विधानसभा स्तरीय समाज प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल होकर समाज की विभिन्न प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र भेंट किए और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने संस्थान के सदस्यों और समाजबंधुओं को इस आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि समाज की प्रगति में शिक्षा और प्रतिभा को प्रोत्साहित करना अत्यंत आवश्यक है।.

इसके बाद केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने बोराड़ा स्थित वीर तेजाजी महाराज मंदिर में आयोजित 10वें राष्ट्रीय तेजा दर्शन महोत्सव–2025 में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कथा वाचिका साध्वी सूरज बाईसा के मुखारविंद से कथा श्रवण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने तेजाजी महाराज के जीवन दर्शन को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि उनका बलिदान और सत्य के प्रति निष्ठा समाज के लिए मार्गदर्शक हैं।



## हिमाचल के राज्यपाल 15 को जिले के मंडफिया में

**चित्तौड़गढ़, (हुक्मनामा समाचार)।** हिमाचल के महामहिम राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला 15 फ़रवरी शनिवार को जिले के अल्प प्रवास पर रहेंगे एवं मण्डफिया में भगवान साँवलिया सेठ के दर्शन करेंगे। जिला कलक्टर आलोक रंजन ने बताया कि हिमाचल के महामहिम राज्यपाल 15 फ़रवरी को 11:30 बजे उदयपुर से सड़क मार्ग द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 1:30 बजे मण्डफिया (साँवलियाजी) पहुंचकर भगवान साँवलिया सेठ के दर्शन करेंगे। वे सायं 03.00 बजे पुनः सड़क मार्ग से उदयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। रंजन ने इस यात्रा कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं।

## ट्रेड ऑटोमोबाइल के विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण

**सरवाड़( हुक्मनामा समाचार )।** कस्बे में स्थित पीएम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में संचालित व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत ट्रेड ऑटोमोबाइल लेवल 1 व 2 के विद्यार्थियों ने बुधवार को औद्योगिक भ्रमण किया। भ्रमण दल को प्रधानाचार्य गोपीलाल कीर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य कीर ने कहा कि आज के व्यवसायिक शिक्षा आज के युग की आवश्यक शिक्षा है। कौशल मित्र लालचंद रातावाल ने बताया कि औद्योगिक प्रशिक्षण का उद्देश्य सैद्धांतिक ज्ञान एवं अर्जित कौशल के साथ समन्वय स्थापित कर वास्तविक कार्य स्थलों पर जाकर समझ विकसित करना है। औद्योगिक भ्रमण स्थल रेनल मोटर्स के हेड मिस्त्री इमरान अंसारी व हेल्पर माजिद खान ने मारुति के इंजन की कार्य प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी एवं राजेश दमानी व अर्जुन पंवार ने गाड़ी की धुलाई एवं उसकी साफ सफाई के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इस दौरान रेनल मोटर्स के मैनेजर पवन कुमार दाधीच एवं उपप्रधानाचार्य दीपेश कुमार सिसोदिया,कौशल मित्र लालचंद रातावाल भी मौजूद रहे।

## जनता दरबार में स्वच्छता सर्वेक्षण की दी जानकारी




**मदनगंज किशनगढ़( हुक्मनामा समाचार )।** आयुक्त सीता वर्मा के निर्देशानुसार परिषद के नेहरू वाचनालय में जनता दरबार लगाया गया। जनता दरबार में परिषद के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी एवं सफाई कर्मचारी में जमादार उपस्थित रहे। जनता दरबार में स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 से जुड़े सभी बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध है तथा स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 ऐप डाउनलोड के लिए भी विस्तृत जानकारी उपलब्ध है। यहां पर कोई भी आकर स्वच्छता सर्वेक्षण के बारे में जानकारी ले सकता तथा ऐप डाउनलोड करने की विधि को जान सकता है और अपनी राय वह अपने कमेंट्स स्वच्छता सर्वेक्षण ऐप के माध्यम से किशनगढ़ को स्वच्छ रखने किशनगढ़ को नंबर वन पर लाने के लिए के लिए एप में दे सकते है साथ ही समस्त अधिकारी कर्मचारी व समस्त जमादार व सफाई कर्मचारी एवं परिषद के वाहन एवं कचरा टेंपो सहित सभी बैनर लगाकर स्वच्छता के संदेश देते हुए रैली का आयोजन किया गया रैली पहाड़िया चौराया होते हुए कटला से होते हुए पुरानी मिल होते हुए लायन सर्कल होते हुए जनता बाजार होते हुए नेहरू वाचनालय पर समापन हुई रैली में सभी आम नागरिकों को जागरूक किया गया तथा सभी को रैली के माध्यम से बताया गया कि शाम को जो टेंपो आता है उसी में ही सभी दुकानदार कचरा डालें अपनी दुकान के आगे डस्टबिन रखें कोई भी सड़क पर कचरा ना फैलाएं खुले में बाथरूम नहीं करें खुले में सोच नहीं करें शाम को जो टेंपो आता उसी में ही कचरा डालें सुबह टेंपो आता है उसी में कचरा डालें दिल्ली में विष्णु कुमार अडाणीय सहायक अभियंता स्वास्थ्य निरीक्षक मनोज कुमार रणवा व मुकेश लखन, लेखराम बेरवा, शशांक , जीतराम ,जमादार दिनेश गोपाल महेंद्र श्यामलाल चांद राहुल गणेश राकेश विजय राजू चरण दास वर्ण सभी सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पंचवटी कॉलोनी के पास रिंग रोड बना सड़क हादसे का अड्डा

**भीलवाड़ा( हुक्मनामा समाचार )।** शहर की पंचवटी कॉलोनी प्रवेश द्वार के पास रिंग रोड पर सर्कल निर्माण नहीं होने के कारण बुधवार एक भीषण सड़क हादसा हो गया । सूत्रों के मुताबिक कार इतनी तेज रफ्तार में थी कि वह सीधे फुटपाथ पर बने केबिन में घुस गई, जिससे केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। रिंग रोड पर पंचवटी कॉलोनी के प्रवेश द्वार के पास हुए इस हादसे से पंचवटी कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति घायल हो गया , जिसे इलाज के लिए के निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया,स्थिति गंभीर होने से प्राथमिक उपचार के बाद अन्यत्र चिकित्सालय में रेफर किया गया। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ और न ही कोई जानमाल की हानि हुई। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने स्थिति को संभाला। कॉलोनी वासियो ने बताया कि आए दिन कोई न कोई छोटी -बड़ी दुर्घटना होती रहती है। कई बार प्रशासन को सर्कल बनाने के लिए, लिखित और मौखिक तौर पर पिछले कई सालों से अवगत कराया जा रहा है, लेकिन नगर विकास न्यास द्वारा सर्कल निर्माण नहीं करवाया, जा रहा है। स्थानीय लोगों ने नगर विकास न्यास के खिलाफ काफी नाराजगी जाहिर की व शीघ्र ही सर्किल निर्माण की पुरजोर मांग की है।



## किशनगंज क्षेत्र के परानिया जन जातिआवासीय विद्यालय के छात्रों ने स्कूल का गेट लगाकर किया धरना प्रदर्शन

**किशनगंज (हुक्मनामा समाचार)।** राजकीय जनजाति उच्च माध्यमिक आवासीय विद्यालय परनिया बच्चों ने धरना प्रदर्शन किया स्टॉफ टीचर लेट आने के कारण ओर विद्यालय के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया। बस स्टैंड परानिया में धरना प्रदर्शन किया गया ।

बच्चों ने मांग रखी स्टॉफ टाइम से नहीं आते हैं रोज समय से 2/3 घंटे लेट आते हैं बच्चों के द्वारा प्रदर्शन करने से रोड पर जाम की स्थिति बनी रही मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय विधायक ललित मीणा द्वारा बच्चों को आश्वासन दिया गया जल्दी से स्टाफ को चेंज किया जाएगा बच्चों द्वारा ओर भी समस्या बताई गई जैसे की बच्चों को खाना समय से नहीं देते खाने की गुणवता भी सही नहीं है,बच्चों के खाने में कई कमियां पाई गई , वार्डन रामहेत मीणा द्वारा बच्चों को शराब के नशे में अपशब्द बोले गए और बच्चों को डरा धमकाया गया।



बच्चों द्वारा शिकायत करने पर कार्यवाहक राकेश मीणा ने उन्हें टीसी काटने की धमकी दी और बोला गया कही अन्य जगह एडमिशन नहीं मिलेगा। पुलिस प्रशासन द्वारा मौके पर पहुंच कर स्थिति को सामान्य किया ओर बच्चों को समझाया। क्षेत्रीय विधायक द्वारा स्हरूसाहब से बात की ओर उनके द्वारा आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द कारवाही की जाएगी।

### छप्पन भोग झांकी के दर्शन में उमड़े श्रद्धालु

# मथुराधीश मंदिर का 26 वां पाटोत्सव धूमधाम के साथ मनाया

**सरवाड़( हुक्मनामा समाचार )।** कस्बे में बुधवार को भगवान मथुराधीश मंदिर के 26 वे पाटोत्सव पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों ने सभी को भक्तिमय माहौल में सराबोर कर दिया। बड़ा रामद्वारा सूरसागर जोधपुर निवासी अमृत राम महाराज के सानिध्य हुए इस अनूठे आयोजन का बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने लाभ उठाया। मंदिर निर्माण होने के साथ मनाया जाने वाला यह 26 वा पाटोत्सव था। भगवान मथुराधीश के इस भक्तिमय माहौल में हर कोई नर नारी नाचते गाते हुए सरोबार रहा। मंदिर परिसर में भजन गायक कलाकारों की ओर से राधिका गोरी से, ब्रज की छोरी से मैया करा दे मेरा ब्याह, गोपाल चले आओ, नंदलाल चले आओ, कितना प्यारा है श्रृंगार, हीरा मोती से नजर उतार आदि भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मंदिर समिति अध्यक्ष गोपाल किशन मालानी, सचिव सुरेशचंद टेलर, ओमप्रकाश लढ़ा, गोपाल सिंह लाखनोत, राजू लढ़ा, राधेश्याम पोरवाल, विजय कुमार लढ़ा, सत्यनारायण डोडिया, दिनेश नारायण शर्मा, लक्ष्मीकांत लढ़ा, प्रहलाद मालानी, रामस्वरूप प्रजापति, पिन्टू मालानी, सर्जय शर्मा सहित बडी संख्या में लोगो ने भाग लिया।



**इंसान जो नहीं है उसी का रोना रोता है**-कार्यक्रम में जोधपुर के स्वामी अमृतराम महाराज ने कहा कि जानबूझकर किसी का दिल नहीं दुखाने, गुरु के बताए नाम का सदैव जाप करने व ईश्वर की कृपा का अनुभव करने पर ही भगवत प्राप्ति का अधिकारी बना जा सकता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति सदैव दूसरों की गलती पर कहता है कि भगवान देख रहा है, लेकिन स्वयं के अपराध करने पर यही बात वह भूल जाता है। उन्होंने कहा कि आज इंसान जो नहीं है उसी का रोना रोता है, लेकिन ईश्वर ने जो उसको बहुत कुछ दिया है, उस कृपा का वह कभी अनुभव नहीं करता। प्रारंभ में मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष गोपाल किशन मालानी व सचिव सुरेश चंद टेलर ने महाराज का स्वागत किया। संचालन करते हुए ओमप्रकाश लढ़ा ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी।

## कांग्रेस ने जिला कलक्टर से की मुलाकात

### प्रयागराज जा रहे भीलवाड़ा जिले के 8 नवयुवकों की दुद् में हुई दुर्घटना पर सरकारी सहायता राशि शीघ्र दिलाने की मांग की



**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** अक्षय त्रिपाठी अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी भीलवाड़ा ने कांग्रेस प्रतिनिधि मण्डल के साथ नव नियुक्त जिला कलक्टर जसमीत संधू से शिष्टाचार मुलाकात की।

इस अवसर पर त्रिपाठी ने जिला कलक्टर को सूत की माला पहनाई एवं महात्मा गाँधी लिखित सत्य के प्रयोग पुस्तक भेंट की। शिष्टाचार मुलाकात के साथ त्रिपाठी ने 6 फरवरी को दूदू के पास सड़क दुर्घटना में भीलवाड़ा जिले के प्रयागराज कुम्भ जा रहे 8 नवयुवकों की मृत्यु के एक सप्ताह व्यतीत हो जाने पर भी सरकार द्वारा मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध नहीं कराने पर विरोध जताया । जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा इस अवसर पर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलक्टर को ज्ञापन देकर मृतकों के परिजनों को सहायता राशि शीघ्र दिलाने की मांग की गयी।

जिला कांग्रेस कमेटी की मांग पर जिला कलक्टर ने मृतकों के परिजनों को अतिशीघ्र सहायता राशि दिलाने का आश्वासन दिया। चन्द्र प्रकाश अमरवाल ने बताया कि इस अवसर पर रामलाल गाडरी , मुस्ताक अली मंसूरी , दुर्गेश पानेरी , धर्मेन्द्र कोठारी सहित कई कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, जुड़वाँ थीम पर मीटिंग आयोजित की गई

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन महिला शाखा, जिला अजमेर द्वारा जुड़वाँ थीम पर मीटिंग आयोजित की गई।सचिव अंशु बंसल ने बताया कि मीटिंग का उद्देश्य समाज को जोड़कर रखना है। अध्यक्ष रेणु मित्तल ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत संरक्षक उषा बंसल, ममता गर्ग, अंजू गोयल, कमलेश मंगल व कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा महाराजा अग्रसेन जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। पूनम खेतावत, कपिला बंसल एवं सुषमा अग्रवाल के सहयोग से हाउजी व मनोरंजक ग्रुप गेम खिलाये गये रुनक झुनक ग्रुप विजयी रहा इसमें 20 सदस्यों ने जुड़वा थीम की प्रतियोगिता में भाग लिया इसमें दो जोड़ों को प्रथम व द्वितीय और सभी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कोषाध्यक्ष उषा बिंदल ने सभी का आभार व्यक्त किया। अंत मे महिलाओं ने भोजन का लुत्फ़ उठाया।

## किशनगंज कस्बे के वार्ड नंबर 9 कोली मोहल्ले में रास्ते में कीचड़

**किशनगंज (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे की ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर 9 में स्टेट बैंक के पास कोहली मोहल्ले की एक बस्ती में लंबे समय से कीचड़ और पानी बीच रास्ते में भरा हुआ है। काफी समय से पानी भरा रहने के कारण मोहल्ले के लोगों को अपने घर आने जाने में काफी परेशानी से गुजरना पड़ रहा है। वार्ड नंबर 9 के निवासी अरविंद शाक्यवार ने बताया कि इस रास्ते पर लंबे समय से कीचड़ भरा हुआ है इसके बारे में ग्राम पंचायत को अवगत कराने के बाद भी कीचड़ की सफाई नहीं की जा रही। रास्ते में कीचड़ भरे होने के कारण गंदगी और मच्छरों की पैदावार बढ़ती जा रही है । वार्ड पांच सूर्य प्रकाश ने बताया कि विगत वर्षों में इस गली में इंटरलॉकिंग रोड प्रस्तावित हुआ था ग्राम पंचायत द्वारा वह रोड भी नहीं बनाया गया। प्रस्तावित रोड को किसी अन्य जगहों पर बना दिया गया। ग्राम पंचायत द्वारा एससी बस्ती के लोगों की उपेक्षा की जा रही है बीच रास्ते में कीचड़ व पानी भरा रहने के कारण बस्ती के नरकीय जिंदगी जीने को मजबूर हो रहे हैं।



## डी आर कुमावत ने किया भौगोलिक अध्ययन

**गोविंदगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** डी आर कुमावत ने (कृषि आधुनिकीकरण के नवीन आयामो का भौगोलिक अध्ययन अजमेर जिले के संदर्भ में) विषय पर डॉ तरुण कुमार यादव डॉक्टर के निर्देशन में शोध किया डी आर कुमावत वर्तमान में महिला में बाल विकास अधिकारी (आर ए एस ) नागौर के पद पर कार्य कर रहे हैं एवं ग्राम गोविंदगढ़ के निवासी हैं। डॉ कुमावत ने बताया कि कृषि के क्षेत्र में नवीन तकनीकों का उपयोग करते हुए किसान पर्यावरण मित्र ,संधारणीय कृषि करते हुए अपनी आय को बढ़ा सकता है।



# सर्वधर्म समिति के संगठनो ने किया शोक प्रकट राजस्थान उच्च न्यायालय के एडवोकेट का श्रद्धान्जली

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** अजमेर व्यापारिक महासंघ,पूज्य सिन्धी पंचायत अजमेर,अजयमेरु सेवा समिति, जन सेवा समिति की सर्वधर्म समिति के पदाधिकारियो राजवीर साहिब दरबार,बाबा हरदयाल कुटिया,व्यापारिक ऐसोसिएशन गंज,आल इण्डिया कौमी एकता कमेटी,अखिल भारतीय जन कल्याण ट्रस्ट,बौद्ध मठ्ठ बुद्ध विहार गौतम नगर,सिन्धु ज्योति सेवा समिति सहित अनेक अन्य संगठनो के पदाधिकारियो ने वरिष्ठ अधिवक्ता शिवन नारायणदास रीझवानी के निधन पर शोक व्यक्त किया है।महन्त टहलगिरी गोस्वामी और रमेश लालवानी ने अपने विचार में बताया है कि जैसा कि हम सब प्रबुद्धजन जानते ही है कि इस नश्वर संसार में जो जीव आया है उसको परलोकगमन तो करना ही पडता है।मानव को तो यह भी पता नही चलता कि काल के दूत किस ओर से आये और जीव को निकालकर किस ओर लेकर चले गये।इंसान हाथ मलता ही रह जाता है।एडवोकेट व वरिष्ठ पत्रकार राजेश रानू ने बताया कि रीझवानी साहब रानू को पुत्र के समान मानते थे और उनके वकालत के गुरु रीझवानी साहिब ने ही वकालत का कार्य सिखाया।एडवोकेट राजेश रानू एडवोकेट विजय लक्ष्मी को गुरु माता मानते है।

उन्होने एस एन रीझवानी के निधन पर बहुत ही पीढा व्यक्त करते हुए परमात्मा से प्रार्थना करते हुए उनको मोक्ष गति की प्रार्थना की है। अजमेर व्यापारिक महासंघ के समस्त सर्वधर्म पदाधिकारी बौद्ध मठ्ठ के गुणवन्त राहुल ,राजेन्द्र कुमार मूरजानी, रणवीर सैनी,सरदार बलबीर सिंह,सरदार रणजीत सिंह सलूजा, काली चरणदास खण्डेलवाल ,किशन पारीक, संजीव खण्डेलवाल, प्रदीप अग्रवाल, विजय गोयल, चन्द्रप्रकाश सोनी, चेतन सैनी, बद्रुद्दीन कुरेशी, शराफत हुसैन घोसी,सन्त प्रकाश उदासी,सन्त प्रकाश उदासी,किशोर टेकवानी, राजेश झूरानी, गोविन्द लालवानी ,मानमल गोयल, मंधाराम भिरयानी ,वरिष्ठ एडवोकेट एस एन.शिवन नारायण दास रीझवानी की दिवंगत आत्मा को अपने चरणो में स्थान प्रदान करके इस नश्वर संसार में आवागमन से मुक्ति और मोक्ष गति प्रदान करने की प्रार्थना की है।



## ग्राम विकास अधिकारियों ने रिश्तेदारों के खाते में किया 100 करोड़ का फर्जी भुगतान

**झालावाड़( हुक्मनामा समाचार )।** मीडिया में प्रकाशित ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग में 100 करोड़ से ज्यादा का घोटाला होने के समाचार पर शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने संज्ञान लेते हुए शासन सचिव पंचायती राज विभाग को पूरे मामले में त्वरित जांच कर आरोपियों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्यवाही करते हुए पूरी राशि को ब्याज सहित वसूल करने के निर्देश दिए है। समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के अनुसार ग्रामविकास अधिकारियों ने अपने रिश्तेदारों और खुद के खाते में 100 करोड़ रुपए का फर्जी तरीके से भुगतान कर राशि उठा ली। इस प्रकार के मामले में बाड़मेर में 16 करोड़,नागौर में 12 करोड़ का गबन हुआ। मंत्री दिलावर ने कहा कि किसी को नहीं बख्शा जाएगा। पाई पाई की ब्याज सहित वसूली की जाएगी। और दंडित किया जाएगा।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढ़ा द्वारा एफ बी 3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर 4, जयपुर से मुद्रित एवं पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर से प्रकाशित। फोन 2623396, संपादक – प्रदीप लोढ़ा, प्रबंध संपादक – वैभव लोढ़ा, जयपुर कार्यालय जी 1, एफ ब्लॉक, गणपति एनक्लेव, अजमेर रोड जयपुर। जोधपुर कार्यालय –902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, ई मेल hukmnama.ajmer@gmail.com

### जिला कलेक्टर ने किया सहकार से समृद्धि पोस्ट का विमोचन

# अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के तहत सहकारी योजनाओं से जुड़ने की अपील

**ब्यावर (हुक्मनामा समाचार)।** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत कार्यालय उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, ब्यावर द्वारा विभिन्न सहकारी समितियों के सशक्तिकरण और जागरूकता के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खडगावत ने पोस्टर का विमोचन किया तथा वीडियो के माध्यम से शहरवासियों से अधिक से अधिक सहकारी योजनाओं से जुडने् व लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया, जिला रसद अधिकारी अब्दुल सादिक, उपरजिस्ट्रार हीरालाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यालय उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, ब्यावर द्वारा किए जाने वाले कार्य-1. वैज्ञानिक जिला सहकारी विकास समिति एवं संयुक्त कार्यालय की बैठकों का आयोजन करवाना।

2. असक्रिय ग्राम सेवा सहकारी समितियों को प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों को पुनर्जीवित करने का प्रयास करना एवं अवसरानुसार ही कार्यवाही करना। 3. वंचित ग्राम पंचायतों में बहुद्देशीय प्राथमिक ग्राम सेवा सहकारी समितियों का गठन करवाया जाना। 4. नव पंजीकृत बहुद्देशीय प्राथमिक ग्राम सेवा सहकारी समितियों / प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों से संबंधित केंद्रीय सहकारी बैंक / जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ द्वारा व्यावसायिक विकास योजना तैयार करवाना। 5. बी.एन.के. सहकारी उपभोक्ता होलसेल भंडार एवं क्रय विक्रय सहकारी समितियों को नवीन राष्ट्रीय सहकारी समितियों की सदस्यता दिलवाना। 6. अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में विभिन्न सहकारी संस्थाओं में कार्यक्रमों का आयोजन करवाना। 7. विद्यालयों / महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को विभिन्न सहकारी संस्थाओं, बी.एन.के. सहकारी उपभोक्ता होलसेल भंडार, क्रय विक्रय सहकारी समितियों, सहकारी बैंकों की कार्यप्रणाली से अवगत



करवाना। 8. बी.एन.के. सहकारी उपभोक्ता होलसेल भंडार का कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण ब्यावर जिले में करवाकर विभिन्न सहकारी समितियों को क्रय-विक्रय हेतु सदस्यता दिलवाना।

## कैरियर मिलने से रोमांचित हुए स्कूली बच्चे, नागेलाव स्कूल में करियर मेले का आयोजन



**मांगलियावास (हुक्मनामा समाचार)।** नागेलाव के राजकीय सज्जन कंवर मेघराज कोठारी उच्च माध्यमिक विद्यालय मे कैरियर मेले का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व प्रधान रामाजी गुर्जर ने फीता काट कर शुभारंभ किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में देश में तेजी से बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए कैरियर मेले के अनुभव स्कूली बच्चों को भविष्यमें रोजगार पार्जन में एक बेहतर विकल्प साबित हो सकते हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपसरपंच तेजाराम पटेल, भामाशाह सुखपाल ,वार्ड पंच सांवर लाल जाट, कृषि पर्यवेक्षक हरजी रामजी, ग्राम विकास अधिकारी भरत प्रजापत, कनिष्ठ सहायक अशोक वैष्णव इत्यादि ने मेले का अवलोकन कर विद्यार्थिगण को मेले की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए प्रत्येक ने पांच पांच सौ रूपए की प्रोत्साहन राशि स्टॉल लगाने वाले विद्यार्थियो हेतु भेंट प्रदान की गई। मेले में स्कूली बच्चों द्वारा शिकंजी, पकौड़ी, सौंदर्य प्रसाधन, माला, किराणा व्यवसाय तथा कैरियर बनाने के अन्य व्यवसाय के बारे में अपने हुनर का प्रदर्शन किया। स्काउट टीचर शिवराज जाटोलिया, पदोन्नत प्रधानाचार्य जितेंद्र शर्मा शिविर प्रभारी शिक्षिका सुमित्रा मौर्य स्कूली बच्चों का मार्गदर्शन किया। पीईईओ खाकीराम भारती ने स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया।

## खुला कारागृह, महिला सुधार गृह एवं रेन बसेरों का किया निरीक्षण

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश महेन्द्र कुमार ढ़ाबी द्वारा केन्द्रीय कारागृह में स्थित खुली जेल एवं महिला सुधार गृह का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान विजिटर्स कमरे की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, बैरकों की सफाई, रसोई की सफाई व्यवस्था, पीने के साफ पानी की व्यवस्था, शौचालयों, स्नानघरों की सफाई एवं रखरखाव एवं सीवरेज सफाई की स्थिति का जायजा लिया गया। साथ ही कारागृहों मे निरूद्ध पुराने बंदी एवं असाध्य रोगों से पीड़ित बंदियों के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी भी जानकारी प्राप्त की। वर्तमान में खुली जेल में 7 बंदी एवं महिला जेल में 31 महिला बंदी मौजूद हैं। निरीक्षण के दौरान जेलर सद्दाम हुसैन एवं महिला जेलर हिना खान भी उपस्थित रहें। सचिव द्वारा आजाद पार्क के सामने, जेएलएन अस्पताल के पास एवं हृदय रोग विभाग के पास जेएलएन अस्पताल में बेसहारा व्यक्तियों के लिए संचालित रैन बसेरों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

मौसमानुकूल समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं, पर्याप्त मात्रा में गद्दे, चादर, तकिया, कम्बल, रजाई, पीने योग्य पानी, सफाई एवं स्वच्छता, पुरूषों एवं महिलाओं के लिए पृथक-पृथक व समुचित स्नान एवं शौच व्यवस्था, स्नान हेतु मौसमानुकूल पानी की व्यवस्था, नियमित विद्युत व्यवस्था, पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, प्राथमिक चिकित्सा किट, समुचित अग्निरक्षण प्रणाली, 2 वर्ष से छोटे बच्चों के लिए विशेष भोजन की उपलब्धता, विशेष योग्यजनों, विमंदितों, बच्चों व वरिष्ठ नागरिकों को आवश्यकतानुसार विशेष सुविधाओं की उपलब्धता, बीमार व्यक्तियों को समुचित चिकित्सा के सबंध में विस्तृत रूप से जायजा लिया।


## 50 पव्वै देसी मदिरा समेत शराब तस्कर गिरफ्तार

**मांगलियावास (हुक्मनामा समाचार)।** मांगलियावास पुलिस ने गस्त के दौरान गोला के रामपुरा गांव में एक शराब तस्कर को 50 पव्वै सादा देसी मदिरा समेत गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। थाना प्रभारी हरीश चौधरी के मुताबिक मांगलियावास थाने के एएसआई हुकम सिंह राठौड़ ने बुधवार को गस्त के दौरान मुखबिर खास केजारी गोला के रामपुरा गांव में एक शराब तस्कर के ग्राहक के इंतजार में खड़े होने की इतला दी। सूचना पुख्ता होने पर पुलिस हरकत में आ गई। मुखबिर के बताई जगह पर दबिश देने पर मुखबिर के बताये होलिये का आरोपी पुलिस को मौके पर देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने घेराव कर आरोपी को धर दबोचा। पुलिस ने उसके पास मौजूद कटटे की तलाशी लेने पर उसमें 50 पव्वै घूमर ब्रांड सादा देसी मदिरा के बरामद हुए। बरामद शराब के लाइसेंस तथा परमिट के बारे में पूछे जाने पर आरोपी ने नहीं होना बताया। जिस पर पुलिस ने बरामद शराब को जप्त कर आरोपी को आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बाद में थाने पर आरोपी को जमानत मुचलके पर पाबंद कर छोड़ गया।

### सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु केंद्रीय कारागृह ब्यावर हेतु भूमि आवंटन

## विकास को नई गति जिला प्रशासन एवं राजस्थान सरकार के महत्वपूर्ण भूमि आवंटन निर्णय

**ब्यावर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान सरकार और जिला प्रशासन द्वारा जनहित एवं विकास कार्यों को सशक्त करने हेतु महत्वपूर्ण भूमि आवंटन निर्णय लिए गए हैं। जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खडगावत ने बताया की न्यायिक एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इस निर्णय के तहत ग्राम कुशलपुरा, तहसील ब्यावर के खसरा नंबर 827/572, रकबा 28.3442 हेक्टेयर में से 6.4750 हेक्टेयर भूमि केंद्रीय कारागार, ब्यावर हेतु आवंटित की गई है। इसके साथ ही, चारागाह की क्षतिपूर्ति हेतु ग्राम गढ़ी थोरियान, तहसील ब्यावर के खसरा नंबर 2272/2266, रकबा 54.5678 हेक्टेयर में से 6.4750 हेक्टेयर भूमि चारागाह के रूप में अधिसूचित की गई है। यह निर्णय ग्रामीण समुदाय और पर्यावरण संतुलन को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, जिससे पशुपालकों को भी किसी प्रकार की असुविधा न हो। ये निर्णय न केवल क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करेंगे बल्कि निर्णय न्याय प्रणाली को सुदृढ़ करने और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होंगे। जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खडगावत ने बताया कि राजस्थान सरकार एवं जिला प्रशासन,



ब्यावर द्वारा लिए गए ये फैसले विकास को एक नई दिशा प्रदान करेंगे। प्रशासन की पारदर्शी कार्यशैली और राज्य सरकार की जनहितकारी नीतियों के कारण यह क्षेत्र शिक्षा, सुरक्षा, कृषि एवं औद्योगिक विकास में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

## रसद विभाग ने किए 17 घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** रसद विभाग द्वारा घरेलू एलपीजी सिलेण्डरों के अवैध उपयोग की सूचना पर अजमेर शहर एवं किशनगढ़ क्षेत्रा में घरेलू गैस सिलेण्डरों की धरपकड़ का अभियान चलाया गया। बुधवार को जांच दल द्वारा 17 घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त किए गए।



जिला रसद अधिकारी नीरज जैन ने बताया कि बुधवार को अजमेर शहर में परबतपुरा बाईपास विकास नगर स्थित सतनाम बैकर्स से 2, जैन मन्दिर के पास आदर्श नगर स्थित जय भोले टी स्टॉल से एक, गढ़ी मालियान जोन्सगंज स्थित बालाजी टी स्टॉल से एक, डीएवी स्कूल के सामने दिल्ली वाला ढ़ाबा से एक तथा माखुपूरा टेम्पो स्टेण्ड के पास फूड जोन से एक घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त किया गया। जांच दल द्वारा अजमेर शहर में जब्त 6 घरेलू गैस सिलेण्डर कार्मिक गुलाब गैस एजेन्सी अजमेर की सुपुर्दगी में रखवाए गए। उन्होंने बताया कि इस प्रकार जांच दल द्वारा किशनगढ़ क्षेत्रा में भी घरेलू गैस सिलेण्डर के दुरूपयोग कि सूचना पर कार्यवाही करते हुए कुल 11 घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त किए गए। इसमें महेश नगर किशनगढ़ स्थित स्वीट्स एण्ड नमकीन से एक, व्यापारी मोहल्ला मदनगंज स्थित बिस्मिल्ला होटल से 3, व्यापारी मोहल्ला मदनगंज स्थित नेशनल एग सेन्टर से 2, अग्रसेन बिहार स्थित दा रॉयल कैफे से एक एवं कृष्णापुरी स्थित अन्नापूर्णा मिष्ठान भण्डार से 4 घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त किए गए। जांच दल द्वारा जब्त 11 सिलेण्डर के.जी.एन. एचपी गैस सर्विस किशनगढ़ की सुपुर्दगी में रखवाए गए। इन फर्मो का यह कृत्य एलपीजी ऑर्डर-2000 का उल्लंघन है। साथ ही ये प्रकरण ईसी एक्ट 1955 की धारा 6 ए में जिला कलक्टर के न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएंगे। जांच दल में प्रवर्तन अधिकारी मीना कुमारी, प्रवर्तन निरीक्षक महेन्द्र कुमार यादव, राहुल वेदवाल एवं मुकेश बुगालिया रहे।

## नगरपालिका नसीराबाद द्वारा श्रमदान कार्यक्रम एवं स्वच्छता रैली का आयोजन




**नसीराबाद (हुक्मनामा समाचार)।** बुधवार को नगरपालिका क्षेत्र नसीराबाद में श्रमदान कार्यक्रम एवं स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया वार्ड संख्या 15 के विद्यालय हेतु आरक्षित भूमि पर श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया उक्त कार्यक्रम जीरो वेस्ट इवेन्ट के रूप में आयोजित किया गया। स्वच्छता रैली एवं श्रमदान कार्यक्रम में पी.एम जवाहर नवोदय विद्यालय एवं राजकीय कन्या महाविद्यालय नसीराबाद के छात्र-छात्राओं नें बढ़-चढ़ कर भाग लिया गया। सु महिमा कसाना, प्रशिक्षु अधिशासी अधिकारी (आई ए एस) एवं अधिशासी अधिकारी पिंटू लाल जाट ने बच्चों व आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए प्लास्टिक काम मे न लेने एवं गीला व सुखा कचरा अलग-अलग एकत्र करने की अपील की। इस दौरान नगरपालिका नसीराबाद स्टाफ रामकरण शर्मा, नवीन रियाड, महेन्द्र सिंह चौहान, ललिता वैष्णव, लीलाधर भाटी, आकाश घुस्सर, पूजा गुर्जर, अक्षय सोनी, प्रेमसुख रियाड,उपदेश कुमार शर्मा, मनीष कुमार मीणा, निकिता कोरानी आदि मौजूद रहे।


### 24 से 28 फरवरी तक किए जाएंगे साक्षात्कार आयोजित

## कृषि अनुसंधान अधिकारी एवं सहायक कृषि अनुसंधान अधिकारी (कृषि विभाग) भर्ती -2022

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा कृषि अनुसंधान अधिकारी (एग्रोनॉमी, एंटोमोलॉजी, प्लांट पैथोलॉजी एवं हॉर्टिकल्चर) तथा सहायक कृषि अनुसंधान अधिकारी (एग्रोनॉमी, एंटोमोलॉजी, प्लांट पैथोलॉजी, हॉर्टिकल्चर, बॉटनी एवं एग्रीकल्चर केमिस्ट्री) के पदों हेतु साक्षात्कार का आयोजन निर्धारित कार्यक्रमानुसार 24 फरवरी से 28 फरवरी 2025 तक किया जाएगा। आयोग सचिव ने बताया कि अभ्यर्थियों के साक्षात्कार-पत्र आयोग की वेबसाइट पर यथासमय अपलोड कर दिए जाएंगे। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, नवीनतम स्पष्ट फोटो युक्त मूल पहचान पत्र एवं समस्त मूल प्रमाण-पत्र मय फोटो प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें अन्यथा साक्षात्कार से वंचित कर दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि जिन अभ्यर्थियों ने विस्तृत आवेदन पत्र आयोग को प्रस्तुत नहीं किए हैं, वे अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन पत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर लें और उसे साक्षात्कार के समय दो प्रतियों में समस्त प्रमाण पत्रों की फोटो प्रतियों सहित आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें।

# विधान सभा अध्यक्ष ने एकादशी पर प्रयागराज में स्नान के बाद माघ पूर्णिमा पर पुष्कर में की पूजा अर्चना

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने उत्तरप्रदेश के प्रयागराज महाकुंभ में त्रिवेणी संगम घाट पर माघ एकादशी पर मां गंगा की पूजा अर्चना के बाद बुधवार को माघ पूर्णिमा पर अजमेर स्थित पुष्कर सरोवर में पूजा अर्चना कर ब्रह्मा जी के दर्शन किए। उन्होंने इस अवसर पर पावन और सनातन संस्कृति के अनुरूप देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि मानव जीवन में महाकुंभ में डुबकी लगाने का स्वर्णिम पावन अवसर 144 वर्ष बाद मिला है। स्थानीय मान्यता के अनुरूप सनातन संस्कृति में पवित्रा प्रयागराज के दर्शन के पश्चात पुष्कर सरोवर में पूजा अर्चना करने को तीर्थ यात्रा की पूर्णता मानी जाती है। विधान सभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि हमारे देश की प्राचीन संस्कृति और सनातन परम्परा समृद्ध है। ऐसी पुरातन एवं वैभवशाली सनातन संस्कृति और परम्परा दुनिया में कहीं और देखने को नहीं मिलती है। भारत में वर्षों से यह परंपरा चली आ रही है कि हर खास दिन पर लोग किसी न किसी पवित्रा स्थान पर स्नान करते ही हैं। यहां तक कि दुनिया का सबसे बड़ा मेला कुंभ भी स्नान पर ही आधारित है। जहां गंगा जी में स्नान करने दुनिया भर से करोड़ों भक्त पहुंच रहे हैं। राजस्थान में स्थित पुष्कर में कार्तिक एकादशी से लेकर पूर्णिमा तक स्नान करने का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा है कि माघी पूर्णिमा का दिन आध्यात्मिक ऊर्जा, पुण्य और मोक्ष प्राप्ति का विशेष अवसर है। इस शुभ दिवस पर तीर्थराज पुष्कर सरोवर का पूजन व जगत पिता ब्रह्मा जी के दर्शन कर प्रदेश में निरंतर प्रगति की कामना की है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने एकादशी पर प्रयागराज



पावन स्थल पर स्थापित मंदिरों के दर्शन कर वहां मौजूद संतो का आशीर्वाद लिया था। प्रयागराज के बाद देवनानी ने पुष्कर में भी पूजा अर्चना कर संतो से आशीर्वाद लिया।

# उपचुनाव के दिन रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** पंचायती राज संस्थाओं के रिक्त पदों पर उप चुनाव होने के कारण मतदान दिवस शुक्रवार 14 फरवरी को सम्बन्धित निर्वाचन क्षेत्रों में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। जिला कलक्टर लोक बन्धु ने बताया कि ग्राम पंचायत कादेड़ा तथा मोलकिया में सरपंच, स्यार में वार्ड संख्या 8 के पंच तथा उपसरपंच एवं सदापुर में वार्ड संख्या 7 के पंच पद के लिए उपचुनाव 14 फरवरी को होगा। पुर्नमतदान की स्थिति में उन मतदान क्षेत्रों में पुर्नमतदान की तिथि को भी सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

## 28 फरवरी को आयोजित किए जाएंगे सहायक आचार्य- लाइब्रेरी साइंस के साक्षात्कार

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य- लाइब्रेरी साइंस (कॉलेज शिक्षा विभाग), 2023 के पदों हेतु साक्षात्कार दिनांक 28 फरवरी 2025 को आयोजित किये जायेंगे। आयोग सचिव ने बताया कि साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो, नवीनतम स्पष्ट फोटोयुक्त मूल पहचान-पत्र एवं समस्त मूल प्रमाण-पत्र मय फोटो प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें अन्यथा साक्षात्कार से वंचित कर दिया जायेगा। अभ्यर्थियों के साक्षात्कार पत्र आयोग की वेबसाईट पर यथासमय अपलोड कर दिये जायेंगे।

## सम्पादकीय

### आरपीएससी पर सवाल



माननीय राजस्थान हाई कोर्ट ने एस आई भर्ती 2021 को लेकर जिस तरह राजस्थान लोक सेवा आयोग को कटघरे में खड़ा किया है वह सभी सरकारों के लिए सबक है की लोक सेवा आयोग के किसी को सदस्य बनाते हुए कई चीजों का ध्यान रखें क्योंकि इस भर्ती परीक्षा में दो सदस्यों का पेपर लीक में नाम आया है। अपने सदस्यों के सीधे-सीधे इस मामले में लिप्त होने पर भी लोक सेवा आयोग ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं कराया इसी बात पर न्यायाधीश समीर जैन ने मौखिक टिप्पणी की की क्या यह एक संवैधानिक संस्था है या गूंगे बहरों की संस्था इसका कोई धनी धोरी नहीं है क्या। पर्याप्त सबूत होने के बाद भी सरकार ने इस परीक्षा को निरस्त नहीं किया अदालत में खुद सरकारी अधिवक्ता ने माना कि परीक्षा में पेपर आउट को लेकर 3 से 4 सिफारिश इस परीक्षा को निरस्त करने को लेकर आई थी लेकिन सरकार ने इसलिए नहीं की क्योंकि सरकार भर्ती को लेकर चल रहे नए अनुसंधान में कुछ नए तथ्यों का इंतजार कर रही है। इस पूरे मामले में राज्य सरकार का नौ सखियांपन सामने आया तीन से चार सिफारिश आने के बाद भी क्यों नहीं परीक्षा निरस्त की गई सरकार का इसमें क्या इंटरेस्ट था एक मंत्री भी लगातार कह रहे थे की परीक्षा निरस्त हो लेकिन उनकी बात क्यों नहीं मानी गई नए चल रहे अनुसंधान से क्या नई चीज सामने आने वाली थी क्योंकि परीक्षा की गड़बड़ तो यह अनुसंधान भी मान चुका था कुछ नए लोग सामने आ सकते थे उसे परीक्षा को निरस्त करने का फैसला प्रभावित नहीं होता। कानून विशेषज्ञों का मानना है कि यदि परीक्षा निरस्त हो जाती है तो इस मामले के दोषी सभी के मामले प्राय समाप्त हो जाते, परंतु राज्य सरकार और पुलिस सभी को लटका के रखना चाहती है इसलिए वह मामला समाप्त नहीं होने दे रही है। इस समूह के मामले से पुलिस का मनोबल टूटा दिख रहा है राजस्थान लोक सेवा आयोग की मजाक बन चुकी है और इस परीक्षा को निरस्त करने की मांग को लेकर आंदोलन करने वाले किरोड़ी लाल मीणा को लोग सही मान रहे हैं।

**वैभव लोढ़ा...**

## क्रॉस फायर

**❑प्रधानमंत्री मोदी बोले इतिहास गवाह है की तकनीक नौकरियां नहीं लेती, ए आई से नई नौकरियां पैदा होगी।**

**◆फिर नौकरियां ढूंढते रह जाओगे।**

**❑वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन बोली जीएसटी की रेट में जल्दी होगी कटौती।**

**◆लॉलीपॉप पकड़ा दी चूसते रहो।**

**❑सुप्रीम कोर्ट ने कहा कानून तोड़ने वाले कानून कैसे बना सकते हैं।**

**◆इस देश में तो अभी यहीं हो रहा है।**

**❑सुप्रीम कोर्ट का चुनाव आयोग को निर्देश ई वी एम से डाटा डिलीट नहीं करें चुनाव आयोग।**

**◆सारे सबूत मशीन में रह जाएंगे।**

**❑रेलवे ने 2 करोड़ लोगों को लगवाए संगम में पवित्र डुबकी।**

**◆शहर शहर टैंकर पहुंचा देते तो 20 करोड़ नही लेते।**

**❑ममता बनर्जी बोली पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेंगे।**

**◆कहीं आप पार्टी जैसा हाल नहीं हो जाए।**

**❑किरोड़ी लाल मीणा ने दिया जवाब कहां मेरे पास फोन टैंपिंग का इनपुट था।**

**◆यानी फोन टैपिंग के आरोप बरकरार।**

**❑राजस्थान में 2022 से खरीदे इलेक्ट्रिक वाहनों पर एक मुक्त अनुदान मिलेगा।**

**◆किसी दूसरे के खाते में ना पहुंच जाए।**

**.............अंजू लोढ़ा**

## आज का राशिफल


### गुरूवार 13 फरवरी 2025




**मेष राशि:** आज आपको चल रहे काम में बाधाएं आ सकती हैं और इसकी वजह से आपको तनाव हो सकता है। आपके किसी करीबी का स्वास्थ्य आपको परेशान कर सकता है।




**वृषभ राशि:** आज आपको बहुत अच्छे परिणाम मिलेंगे। आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी और कुछ अवसरों पर आप खुद को आकर्षण का केंद्र बना पाएंगे।




**मिथुन राशि:** कार्य स्थल पर नवीन समीकरणों के चलते आप पूरे समय व्यस्त रहेंगे। कुछ रुकी हुई परियोजनाएं अब प्रगति कर सकती है। नौकरीपेशा जातकों को आज प्रमोशन की खुशखबरी मिल सकती है।




**कर्क राशि:** आज भाग्य आपके साथ है, जिस कारण आपको अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। आप जटिल समस्याओं का समाधान पाएंगे।




**सिंह राशि:** आज का दिन आपको कुछ मिश्रित परिणाम प्रदान करने वाला है। आज आपके साथ कुछ सकारात्मक घटनाक्रम होंगे, किन्तु उसका आपको पूरा लाभ नहीं मिल पाएगा।




**कन्या राशि:** आज आप में से कुछ लोगों को चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। अपने साहस और संगठित कार्य के बल पर आप आसानी से उन पर पर विजय प्राप्त कर सकतें हैं।




**तुला राशि:** आज आपको मिले-जुले परिणाम मिलेंगे। अतिरिक्त प्रयास करने पर ही आपको अवश्य सफलता मिलेगी। आप महसूस कर सकते हैं कि स्थितियां आपके नियंत्रण से बाहर हैं।




**वृश्चिक राशि:** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणामों वाला है। यदि उच्च अध्ययन या नौकरी के लिए परीक्षा या प्रतियोगिता में भाग ले रहें है तो सफलता आपके कदम चूमेगी।




**धनु राशि:** आज के दिन आप में से कुछ की इच्छाएं पूरी हो सकती हैं। व्यवस्थित रूप से कार्य करने पर चीजें आपको आगे बढ़ाएंगी।



**मकर राशि:** आज आप व्यस्त रहेंगे और व्यावासिक दृष्टि से विकास संभव है। लक्ष्य प्राप्ति की ओर आप अपना ध्यान केंद्रित रखेंगें। कार्यस्थान पर आपके काम से आपके वरिष्ठ खुश होंगे।



**कुम्भ राशि:** आर्थिक रूप से दिन बहुत अच्छे परिणाम देगा। यदि आप आय का एक अतिरिक्त स्रोत प्राप्त करने के लिए उत्सुक हैं, तो आपको सफलता अवश्य मिलेगी।



**मीन राशि:** आज आपको मिले-जुले परिणाम मिलेंगे, लेकिन अंतत- चीजें आपके पक्ष में और आपके लिए लाभदायक सिद्ध होंगी।



**राजेन्द्र गुप्ता**
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट**- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

# भारत एआई क्रांति में अग्रणी बन दुनिया का नेतृत्व करें



- ललित गर्ग



पेरिस में हुए दो दिवसीय एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) एक्शन समिट ने जहां दुनिया के लिए आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के महत्व को उजागर किया, वहीं यह भी साफ कर दिया कि इस मामले में होड़ के बावजूद सभी देशों का आपसी तालमेल बनाए रखते हुए सावधानी से आगे बढ़ना जरूरी है। एआई से बदलती दुनिया के चमत्कार वरदान से कम नहीं है, लेकिन इससे जुड़ी चुनौतियां एवं खतरे इसे अभिशाप में भी बदल सकते हैं। बहुत आवश्यक है कि इसके उपयोग के संदर्भ में कोई वैश्विक ढांचा एवं नियंत्रण का केन्द्र एवं नीति बने। क्योंकि एआई के दुरुपयोग के खतरे किसी से छिपे नहीं। अभी एआई का उपयोग अपने प्रारंभिक चरण में ही है, लेकिन उससे पैदा होने वाली कई चुनौतियों एवं खतरों ने सिर उठा लिया है। लेकिन इस नई तकनीक से जीवनशैली, शिक्षा, चिकित्सा, युद्ध, सेना, शासन-प्रशासन, चुनाव, व्यापार, विचार आदि में क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिल रहे हैं। भारत एआई को लेकर बहुत उत्साहित है और दुनिया में एआई का सबसे बड़ा केन्द्र बनने को भी तैयार है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के साथ इस शिखर बैठक की सह-अध्यक्षता की बल्कि अगली शिखर बैठक की मेजबानी करने की पेशकश भी करते हुए बता दिया कि भारत इस पहल को कितनी गंभीरता से लेता है। भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होते हुए तकनीकी विकास की दृष्टि से भी सफलता के नये झंडे गाड रहा है। एआई को लेकर भारत की सोच सकारात्मक एवं विकासमूलक है इसीलिये प्रधानमंत्री मोदी ने यह सही कहा कि इस तकनीक में दुनिया को बदलने की ताकत है, लेकिन अमेरिका की कुछ बड़ी तकनीकी कंपनियों ने सूचना संसार में अपना एकाधिकार स्थापित कर लिया है। उनके एकाधिकार और उनकी मनमानी से निपटना विश्व के तमाम देशों के लिए मुश्किल हो रहा है। यदि इसी तरह का एकाधिकार एआई कंपनियों ने भी स्थापित कर लिया तो फिर समस्या गंभीर हो जाएगी। सबसे अधिक समस्या विकासशील और निर्धन देशों को होगी, जो पहले से ही चुनिंदा तकनीकी कंपनियों के वर्चस्व तले दबी हुई है। मोदी ने एआई तकनीक के संतुलित एवं विवेकसम्मत उपयोग एवं विकास की आवश्यकता को भी व्यक्त किया। क्योंकि यह उन्नत तकनीक बनाने वाली कुछ कंपनियां उसे अपने हिसाब से संचालित करती हुई भी दिख रही हैं। इस तकनीक का मनमाना इस्तेमाल न होने पाए, इसके लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को प्रभावी कदम उठाने होंगे। यह एआई एक्शन समिट ऐसे समय हो रही है, जब चीनी कंपनी डीपसीक दुनिया को एक जबर्दस्त झटका दे चुकी है। भारत एआई की चुनौतियों एवं खतरों को लेकर सतर्क है। क्योंकि एआई द्वारा प्रस्तुत चुनौतियाँ बहुआयामी हैं और लगातार विकसित हो रही हैं। उदाहरण के लिए डीपफेक, जो डिजिटल मीडिया हैं-वीडियो, ऑडियो और चित्र-जिन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके संपादित और हेरफेर किया जाता है, हाइपर-रियलिस्टिक डिजिटल मिथ्याकरण को शामिल करते हैं। इसका संभावित रूप से प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचाने, सबूत गढ़ने और लोकतांत्रिक संस्थानों में विश्वास को कम करने के लिए उपयोग किया जा सकता है। जबकि डीपफेक का इस्तेमाल चुनावों जैसे कुछ मामलों में किया गया है, उनका उपयोग विभिन्न अन्य क्षेत्रों में भी तेजी से देखा जा रहा है। डीपफेक के अलावा, एआई से जुड़े अन्य जोखिम भी हैं। इनमें गोपनीयता, पूर्वाग्रह, पारदर्शिता, जवाबदेही और दुर्भावनापूर्ण उद्देश्यों के लिए एआई के संभावित दुरुपयोग से संबंधित मुद्दे शामिल हैं। भारत सरकार इन मुद्दों को सलाह और विनियमों के माध्यम से नियोजित एवं नियंत्रित करने की कोशिश कर रही है जो पारदर्शिता, सामग्री मॉडरेशन, सहमति तंत्र और डीपफेक पहचान पर जोर देते हैं ताकि जिम्मेदार एआई तैनाती सुनिश्चित हो और चुनावी अखंडता की रक्षा हो सके। यह एक सतत प्रयास है और जैसे-जैसे आगे बढ़ेंगे, इन चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक मजबूत तंत्र के विकास के साथ सक्षम होने की अपेक्षा रहेगी। एआई विकसित होता रहेगा, नये-नये करिश्माई एवं चमत्कारी आयाम उससे जुड़ते रहेंगे और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि यह ऐसे तरीके से हो जो सभी के लिए सुरक्षित, नैतिक और लाभकारी हो। आवश्यक बुनियादी ढांचे, हार्डवेयर और क्लाउड कंप्यूटिंग क्षमताओं के विकास में सहायता के लिए निवेश महत्वपूर्ण है। सरकार और निजी क्षेत्र के बीच सहयोग से आवश्यक पूंजी जुटाई जा सकती है।

यह संयुक्त प्रयास एआई नवाचार, आर्थिक विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा दे सकेगा और जिससे भारत एआई क्रांति में अग्रणी बन दुनिया का नेतृत्व कर सकेगा। इसी पहलू को रेखांकित करती है यह पेरिस की तीसरी एआई एक्शन समिट, जिसमें दुनिया भर के 90 देशों और तमाम बड़ी कंपनियों के प्रतिनिधियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस हमारे भविष्य का अनिवार्य हिस्सा है, लेकिन किसी भी वजह से इसकी ग्रोथ को बेकाबू होने दिया गया तो उसके परिणाम खतरनाक साबित हो सकते हैं। भारत की भूमिका को खास बनाता है इसका असाधारण टैलंट पूल, इसके वे इंजिनियर और वैज्ञानिक जो नाम मात्र की लागत पर बड़े-बड़े अंतरिक्ष अभियान को अंजाम देते रहे हैं। हालांकि अभी तक इस मामले में भारत की पहल बहुत अच्छी नहीं कही जा सकती। बेहतर होगा कि केंद्र सरकार एक स्वतंत्र मंत्रालय बनाकर इस तकनीक को लेकर अपनी प्राथमिकता तय करे। इनोवेशन में भारत को हर जोखिम को उठाने के लिये स्वयं को सक्षम करना होगा। एआई का समुचित लाभ उठाने के लिए बहुत कुछ करने की जरूरत है। एआई के जरिये वे अनेक काम किए जा सकते हैं, जो अब तक मनुष्य करते रहे हैं, लेकिन यह ध्यान रहे कि उसमें मानवीय संवेदनाएं नहीं होतीं और वह उपलब्ध डाटा के आधार पर ही किसी नतीजे पर पहुंचती है। अब यदि डाटा ही सटीक न हो तो नतीजे भी नुकसान पैदा करने वाले हो सकते हैं। इस पर हैरानी नहीं कि अति उन्नत एआई को मानव सभ्यता के लिए संकट के रूप में भी देखा जा रहा है। इस आशंका को निर्मूल साबित करने वाले उपाय करना समय की मांग हैं और उन पर ज्यादा फोकस करना होगा। इस तरह की तकनीक तभी लाभकारी सिद्ध होती है, जब उसका उपयोग समझदारी, नैतिकता एवं विवेकपूर्ण होता है। ज्यादा जरूरी है उसके दुरुपयोग की आशंकाओं पर प्रभावी ढंग से लगाम लगाने की स्थितियों एवं तंत्र को विकसित करने की। एआई के मामले में ऐसा इसलिए अनिवार्य रूप से करना होगा, क्योंकि यह मानव जीवन को कहीं गहराई से प्रभावित करने की क्षमता रखती है। एआई एक नई तकनीक है और बहुत से लोग उसके प्रयोग के तौर-तरीकों से अपरिचित हैं। इसीलिए यह आशंका उभरी है कि उसके कारण रोजगार का संकट पैदा हो सकता है। भारत में विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न नौकरियों पर एआई के प्रभाव को समझने के लिए एक व्यापक, डेटा-समर्थित अध्ययन आवश्यक है। आईएमएफ की एक रिपोर्ट ने अनुमान लगाया है कि एआई दुनिया भर में लगभग 40 प्रतिशत नौकरियों को प्रभावित करेगा, कुछ को प्रतिस्थापित करेगा और दूसरों को पूरक करेगा। यह भी ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि एआई अपने उपयोग के विकास के साथ नए प्रकार की नौकरियां भी पैदा करेगा। एआई पहले से ही विनिर्माण से लेकर बैंकिंग, स्वास्थ्य सेवा, कृषि और शिक्षा तक सभी क्षेत्रों में बदलाव ला रहा है। उदाहरण के लिए, शिक्षा क्षेत्र में, एआई व्यक्तिगत पाठ्यक्रम, परीक्षण, सीखने के तरीके और वितरण को सक्षम करके भारत के सीखने के परिदृश्य को बदल रहा है। निःसंदेह यह नई तकनीक अवसर बन रही है, तकनीकी विकास का सूरज बनकर नयी समाज संरचना को बल दे रही है। यह संभावनाभरा है कि पेरिस शिखर सम्मेलन में एआई के क्षेत्र में भारत और प्रमुख देशों के बीच सामंजस्य बढ़ने के संकेत मिले, लेकिन बात तब बनेगी, जब यह मंच एआई के नियमन एवं नियोजित विकास के लिए सहमति कायम करने की बुनियाद बने। एआई की तीव्र प्रगति और व्यापक अनुप्रयोग को देखते हुए, भारत के लिए अपना स्वयं का एआई सुरक्षा संस्थान स्थापित करना अपेक्षित है।

ऐसा संस्थान सुरक्षित और नैतिक एआई प्रथाओं को विकसित करने, अनुसंधान करने और एआई के उपयोग में सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर सकता है।

**इस लेख में विचार लेखक के है समाचार पत्र का इससे कोई सरोकार नहीं -सम्पादक**

# परीक्षा पर चर्चा विशेष : हमेशा जीवन बोलना चाहिए, मार्क्स नहीं



-प्रियंका सौरभ

परीक्षा पर चर्चा 2018 से एक वार्षिक कार्यक्रम रहा है। इस कार्यक्रम में, भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे देश के अभिभावकों, शिक्षकों और छात्रों से बातचीत करते हैं। वे प्रवेश और बोर्ड परीक्षाओं को सहज और आसान तरीके से कैसे हल किया जाए, इस पर सलाह देते हैं। इस कार्यक्रम के प्रतिभागियों को एक प्रतियोगिता के माध्यम से चुना जाता है। इस कार्यक्रम में भाग लेने का मौका मिलने के अलावा, प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रधानमंत्री से आमने-सामने बात करने का भी अवसर मिलता है। परीक्षा पर चर्चा का उद्घाटन संस्करण 16 फरवरी, 2018 को हुआ था। 29 जनवरी, 2024 को होने वाले 7वें संस्करण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, ÷पर्याप्त नींद लें और रील देखने में समय बर्बाद न करें।÷ 2025 में आयोजित होने वाले आठवें पीपीसी में इस साल परीक्षा से सम्बंधित तनाव को कम करने पर विशेष ज़ोर दिया गया था। परीक्षा पर चर्चा 2025 कार्यक्रम में सद्गुरु (आध्यात्मिक नेता) , दीपिका पादुकोण (अभिनेता) , विक्रांत मैसी (अभिनेता) , मैरी कॉम (ओलंपिक चैंपियन, बॉक्सर) और अवनी लेखरा (पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता) जैसे प्रसिद्ध व्यक्ति शामिल हुए। इन प्रतिष्ठित अतिथियों ने तनाव प्रबंधन, उद्देश्यों को पूरा करने और प्रेरणा बनाए रखने पर अपने अनुभव और व्यावहारिक विचार साझा किए। 10 फरवरी, 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पर चर्चा 2025 के आठवें संस्करण के दौरान छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ बातचीत की। यह वार्षिक आयोजन छात्रों को परीक्षा की चिंता, करियर प्लानिंग और व्यक्तिगत विकास जैसे मुद्दों पर बात करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। इस वर्ष के आयोजन के लिए 330 करोड़ से अधिक छात्रों, 2071 लाख शिक्षकों और 551 लाख अभिभावकों ने पंजीकरण कराया है, जो देश के युवाओं पर इस पहल के निरंतर प्रभाव को दर्शाता है। पीएम मोदी के अनुसार, कक्षा 10 और 12 में 40-50त्न छात्र असफल होते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि यह उनका अंतिम उद्देश्य है। शैक्षणिक और व्यक्तिगत सफलता और असफलता के बीच अंतर को पहचानना महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने क्रिकेट खिलाड़ियों का उदाहरण दिया, जो दिन के अंत में अपनी गलतियों पर विचार करते हैं और उनमें सुधार करते हैं; छात्रों को भी ऐसा ही करना चाहिए। उनके अनुसार, आपका जीवन वही है जो आपके अंक बताते हैं, न कि आप। पीएम ने छात्रों को दबाव को नज़रअंदाज़ करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि एक बल्लेबाज की तरह जो स्टेडियम के शोर और नारों को नजरअंदाज कर गेंद पर ध्यान केंद्रित करता है, छात्रों को भी तनाव के बजाय अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन बच्चों का क्या होता है जो 30 से 40 प्रतिशत की दर से स्कूल में फेल हो जाते हैं? देखिए, असफलता जीवन के अंत का संकेत नहीं है। आप जीवन में सफल होना चाहते हैं या किताबों के माध्यम से, यह आप पर निर्भर करता है। अपनी सभी असफलताओं को शिक्षण के अवसर में बदलना जीवन में सफलता प्राप्त करने की एक रणनीति है। अपनी गलतियों को अपने शिक्षण के क्षण बनाएँ। जीवन केवल परीक्षा नहीं है। इसे समग्र रूप से देखा जाना चाहिए। हमें कुछ खासियतें देने के अलावा, भगवान ने हमारी कुछ खामियाँ भी रखी हैं। खूबियों पर ध्यान दें। आपसे यह नहीं पूछा जाएगा कि आपको 10वीं और 12वीं कक्षा में कितने ग्रेड मिले। यह जीवन होना चाहिए, न कि अंक। रटने की शिक्षा के विपरीत, प्रधान मंत्री मोदी ने समग्र शिक्षा और रचनात्मक शिक्षा के महत्त्व पर ज़ोर दिया। छात्रों से सॉफ्ट स्किल सीखने और पाठ्येतर गतिविधियों में भाग लेने का आग्रह किया गया। प्रधानमंत्री ने छात्रों को सलाह दी कि परीक्षाओं को सीखने के अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए, न कि बोझ के रूप में। उन्होंने सलाह दी कि छात्रों को ग्रेड से ज़्यादा ज्ञान को प्राथमिकता देनी चाहिए। अच्छा व्यवहार, अनुशासन और अभ्यास-अधिकारों के लिए शोर मचाना नहीं-नेतृत्व की पहचान हैं। सफल शिक्षा के लिए स्वस्थ भोजन और पर्याप्त नींद के महत्त्व पर बल दिया। छात्रों से मानसिक स्वास्थ्य के लिए बाहर समय बिताने और शारीरिक गतिविधि के स्तर को बढ़ाने का आग्रह किया। पीएम मोदी ने छात्रों को सलाह दी कि वे परीक्षाओं से डरने के बजाय इसे एक व्यक्ति के रूप में विकसित होने के अवसर के रूप में देखें। उन्होंने दावा किया कि परिवार और सामाजिक वातावरण कभी-कभी छात्रों पर दबाव डाल सकते हैं, जो अवांछनीय है। परिवार के सदस्यों या रिश्तेदारों का यह दबाव कि बोर्ड परीक्षाएँ बहुत ज़रूरी हैं, छात्रों को अत्यधिक चिंतित और तनावग्रस्त बना देता है। आपका जीवन एक परीक्षा के साथ समाप्त नहीं होता है। यह सिर्फ़ एक मील का पत्थर है जिसे आपको हासिल करना है। अगर आप बाहरी दबाव को नज़रअंदाज़ करेंगे तो आप ज़्यादा आत्मविश्वास महसूस करेंगे। पीएम मोदी के अनुसार, माता-पिता को अपने बच्चों की बोर्ड परीक्षा की तैयारी में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए और उनकी ताकत और कमज़ोरियों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि माता-पिता अपने व्यस्त शेड्यूल के कारण अपने बच्चों की परीक्षा की तैयारी में भाग नहीं ले पाते हैं। परीक्षा देते समय, पीएम मोदी ने छात्रों को चुनौतीपूर्ण प्रश्नों को समझने से शुरुआत करने की सलाह दी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ÷आपको हर विषय पर समान ध्यान देना चाहिए।÷ यह सुझाव दिया गया है कि छात्र सरल विषयों या प्रश्नों से शुरुआत करें। हालाँकि, मेरी सलाह है कि चुनौतीपूर्ण प्रश्नों से शुरुआत करें क्योंकि इससे आपका दिमाग़ साफ़ रहेगा और आप उन्हें बेहतर तरीके से संभाल पाएँगे। बाद में जब आपका दिमाग़ थक जाएगा, तो सरल प्रश्नों का उत्तर देना आपके लिए आसान भी होगा।

**इस लेख में विचार लेखक के है समाचार पत्र का इससे कोई सरोकार नहीं -सम्पादक**

# दिल्ली के बाद बिहार में चुनावी घमासान की तैयारी



- बाल मुकुन्द ओझा

आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविन्द केजरीवाल को सत्ताच्युत करने के बाद अब बिहार में लालू यादव से प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी दो दो हाथ करेंगे। बिहार में चुनावी रणभेरी बजने वाली है। दिल्ली के बाद अब बिहार की बारी है जहां इसी साल विधानसभा के चुनाव होंगे। राजनीतिक पार्टियां अभी से ही तैयारी में जुट गई हैं। बिहार के दो प्रमुख चुनावी मोर्चे महागठबंधन और एनडीए ने सत्ता पर काबिज होने के लिए किलेबंदी शुरू कर दी है। नीतीश सरकार का कार्यकाल 23 नवंबर 2020 से शुरू हुआ था। वर्तमान सरकार का कार्यकाल इस साल यानी 2025 में 22 नवंबर तक है। जाहिर है कि इससे पहले चुनाव होंगे। इसके अलावा चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर की पार्टी, जन सुराज बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। बिहार की सियासत की धुरी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार है जो कभी एनडीए से छटक कर महागठबंधन में चले जाते हैं तो कभी घरवापसी कर लेते हैं। हाल फिलहाल वे एनडीए के साथ है और अब मरते दम तक एनडीए में रहने की घोषणा की है। एनडीए ने अपने नफा नुक्सान को देखते हुए स्पष्ट तौर पर कहना है कि वे नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ेंगे। ह्रष्ठ में मुख्य रूप से बीजेपी, जनता दल (यूनाइटेड), लोजपा (रामविलास), हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा शामिल है।

एक दो और छोटीपार्टियों ने भी एनडीए के साथ रहने की घोषणा कर दी है। बिहार में एनडीए का मुकाबला महागठबंधन से होगा जिसका नेतृत्व लालू और तेजस्वी की बाप बेटे की जोड़ी के हाथ में है। इस गठजोड़ में कांग्रेस सहित वामपंथी पार्टियां शामिल है। लालू ने अपने बेटे तेजस्वी को बिहार का मुख्यमंत्री बनाने की सार्वजनिक घोषणा कर रखी है। बिहार में येन केन प्रकारेण सत्ता हासिल करने के लिए लालू यादव की छटपटाहट बस देखते ही बनती है। राजद अध्यक्ष लालू यादव अब बूढ़े हो चुके है और चाहते है उनकी विरासत के साथ बिहार की राजगद्दी बेटे तेजस्वी को मिले। बिहार की सियासत वाकई बड़ी अजब गजब है। नीतीश सब के लिए अपरिहार्य हो गए है। बिहार में दो प्रमुख सियासी खेमे हैं। एक महागठबंधन तो दूसरा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन। दोनों ही खेमों में इस बात को लेकर हमेशा रस्साकशी भी चलती रहती है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उनके खेमे में आ जाएं और बिहार की कमान संभालें। बिहार में सियासी समीकरण कुछ ऐसा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जिस पाले में होते हैं उसी की सरकार बनती है। आश्चर्य की बात तो यह भी है की दोनों खेमों की प्रमुख पार्टियां भाजपा और राजद है मगर सीएम की कुर्सी हर बार नीतीश के पास रहती है जबकि उनकी पार्टी जेडी यू वहां सीटों के लिहाज़ से तीसरे नंबर की पार्टी है। सियासतदान यह भली भांति जानते है कि नीतीश जिधर होंगे पलड़ा उनका ही भारी होंगा, क्योंकि उनके पास कुर्मी कोयरी वोट लामबंध है। भाजपा अपना सीएम बंनाने का हर प्रयास कर रही है मगर नीतीश की सियासत से पार पाना उनके बस की बात नहीं है और अन्तोगत्वा भाजपा नीतीश के सामने सरेंडर हो गई और विधानसभा चुनाव उनके नेतृत्व में लड़ने को तैयार हो गई है। नीतीश ने भी लालू को टक्का सा जवाब दे देकर स्पष्ट कर दिया है वे अब कहीं नहीं जायेंगे और जहां है वहीं रहेंगे। इसी बीच एक नया घटना क्रम नीतीश के बेटे निशांत का घटित हुआ है। नीतीश का बेटा राजनीति से दूर है। इसीलिए उनपर कभी परिवारवाद का आरोप कभी नहीं लगा। इंजीनियर निशांत ने अपने दादा की जयंती के एक कार्यक्रम में अगले चुनाव में अपने पिता को जिताने की अपील कर लोगों को चौंका दिया। यह तो भविष्य ही बताएगा कि निशांत आगे जाकर क्या कदम उठाने वाले है। यह सर्व विदित है बिहार की राजनीति जातीय वोटों में बंटी हुई है। इस समय जातीय सियासत में एनडीए का पलड़ा भारी है। केवल यादव और मुस्लिम वोटों के भरोसे बिहार में जीत पाना राजद के लिए यह संभव नहीं है। यह बात लालू अच्छी तरह जानते है इसीलिए बार बार नीतीश को अपने पाले में लाने का हर संभव प्रयास कर रहे है। लालू दलितों के वोट भी हासिल करने के लिए साम दाम दंड भेद से जुटे है। इसी उद्देश्य की प्राप्ति के लिए वे पशुपति पारस से अपनी पींगे बढ़ा रहे है। बिहार में जातीय जनगणना की रिपोर्ट के मुताबिक सामान्य वर्ग के लोगों की आबादी 15 प्रतिशत है। पिछड़ा वर्ग की आबादी 27 प्रतिशत से ज्यादा है, जबकि अनुसूचित जाति की आबादी करीब 20 फीसदी है। प्रमुख जातियों में यादव 14.26 प्रतिशत, रविदास 5.25 प्रतिशत, दुसाध 5.31 प्रतिशत, कोइरी 4.21 प्रतिशत, ब्राह्मण 3.67 प्रतिशत, राजपूत 3.45 प्रतिशत, मुसहर 3.08 प्रतिशत, भूमिहार 2.89 प्रतिशत, कुरमी 2.87 प्रतिशत, तेली 2.81, बनिया 2.31 प्रतिशत और कानू 2.21 प्रतिशत है।

अन्य जातीय कमोवेश दो प्रतिशत से भी कम है। समग्र रूप से बिहार में 81.99 प्रतिशत यानी लगभग 82 प्रतिशत हिंदू हैं। इस्लाम धर्म के मानने वालों की संख्या 17.7 प्रतिशत है।

**इस लेख में विचार लेखक के है समाचार पत्र का इससे कोई सरोकार नहीं -सम्पादक**

*2 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से बनेगा नया भवन*

## संस्कृत शिक्षा मंत्री ने किया संस्कृत महाविद्यालय के नवीन भवन का भूमि पूजन

**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्रीमदन दिलावर ने बुधवार को चेचट में संचालित राजकीय शास्त्री संस्कृत महाविद्यालय के नवीन भवन निर्माण के लिए पूजन किया। 2 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से बनने वाले इस नवीन भवन की नींव रखने के अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मंत्रीदिलावर ने कहा कि संस्कृत समस्त भाषाओं की जननी है।

संस्कृत में अथाह ज्ञान छुपा है। अभी तक जितने भी शोध हुए है सभी में संस्कृत का योगदान है। आज भी पूरी दुनिया नए नए आविष्कार करने के लिए संस्कृत में रचित हमारे प्राचीन ग्रंथों का अध्ययन कर रही है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्रीनरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्रीभजन लाल शर्मा निरंतर प्रयास कर रहे है कि संस्कृत का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार हो और लोग संस्कृत को पढ़े। चेचट में आदर्श वेद विद्यालय खोलने का आग्रह करने पर मुख्यमंत्री ने हमारा आग्रह मानकर यह विद्यालय खोलने की स्वीकृति दे दी है। इसके लिए 15 बीघा जमीन का आवंटन भी हो गया है बहुत जल्दी भवन निर्माण का कार्य भी शुरू किया जाएगा।

## होली का डांडा रोपण का किया आयोजन



**मौलासर (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे में बुधवार को होली का डांडा रोपण का आयोजन किया गया। सरपंच, प्रशासक जोगेंद्र बलारा,ग्राम चौधरी हजारी राम बलारा , पंडित नटवर शास्त्री खंडेलवाल के सानिध्य में वैदिक मंत्रोचार के साथ में होली का डांडा रोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर जोधा राम सोहु, राजकुमार बलारा, नटवर बारूपाल, मोती राम बलारा, नानू राम, गोपाल, हेमाराम बारूपाल सहित कई ग्रामवासी मौजूद रहे।

## 42वें दिन कुमावत समाज ने संघर्ष समिति को दिया सहमति पत्र




**शाहपुरा (हुक्मनामा समाचार)।** शाहपुरा जिला उपखंड मुख्यालय पर शाहपुरा जिला को यथावत रखने को लेकर कुमावत समाज ने अपना समर्थन दिया जानकारी के अनुसार शाहपुर जिले को समाप्त करने के पश्चात विधायक एवं सरकार के विरोध में बुधवार को कुमावत समाज ने त्रिमूर्ति चौराहा शहीद स्मारक से विधायक एवं सरकार के विरोध में जमा कर नारे लगाए एवं काले झंडे लहराते हुए त्रिमूर्ति चौराहा सब्जी मंडी रामनिवास धाम बॉय एंड गर्ल्स स्कूल कोर्ट के सामने से होते हुए उपखंड कार्यालय पहुंचे एवं उपखंड अधिकारी भरत जयप्रकाश मीणा को शाहपुरा जिला यथावत रखने को लेकर ज्ञापन दिया संघर्ष समिति को अपना समर्थन पत्र देते हुए शाहपुरा को वापस जिला बनाने के आंदोलन में भागीदार बने संघर्ष समिति के वकीलों ने बताया कि हाई कोर्ट

### देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष रहे भीलवाड़ा जिले के दौरे पर

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश भडाणा बुधवार को भीलवाड़ा जिले के दौरे पर रहे। श्री भडाणा ने बुधवार को आसींद क्षेत्र के इंद्रा का खेड़ा ग्राम में देवनारायण सेवा समिति द्वारा आयोजित विश्रांति ग्रह व बरामदे के लोकार्पण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की । देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा व राज्य सरकार प्रत्येक वर्ग के विकास के लिए सदैव तत्पर है।

*मुख्यमंत्री आयुष्मान बाल सम्बल योजना-2024*

# दुर्लभ बीमारियों से ग्रसित बच्चों को 50 लाख रुपए तक का उपचार मिलेगा मुफ्त

**5 हजार रुपए की राशि भी प्रतिमाह दी जाएगी**

**जिला कलेक्टर ने योजना का संपूर्ण जिले में प्रचार प्रसार अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित करने के दिये निर्देश**

**भीलवाडा (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता विभाग के द्वारा दुर्लभ बीमारियों से ग्रसित प्रदेश के बच्चों का अब मुख्यमंत्री आयुष्मान बाल सम्बल योजना 2024 के अंतर्गत 50 लाख रुपए तक का उपचार नि:शुल्क उपलब्ध करवाया जायेगा। इसके अंतर्गत बीमारों को उपचार, देखभाल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के लिए आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाएगी।

जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के अधिकारियों को मुख्यमंत्री आयुष्मान बाल संबल योजना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार कर आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए साथ ही योजना के अंतर्गत पात्र लोगों को अधिकाधिक संख्या में लाभान्वित करने के निर्देश दिए। सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के अधिकारी नूतन कुमार ने बताया कि जिन बच्चों की उम्र 18 वर्ष से कम है और वे केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से दुर्लभ बीमारियों के लिए राष्ट्रीय नीति 2021 के अंतर्गत सूचीबद्ध हैं उनके पालनकर्ता को दुर्लभ बीमारियों से ग्रसित बच्चों के उपचार, पालन पोषण एवं अन्य सुविधाओं के लिए 50 लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।इसके अंतर्गत उनको 5 हजार रुपए भी प्रतिमाह दिया जाएगा। इनको राशि विभाग के अंतर्गत निधि (जिसमें राज्य सरकार की ओर से अनुदान, क्राउड फण्डिंग, दान दाताओं एवं सीएसआर से प्राप्त राशि) से प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया दुर्लभ बीमारी का प्रमाण पत्र एम्स जोधपुर एवं जेके लोन अस्पताल के सक्षम अधिकारी का ही मान्य होगा।

### संत शिरोमणि रविदास की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

**पादूकलां (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्र में बुधवार को संत शिरोमणि रविदास जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। कस्बे के रेदास मोहल्ला में गंगा माता मंदिर परिसर में संत शिरोमणि रविदासजी महाराज की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ के साथ मनाई गई। संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की प्रतिमा पर पुष्प माला दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की और मंदिरों में सुबह पूजा-अर्चना हुई। और श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समाजसेवी भींयाराम लोमरोड ने कहा कि रविदास ने जिस प्रकार से अपना जीवन समाज से जात-पात और छुआछूत जैसी कुप्रथाओं को समाप्त करने के लिए समर्पित कर दिया, वो आज भी हम सबके लिए प्रेरणादायी है। सुजाराम रेगर व खेमचंद रेदास ने संत रविदास के मूल सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए उन्हें संपूर्ण मानव समाज के लिए पथ प्रदर्शक बताया। संत रविदास भारत ने अपने आध्यात्मिक वचनों से सारे संसार को आत्मज्ञान, एकता तथा समाज में फैली कुरीतियों से संघर्ष करने की शक्ति प्रदान की।कार्यक्रम में संत रविदास जी के विचारों और दोहों की प्रस्तुति की गई।

### जेसीबी की सहायता से 52 अवैध कोयला भट्टियों को किया ध्वस्त

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलेक्टर श्री जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार अवैध कोयला भट्टियों के सम्बन्ध में ग्राम पंचायत दांथल के समस्त राजस्व ग्रामो का राजस्व विभाग, पुलिस विभाग एवं पंचायती राज विभाग द्वारा मौका निरीक्षण किया गया । अवैध कोयला भट्टियों को हटाने बाबत पूर्व में भी जिला कलक्टर के निर्देशानुसार गत वर्ष माह नवम्बर व दिसम्बर 2024 में भी कोयला भट्टियों को हटाने का अभियान चलाया जाकर कोयला भट्टियाँ हटाई गई थी।उपखंड अधिकारी भीलवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीणों द्वारा प्राप्त शिकायत के अनुसार कुछ व्यक्तियों द्वारा पुनः अवैध कोयला भट्टियों का संचालन किया जा रहा था।

*किसानों को बड़ी राहत*

## समर्थन मूल्य पर मूंगफली की खरीद अवधि बढ़ाई अब 28 फरवरी तक हो सकेगी खरीद

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)गौतम कुमार दक ने बताया कि प्रदेश में मूंगफली खरीद की अवधि को 28 फरवरी तक बढ़ाया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने किसानों को राहत देने के लिए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार को पत्र लिखकर खरीद अवधि बढ़ाने का आग्रह किया था। दक ने बताया कि भारत सरकार से प्राप्त स्वीकृति के अनुसार पूर्व में पंजीकरण करवा चुके किसान उक्त बढ़ी हुई अवधि में अपनी जिन्स का विक्रय कर सकेंगे। इसके अंतर्गत नये पंजीकरण नहीं होंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्त पात्र किसानों से नियमानुसार तुलाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे मूंगफली विक्रय के इच्छुक किसान तुलाई से वंचित नहीं रहे। साथ ही, किसानों को तुलाई केन्द्रों पर कोई परेशानी नहीं हो, इसके लिए भी सभी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। सहकारिता मंत्री ने बताया कि पूर्व में मूंगफली खरीद की अवधि 15 फरवरी तक निर्धारित थी। किसानों को अधिकाधिक लाभ पहुंचाने के लिए भारत सरकार से खरीद अवधि बढ़ाने का आग्रह किया गया था।

दक ने बताया कि मूंगफली विक्रय के लिए 1 लाख 33 हजार 296 किसानों ने अपना पंजीकरण करवाया है, जिनमें से अब तक 85 हजार 506 किसानों से खरीद की गई है। उन्होंने बताया कि अब तक किसानों से 2058 करोड़ रुपये कीमत की 3.03 लाख मीट्रिक टन से अधिक मूंगफली की खरीद की जा चुकी है।

## कॉलेज की विभिन्न समस्याओं को लेकर विद्यार्थियों ने सोपा प्राचार्य को ज्ञापन



**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** जिला मुख्यालय के राजकीय बांगड़ महाविद्यालय के छात्रों के द्वारा महाविद्यालय की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन कॉलेज प्राचार्य डॉ मनीषा गोदारा को सोपा गया है। यह ज्ञापन पांच सूत्री मांगों को लेकर सोपा गया है।जिसमें मांग की गई है।कि थर्ड ईयर सेमेस्टर परीक्षा फॉर्म की तिथि बढ़ाई जाए।एवं जो विद्यार्थी प्रथम वर्ष में पूर्व छात्र थे।वह अब द्वितीय वर्ष में नियमित हो गए हैं।उनकी प्रवेश शुल्क भरने के लिए दो दिन का अतिरिक्त समय और दिया जाए।विद्यार्थियों के सेकंड ईयर सेमेस्टर में एक पेपर बेक के 1250 रुपए चार्ज ज्यादा है।इससे कम कराया जाए।सभी विषयों के अभी तक प्रोजेक्ट जारी नहीं किए हैं। वह जारी किए जाए।विद्यार्थियों को एक सिंग्नेचर के लिए दो-दो घंटे इंतजार करवाया जा रहा है।इसका निवारण करवाया जाए।इन सभी मांग को लेकर ज्ञापन सोपा गया है।ज्ञापन देने वालों में महेंद्र जाखड़ देवनारायणसिंह हुसैन अफरीदी प्रभातसिंह तनवीर कुमार आदि मौजूद रहे।

### दो महिनों से दबंग भुमाफिया द्वारा चारागाह भूमि कब्जा



**शाहपुरा (हुक्मनामा समाचार)।** शाहपुरा जिला उपखंड मुख्यालय के कादीसहना पंचायत में भू माफिया द्वारा दबंगता से चारागाह पर कब्जा कर रखा है जानकारी के अनुसार कदिसाना पंचायत के ग्राम वासियों के द्वारा बार-बार शिकायत करने के पश्चात एवं पटवारी कलेक्टर के जांच एवं आदेश के बावजूद भी दबंग भुमाफीया के द्वारा चारागाह भूमि पर अवैध कब्जा करके कॉलोनी बनाने का ग्राम वासियों द्वारा आरोप लगाए गए और इसके दस्तावेज शाहपुरा जिला कलेक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत को सौंप गए जिसके कार्यवाही पटवारी रिपोर्ट में सामने आई लेकिन आज तक चारागाह भूमि का अतिक्रमण हटाया नहीं गया ग्राम वासियों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया एवं अतिक्रमण हटाने का एवं दबंग पर मौका निरीक्षण करके हो रहे निर्माण को रोकने एवं कानून कारवाई करने का आग्रह किया गया

### पिछोला व फतहसागर में जल अपवर्तन सीसारमा नदी व नांदेश्वर टेंक के बहाव क्षेत्र से दूर रहने की अपील

**उदयपुर (हुक्मनामा समाचार)।**आगामी गर्मी के मौसम में उदयपुर शहर की पेयजल मांग की आपूर्ति के मद्देनजर 13 फरवरी (गुरूवार) को पिछोला व फतहसागर झील में जल अपवर्तन किया जाएगा।जल संसाधन खण्ड उदयपुर के अधिशासी अभियंता महेश चौधरी की ओर से जारी आदेश के अनुसार देवास प्रथम, देवास द्वितीय के अकोदड़ा एवं मादड़ी बांध से पिछोला झील और फतहसागर झील में 13 फरवरी को जल अपवर्तन का निर्णय लिया गया है।

*एक नजर*

## एसीबीईओ खदाव ने आरपी शर्मा के साथ किया, प्रेमनगर स्कूल का निरीक्षण



**खींवसर (हुक्मनामा समाचार)।** के अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजूराम खदाव ने राउमावि प्रेमनगर स्कूल का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए, एसीबीईओ खदाव ने बताया कि राउमावि प्रेमनगर में शैक्षणिक स्तर की जांच कर बोर्ड पाठ्यक्रम की प्रगति रिपोर्ट जांची तथा स्टॉफ व स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक लेकर स्कूल की समस्याओं पर चर्चा की, इस दौरान ग्रामवासियों ने स्कूल में शिक्षकों की कमी पूरी करने की मांग करने पर व्यवस्था हेतु शिक्षक लगाने हेतु आश्वासन दिया, ग्रामवासियों ने भामाशाह व जनसहयोग के माध्यम से संसाधन उपलब्ध करने हेतु बोला, इस अवसर पर ब्लॉक के आरपी कन्हैया लाल शर्मा, समस्त स्टॉफ व एसडीएमसी सदस्य उपस्थित रहे

## महिलाओ ने अपने इतिहास में पहली बार राष्ट्रीय खेलों में हैंडबॉल में पदक जीता



**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान महिला हैंडबॉल टीम द्वारा 38 वे नेशनल गेम्स में आज निर्णायक मुकाबले में दिल्ली को हराकर कांस्य पदक जीता है।इस जीत का श्रेय राजस्थान स्टेट ओलंपिक के अध्यक्ष तेजस्वी गहलोत सचिव सुरेंद्र गुर्जर कोषाध्यक्ष अरुण कुमार सारस्वत नेमी गुर्जर मुख्य कोच उमा सहायक कोच उपेंद्रसिंह टीम कोच राहुल चौधरी व पूरी राजस्थान महिला टीम को जाता है।जिन्होंने राजस्थान हैंडबॉल टीम के लिए एक अच्छी कमिटी बनायी।जिससे सुदृढ़ चयनकर्ता पैनल तैयार हुआ।एवं राजस्थान महिला ने अपने इतिहास में पहली बार राष्ट्रीय खेलों में हैंडबॉल में पदक जीता एव अपना नाम रोशन किया है।

## माली सैनी समाज द्वारागणेश महाराज को सामुहिक विवाह सम्मेलन का प्रथम निमंत्रण दिया



**सीसवाली (हुक्मनामा समाचार)।** सीसवाली कस्बे के माली सैनी समाज द्वारा अबुझा सावा निकलवाकर सामूहिक विवाह सम्मेलन लेकर एक बैठक आयोजन किया गया जिसमे सर्वसम्मती से घनश्याम सुमन को अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया साथ ही कार्यकारिणी का गठन कर किया गया।

सामूहिक विवाह सम्मेलन मिति वैशाख सुदी तेरस(शनिवार) दिनांक 10 मई 2025 को आयोजित होगा।जिसमे प्रतिपक्ष राशि 30500 निर्धारित है।तथा वधू को राजस्थान सरकार से 21000 की आर्थिक सहायता राशि समिति द्वारा दिलाई जाएगी।सभी समाज बन्धु व माता बहिनों ने माली समाज मंदिर से बैंड बाजे के साथ पैदल चलकर प्लाट केगणेश जी महाराज की पूजा अर्चना कर लड्डू का भोग प्रसाद अर्पित कर पंचो द्वारा निमंत्रण दिया गया माला पहनाकर सभी कार्यकारणी सदस्यो का अभिनंदन किया गया !

### इंडियावुड 2025: लकड़ी और फर्नीचर निर्माण में नवाचार को प्रेरित करने के 25 साल

**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** उद्योग में उन्नति और विकास के एक चौथाई शतक को चिह्नित करते हुए, इंडियावुड 2025, वुडवर्किंग और फर्नीचर निर्माण के लिए प्रमुख व्यापार मेला, 6-9 मार्च 2025 को इंडिया एक्सपो मार्ट और सेंटर, ग्रेटर नोएडा, दिल्ली एनसीआर में आयोजित किया जाएगा।

नूर्नबर्गमेस के वैश्विक लकड़ी कार्य पोर्टफोलियो का हिस्सा, यह मील का पत्थर संस्करण भारत की निर्माण शक्ति के रूप में उभरने और फर्नीचर और लकड़ी कार्य उद्योग में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी के रूप में इसकी स्थिति को दर्शाता है। अपनी स्थापना से, इंडियावुड ने उद्योग के विकास को आकार दिया है, एक ही मंच पर निर्माता, आपूर्तिकर्ता, प्रौद्योगिकी नेता और पेशेवरों को एकत्र किया है। पिछले ढाई दशकों में, इसने प्रौद्योगिकी में प्रगति, सतत प्रथाओं, और वैश्विक सहयोगों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज, जब भारत वैश्विक फर्नीचर उत्पादकों में शीर्ष पांच देशों में स्थान रखता है और अपने फर्नीचर निर्यात को हर साल 20त्न बढ़ाने के लिए तैयार है, इंडियावुड उद्योग की प्रगति के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में जारी है। 2025 में 25.75 बिलियन अमेरिकी डॉलर का मूल्यांकन किया गया भारतीय फर्नीचर बाजार 2030 तक 37.18 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

# राजस्थान एकाउन्टेन्ट एसोशियसन जिला शाखा झालावाड का स्नेह मिलन समारोह में नवनियुक्त कनिष्ठ लेखाकारों का किया सम्मान

**झालावाड़ (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान एकाउन्टेन्ट एसोशियसन जिला शाखा झालावाड़ ने नव नियुक्त कनिष्ठ लेखाकारों की दो सप्ताह का प्रशिक्षण कोषालय स्तर पर पूर्ण होने के उपरान्त निजी होटल में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ लेखा अधिकारियों का स्नेह मिलन एवं स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दो सप्ताह के प्रशिक्षण के दौरान कार्यवाहक कोषाधिकारी ओमप्रकाश शर्मा, एवं संजय व्यास, सुनील कुमार भारती, धनराज नागर, सुरेश कुमार प्रजापति, धीरज राठौर, विश्वेन्द्र सिंह, अनवर परवेज, मिलन नागर एवं अन्य सहायक लेखाधिकारियों ने नवनियुक्त कनिष्ठ लेखाकारों को निष्पक्ष, त्वरित एवं नियमानुसार कार्य करने हेतु प्रेरित किया। प्रशिक्षण के अन्तिम दिवस निजी होटल में आयोजित स्वागत समारोह में सभी सहायक लेखाधिकारी प्रथम/द्वितीय का आपस ?मे परिचय एवं सभोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजस्थान एकाउन्टेन्ट एसोशियसन की कार्यकारणी के जिला अध्यक्ष लोकेश कुमार भील, जिला महामंत्री धनराज नागर एवं प्रान्तीय प्रतिनिधि राजेन्द्र कुमार नन्दवंशी,



उपकोष अधिकारी रामप्रसाद मीणा, आशीष गौतम , सहायक लेखा अधिकारी प्रथम जुगल किशोर पाटीदार, द्वारका लाल मेहर सालिगराम दांगी, मूलचंद मीणा फूलचंद नागर, राजीव उपाध्याय,विश्वेन्द्र सिंह, सहायक लेखा अधिकारी द्वितीय सुनील कुमार भारती , सतीश शर्मा एवं अन्य सहायक लेखाधिकारियों ने जिले में 42 नवनियुक्त कनिष्ठ लेखाकार को गुलदस्ता प्रदान कर अभिनन्दन करते हुए सम्मानित किया। कार्यक्रम में , ओमप्रकाश शर्मा, अमित चर्तुवेदी, संदीप वर्मा, अपूर्व शर्मा, नरेन्द्र लववंशी, यशपाल चौहान, अजय कुमार मीणा, सरिता पहाड़िया एवं नवनियुक्त कनिष्ठ लेखाकार उपस्थित रहे।

### मंडी के बाहर दिया धरना जिला कलेक्टर को सोपा ज्ञापन

# टैक्स लगाने पर थोक एवं खुदरा व्यापारियों ने की हड़ताल,प्रदर्शन कर जताया विरोध

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)**।डीडवाना फल एवं सब्जी थोक विक्रेताओ द्वारा खुदरा व्यापारियों पर सभी प्रकार के फल व सब्जी पर 7 प्रतिशत टेक्स लगाये जाने व 3 रूपये प्रति नग तुलाई लगाये जाने से नाराज फल सब्जी थोक व खुदरा व्यापारियों ने आज विरोध प्रदर्शन किया। साथी ही सब्जी मंडी के बाहर धरने पर भी बैठ गए। एवं अपनी मांगों को लेकर कृषि उपज मंडी सचिव एवं जिला कलेक्टर को एक ज्ञापन सोपा है।साथ ही उन्होंने अतिरिक्त जिला कलेक्टर से मिलकर अपनी अनेक समस्याए बताई। विक्रेताओं ने बताया कि विरोध करने के अनेक कारण



है।खुदरा व थोक व्यापारियों से किसान के माल के ऊपर 7 प्रतिशत टेक्स ग्राहकों से लेंगे एवं 2 प्रतिशत किसानों से लेगा जो अनुचित है। थोक व्यापारी डीडवाना के बाहर से स्वयं का फल व सब्जी खरीद के मांगते है।वह फल व सब्जी टेक्स पेड होती है।थोक व्यापारी इस वस्तु पर वहां का टेक्स माल भाड़ा एवं अन्य खर्च व स्वयं का मुनाफा जोड़ के खुद्रा ग्राहक को बेचता है।इस फल व सब्जी पर वह 7 प्रतिशत टेक्स लगाकर बेचना चाहते है। जो अनुचित है। यह टेक्स फल व सब्जी पर लगने के बाद महंगाई और बढ़ेगी और खुद्रा व्यापारियों पर इसका भार बढ़ेगा। किसान की सब्जी नियम अनुसार लेने के लिए तैयार है।लेकिन बाहर से आने वाली टेक्स पेड सब्जी व फल पर दुबारा टेक्स देना अनुचित है।जिसका खुदरा व्यापारी विरोध करते है। उन्होंने इन मांगों को लेकर समस्या का उचित समाधान करवाने के लिए ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन देने वालो में अकील, रमजान, रामदेव, सुनिल, मौसिन, अनिल, राहुल, फिरोज, अयुब, समीर, निसार अहमद आदि शामिल रहे। विक्रेता रमजान ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि सब्जी मंडी वाले 7 प्रतिशत टेक्स लगाएंगे जिससे आम जनता को भी फल व सब्जियां महंगी मिलेगी। ना सिर्फ इससे अतिरिक्तभार जनता पर आएगा बल्कि आम जन फिर पक्का जीएसटी का बिल भी मांगेंगे, जिसमे हम सभी को नुकसान है। आज ठेला चालको ने जमकर विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी की। इस दौरान उन्होंने सब्जी मंडी के बाहर काफी देर तक धरना भी दिया। उन्होंने इस दौरान 卐तानाशाही नही चलेगी卐 जैसे नारे लगाए। आपको बता दे कि आज ठेला चालको ने हड़ताल कर दी है जिसके कारण आमजनों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वही इस मामले को लेकर व्यापारीयो का कहना है कि हमारा लाखो का माल खराब हो रहा है लेकिन फिर भी टैक्स के विरोध में है क्योकि इससे आने वाले समय मे महंगाई दिनों दिन बढ़ती जाएगी कही न कही इससे बिक्री पर भी अच्छा खासा असर देखने को मिल सकता है।

## यशस्वी भारत बाल पथ संचलन में दिया अनुशासन एवं एकता का संदेश

**छीपाबडौद (हुक्मनामा समाचार)**। राष्ट्रीय एकता व अखंडता के प्रतीक संत रविदास की जयंती के उपलक्ष्य में स्थानीय आदर्श विद्या मंदिर केलखेड़ी छीपाबड़ौद के भैया बहिनों ने बुधवार को नगर में विशाल बाल पथ संचलन निकाला । जिसका कस्बे के नागरिकों जनप्रतिनिधियों एवं अभिभावकों सहित पूर्व भैया बहिनों ने पथ संचलन मार्ग पर स्वागत द्वार लगाकर



रंगोलियां बनाई एवं पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया । 1000भैया बहनों ने कदम से कदम मिलाते हुए पंक्तिबद्ध चलकर लोगों में उत्साह एवं आनंद की अनुभूति कराई । वहीं वाहनों में देवी देवताओं एवं सजे धजे घोड़ों पर देशभक्ति से ओतप्रोत महापुरुषों की झांकियां आकर्षण का केंद्र रही । आदर्श विद्या मंदिर केलखेड़ी के भैया बहिनों ने संत रविदास जयंती के अवसर पर यशस्वी भारत 2025 बाल पथ संचलन निकाला । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अनिरुद्ध कृष्ण जी महाराज श्यामपुर वृन्दावन अध्यक्षता नरेंद्र नागर समाज सेवी विशिष्ट अतिथि नरेंद्र मित्तल ने भाग लिया । *संत रविदास एवं भारत माता बने भैया बहिनों ने जगाया संगठित समाज व देशभक्ति का उत्साह है* संत रविदास की सजीव झांकी के रूप में भैया ने समाज को संगठित रहने का समाज को संदेश दिया । जिसका नगर वासियों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा एवं देशभक्ति गीतों के साथ भव्य स्वागत किया । **विभिन्न झांकियां रही आकर्षण का केंद्र** बाल शक्ति पथ संचलन में सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, महाराणा प्रताप, शिवाजी, झांसी की रानी, चंद्रशेखर आजाद, संत रविदास, मीरा बाई, भारत माता, सरस्वती, सप्त ऋषि, गणेश, चाणक्य, शिव परिवार सहित राम दरबार की सजीव झांकियां आकर्षण, श्रद्धा एवं देशभक्ति का प्रमुख केंद्र रही ।

### भीलवाड़ा विधायक कोठारी का नवाचार

## 'विधायक आपके वार्ड' अभियान की शुरुआत

## हर वार्ड में बैठक कर विधायक सुनेंगे जन समस्या

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)**। शहर विधायक अशोक कोठारी निरंतर जनता से कार्यालय पर जनसुनवाई करते हुए नजर आ रहे है। तो कभी जनसंवाद तो कभी नए-नए नवाचार करके जनता की समस्या का समाधान कर रहे है। विधायक द्वारा एक नवाचार का शुभारंभ आज वार्ड नम्बर 59 में बैठक कर, विधायक आपके वार्ड का किया गया। मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि, विधानसभा क्षेत्र की जन समस्या का समाधान करने के लिए एक नया नवाचार किया है। इस अभियान का नाम विधायक आपके वार्ड* है। निरंतर हर वार्ड के लोगो के साथ बैठक कर समस्या सुनेंगे ओर अतिशीघ्र समस्या का समाधान करवाएंगे। विधायक आपके वार्ड अभियान के तहत प्रदेश व केंद्र सरकार की जनहित योजना की उपलब्धियां गिनाते हुए जनता की समस्याएं सुनी। कोठारी ने युवाओं से नवाचार को बढ़ावा देने तथा नए शोध करने का आग्रह किया। वार्ड संख्या 59 में बैठक कर आमजन की समस्या सुनी, विधायक कोठारी ने जनता के हर विषयों को पूरा सुना, समझा व विधायक स्तर के सभी कार्य यूआईटी व विधायक कोष के माध्यम से करवाने का भरोसा दिलाया, साथ ही नगर



निगम कार्य हेतु, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि दौलत माली को जिम्मेदारी दी, निगम के कार्य निगम द्वारा करवाकर जनता को शीघ्र राहत प्रदान करें। इस दौरान विधायक के साथ आनंद चपलोत, शम्भू वैष्णव, बाबूलाल टाक, गजेंद्र सिंह राठौड़, कमल कोठारी के साथ ही वार्ड के कैलाश गग्गड, देवीलाल माली, कन्हैयालाल तेली, राकेश कसारा, सुरेश शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि दौलत माली, बुद्धि प्रकाश, श्याम, गणेश, महावीर सुथार, गोविंद जांगिड़, संजय शर्मा, प्रभात, छगन माली, जयलाल गुर्जर, प्रवीण सिखवाल, प्रवीण, लक्ष्मीनारायण, विजय सिंह, अनिल धाकड़, गट्टाणी, जगदीश, प्रभात, शिव, ओमप्रकाश, मुरली, पुनीत, राकेश सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति व वार्डवासी उपस्थित थे।

## माघ पूर्णिमा पर किया होलिका का रोपण

**बून्दी (हुक्मनामा समाचार)**। हर वर्ष की भांति सनातन परंपरा का निर्वहन करते हुए वैदिक मन्त्रोच्चार के साथ श्री रेतवाली महादेव मन्दिर पर होलिका पूर्णिमा पर होलिका का रोपण किया गया। समाज सेवी कालू कटारा ने बताया कि होली रोपण के साथ ही फाल्गुन माह की शुरुआत होने से प्रतिदिन मन्दिर पर होली के भजनों पर गुलाल एवं फूलों की होली खेली जायेगी एवं 13 मार्च को होलिका दहन शुभ मुहूर्त में कर दिया जायेगा। श्री रेतवाली महादेव पर करीब 80वर्ष से होलिका दहन होता आ रहा है। इस अवसर पर पूर्व उप सभापति संतोष कटारा, ललित जैन मोनू राठौर संजय दाखेड़ा लटूर मेघवंशी गोपाल मंगल नारायण सिंह घासीराम चौधरी मोहन राठौर, जीतमल कुमावत, सत्यनारायण कुशवाहा, मनीष गौतम, सुरेश वैष्णव आदि मौजूद रहे।

## संत रविदास की जयंती पर निकाली शोभायात्रा

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)**। जिला मुख्यालय के नजदीकी ग्राम सानिया में रेगर समाज के द्वारा संत रविदास की जयंती के अवसर पर शोभायात्रा का आयोजन किया गया।यह शोभायात्रा गांव के मुख्य मार्गो से होती हुई।निकली जहां रंग गुलाल उड़ाते हुए डीजे की धुन पर भक्तगण नाचते गाते इस शोभा यात्रा में सम्मिलित हुए। साथ ही जगह-जगह भक्त जनों के द्वारा रविदास जी की जयंती पर निकल रही शोभायात्रा का स्वागत अभिनंदन किया। समाज के लोगों ने बताया कि संत रविदास जी का एक प्रमुख दोहा है।जिसमें उन्होंने कहा है कि मन चंगा होगा तो कटौती में गंगा होगी।इसी तरह उन्होंने आगे बताया है।अब कैसे छूटे राम नाम रट लागी।नाचते जाते सैकड़ो भक्तगण शोभायात्रा में सम्मिलित हुए।शोभा यात्रा में रेगर समाज तहसील अध्यक्ष डीडवाना सांवताराम हंसराज हजारीराम बाबू लाल वार्ड पंच गुलाबराम चुनाराम रामेश्वर लाल गंगाराम जीवराज गणेशाराम एवं समस्त रेगर समाज सानिया द्वारा रविदास जयंती धूमधाम से मनाई गई।

## हनुमान प्रसाद बने सेन समाज के राष्ट्रीय सचिव

**हरसौर(हुक्मनामा समाचार)**। कस्बे के हनुमान प्रसाद सेन अखिल भारतीय मारू जांगड़ा समाज के राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किए गए है। मुख्य चुनाव अधिकारी पुखराज सेन के निर्देशन में पुष्कर में संपन्न हुई चुनाव प्रकिया में समाज के लोगों की मौजूदगी में हनुमान प्रसाद को निर्विरोध राष्ट्रीय सचिव चुना गया। कस्बे में उनका सर्व समाज के लोगों की ओर से स्वागत किया गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अमित आसोपा, रमेश पुजारी, शोभाराम चौकीदार, रामकिशोर तिवाड़ी, विकास सोनी, नरेंद्र प्रजापत, सूरज जांगिड़, लोकेश सेन, मनीष प्रजापत, रोहित सेन, विमला बाहेती, कुलदीप राणा, कैलाश सेन, सुरेंद्र सोनी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।



### बौद्धिक एवं वैचारिक सत्रों में विभिन्न विषयों पर हुआ मंथन

# आदान-प्रदान कार्यक्रम में युवाओं ने जाना व्यक्तित्व उन्नयन का महत्व

**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)**। नेहरू युवा केंद्र, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में आयोजित अंतर जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत भिन्न-भिन्न विषयों पर विविध बौद्धिक व वैचारिक सत्र आयोजित किये गए। बीकानेर से पधारे 27 सदस्यीय युवा दल को बूंदी के इतिहास की जानकारी दी गई। युवा प्रतिनिधि रोहन गुर्जर ने बताया कि एकदिवसीय कार्यशाला में साइबर सुरक्षा, कौशल विकास, अभिप्रेरणा, व्यक्तित्व-विकास व कविताओं के द्वारा युवाओं को रोचक जानकारियाँ दी गई।कार्यशाला में बूंदी से रुबरु हुए युवा, वक्ताओं ने व्यक्तित्व विकास व मानसिक स्वास्थ्य के बारे में दी जानकारी दिनभर चले वार्ता सत्रों में विशेषज्ञों ने युवाओं को कई महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी। प्रथम सत्र में साइबर थाने से श्याम सुंदर, सुभाष, शैलेश ने साइबर सुरक्षा, द्वितीय सत्र में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राज बहादुर भंसाली, शारीरिक शिक्षक धीरज खींची में अभिप्रेरणा, तृतीय सत्र में कवि देशबंधु दाधीच, पीयूष पाचक, जयप्रकाश त्रिपाठी ने कविताओं के द्वारा बूंदी का महिमामंडन किया। कवियों ने युवाओं को अपनी




रचनाओं से गुदगुदाया। चतुर्थ सत्र में युवा व्यवसायी पल्लव नुवाल ने कौशल विकास के विभिन्न आयामों से संभागियों को अवगत कराया। पंचम वार्ता सत्र में शिक्षाविद् रेखा शर्मा ने व्यक्तित्व विकास व साहित्य सृजन एवं अंतर्राष्ट्रीय युवा कार्यक्रमों से जुड़े सहायक आचार्य डॉ. सर्वेश तिवारी ने मानसिक स्वास्थ्य पर वक्तव्य देकर युवाओं को सकारात्मक सोच अपनाने पर बल दिया। जिला युवा अधिकारी कशिश जेठवानी ने आभार व्यक्त किया। लोकगीतों पर थिरके बीकानेर के युवा, स्थानीय भाषा में गाने गाकर बांधा समां अंतिम सत्र में युवाओं ने विभिन्न लोकगीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए एवं स्थानीय भाषा में गीत गाकर संस्कृति का आदान-प्रदान किया। युवा प्रतिनिधि रोहन गुर्जर ने बताया कि नृत्य प्रतियोगिता में बीकानेर से पधारे वेद प्रकाश प्रथम, मनीष द्वितीय, दीक्षा प्रजापत तृतीय स्थान पर रही। साथ ही गायन प्रतियोगिता में मदन सिंह चारण प्रथम, किशोरी लाल द्वितीय व दीपक शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। निर्णायक मंडल में सहायक आचार्य कृष्णकांत राठौर, डॉ. सविता लोरी व देवेंद्र सिंह राणावत रहे।

## ताल्लुका विधिक सेवा समिति मकराना में हुआ आयोजित




**मकराना (हुक्मनामा समाचार)**। माननीय रालसा जयपुर, स्वाति शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मेड़ता व सुश्री आशा चौधरी अध्यक्ष ताल्लुका विधिक सेवा समिति मकराना अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश मकराना के निर्देशानुसार आज विधिक सेवा समिति के पेनल अधिवक्ता तलत हुसैन हनीफी मकराना ने पहला विधिक शिविर पी एम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मकराना में व दूसरा जागरूकता विधिक शिविर पंचायत समिति मकराना के सामने आयोजित किया गया, जिसमें पेनल अधिवक्ता हनीफी ने विधार्थियो व आमजन जनता को नालसा, तस्करी और वाणिज्यिक यौन शौषण पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015, नालसा, मानसिक रूप से बीमार और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015, राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण, नालसा, की आपदा पीड़ितों को विधिक सेवा प्राधिकरणों के जरिए विधिक सेवाएं योजना 2010 का मकसद आपदा पीड़ितों को कानूनी सहायता मुहैया कराना है एवं रालसा स्कीम कैदियों एवं बच्चों को दी जाने वाली कानूनी सहायता तथा राजस्थान पीड़ित प्रतिकर स्कीम 2011 की विधिक, कानूनी जानकारी दी, तथा पेनल अधिवक्ता हनीफी ने कहा कि पीड़ित प्रतिकर के तहत तेजाब से हमला मामले में चेहरा विकृत होने की में पीड़ित को सात लाख रुपए तक की सहायता राशि दी जाएगी, यदि पीड़ित की आयु घटना के समय 14 वर्ष से कम है तो उसे सहायता की राशि दस लाख रुपए दी जाएगी, इस योजना का लाभ पाने के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन देना अनिवार्य होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### माली समाज के तृतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन

### प्रमुख समाजसेवी व भामाशाह माली ने उठाया गरीब व असहाय बेटियों की शादी का दायित्व

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)**। माली समाज विकास सेवा संस्थान पुर के तत्वावधान में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन मैं प्रमुख समाजसेवी व भामाशाह गोपाल लाल माली ने उठाया गरीब व असहाय बेटियों की शादी का जिम्मा। माली समाज विकास सेवा संस्थान पुर के अध्यक्ष भैरूलाल माली ने बताया कि 1 मार्च 2025 को फुलेरादोज पर आयोजित होने वाले माली समाज के



तृतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन में मेवाड़ माली समाज के अग्रणी नेता व प्रमुख भामाशाह गोपाल लाल माली ने विवाह सम्मेलन में आर्थिक सहयोग देने के साथ ही घोषणा की,की जिस परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण सम्मेलन में विवाह करना चाहते हैं,लेकिन वह रजिस्ट्रेशन फीस जमा करने में असमर्थ है तो ऐसे परिवारों की लाडली बेटियों की जिम्मेदारी समाज के भामाशाह व राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के प्रदेश महामंत्री गोपाल लाल माली ने ली है। बुधवार को उन्होंने विवाह समिति को आश्वस्त किया कि ऐसे परिवारजन जो अपनी लाडली बिटिया की शादी सामूहिक विवाह सम्मेलन में करना चाहते हैं, लेकिन उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं या फिर जिस लड़की के माता-पिता नहीं है ,उन सभी बेटियों की शादी सामूहिक विवाह सम्मेलन में करना चाहते हैं तो उनके रजिस्ट्रेशन फीस प्रत्येक वधू की ?11000 की राशि वो जमा करवाएंगे। उनकी इस घोषणा से समाज में बहुत प्रशंसा की जा रही है,वही समाज के गणमान्य लोगों ने धन्यवाद के साथ उनका आभार भी व्यक्त किया।

### वीरेश चपलोत सर्वसम्मति से पुनः अध्यक्ष मनोनीत

**निम्बाहेड़ा (हुक्मनामा समाचार)**। भारतीय जैन संगठना शाखा निंबाहेड़ा की एक आवश्यक साधारण बैठक मंगलवार को रात्रि 8 बजे मोहित उच्च माध्यमिक विद्या मंदिर पर संस्था अध्यक्ष वीरेश चपलोत की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमे सर्वानुमति से पुनः चपलोत को अगले कार्यकाल के लिए अध्यक्ष मनोनीत किया गया।संस्था के महामंत्री सिद्धराज



संघवी ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक की शुरुआत मंगलाचरण नवकार मंत्र के साथ प्रारंभ की गई, तत्पश्चात गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि के साथ ही संस्था के कोषाध्यक्ष प्रकाश चेलावत द्वारा आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया, जिनकी उपस्थित सदन द्वारा पुष्टि की गई। संस्था के संजय सुराणा ने बताया कि अशोक नवलखा को भारतीय जैन संगठना का प्रांतीय मार्गदर्शक नियुक्त किए जाने पर तथा सिद्धराज संघवी को ऑल इंडिया श्वेतांबर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस नई दिल्ली के वरिष्ठ मार्गदर्शक पद पर मनोनीत किए जाने पर एवं वीरेंद्र मारू को जैन कॉन्फ्रेंस नई दिल्ली के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में चयन होने पर व कपिल चौधरी को भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष पद पर नियुक्ति व मनीष सिंघवी को विभागीय स्तर पर पदोन्नति होने पर भारतीय जैन संगठना द्वारा उपरणा पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। अंत में संस्था के मंत्री देवेंद्र सालेचा द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### नगरपालिका के बोर्ड की बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 को लेकर आयोजित

**कुचेरा(हुक्मनामा समाचार)**। शहर में बुधवार सुबह नगरपालिका के बोर्ड की बैठक पालिका अध्यक्ष तेजपाल मिर्धा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें अधिशाषी अधिकारी अनिता बिरडा ने आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 को लेकर 27 करोड़ 42 लाख 66 हजार रू का अनुमानित बजट पेश किया। अधिशाषी अधिकारी ने सदन को बताया कि 6 करोड़ 33 लाख रू. विभिन्न राजस्व मदों में



आमदनी होने का अनुमान है। इसी प्रकार पूंजीगत मदों में 17 करोड़ 95 लाख रू. आय अनुमानित है। इसके अलावा राजस्व व्यय 4 करोड़ 98 लाख 5 हजार रू. खर्च किए जाएंगे जबकि 16 करोड़ 25 लाख रू. पूंजीगत मदों में खर्च करने का प्रावधान है। उन्होने सदन में 6 करोड़ 19 लाख 61 हजार रू. के मुनाफे का बजट पेश किया। बजट को उपस्थित सभी पार्षदों ने सर्वसम्मति से पारित किया। **विकास कार्यो पर चर्चा-** पाषर्द खींवराज घांची ने उप तहसील व पंचायत समिति खुलवाने व मेड़ता व मूण्डवा एन्ट्री पोइंट पर सर्किल निर्माण, दिनेश मूण्डेल द्वारा निम्बला श्मशान घाट में टीन शेड निर्माण, मुन्नी मिर्धा द्वारा निराश्रित गोवंश हेतु नंन्दीशाला, नगरपालिका क्षेत्र में सड़क, नाला निर्माण व रिपयेर, रोड़ लाईट, पेयजल लाईन की मांग मुख्य रही तथा पालिका क्षेत्र के मुख्य-मुख्य स्थानों पर सी.सी.टीवी कैमरे लगाने का प्रस्ताव पारित किया गया। कनिष्ठ सहायक के पद पर पदोन्नती पर चर्चा का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।

### राइजिंग राजस्थान के उद्देश्यों को शीघ्र पूरा करने के लिए अधिकारी गंभीरता से करें कार्य-जिला कलेक्टर

**बारां (हुक्मनामा समाचार)**। जिले में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के अंतर्गत अनुमोदित हुए एमओयू की समीक्षा बैठक का आयोजन आज जिला कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में जिला कलेक्टर ने जिले में अनुमोदित हुए 122 एम ओ यू की वर्तमान स्थिति पर सभी विभागों के अधिकारियों से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी इन्वेस्टर्स से संपर्क स्थापित कर उन्हें जिले में अधिक से अधिक निवेश के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन एम ओ यू धारकों के पास भूमि उपलब्ध नहीं है उनसे संबंधित विभाग भूमि आवंटन भूमि रूपांतरण या अन्य भूमि संबंधी मामलों के निस्तारण के लिए एम ओ यू धारकों से नियमानुसार आवेदन शीघ्र कराएं। उन्होंने विशेष तौर पर बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यटन के क्षेत्र में हुए एम ओ यू को शीघ्र ही क्रियान्वित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

### पिछोला व फतहसागर में जल अपवर्तन आज

**उदयपुर (हुक्मनामा समाचार)**। आगामी गर्मी के मौसम में उदयपुर शहर की पेयजल मांग की आपूर्ति के मद्देनजर 13 फरवरी (गुरूवार) को पिछोला व फतहसागर झील में जल अपवर्तन किया जाएगा।जल संसाधन खण्ड उदयपुर के अधिशासी अभियंता महेश चौधरी की ओर से जारी आदेश के अनुसार देवास प्रथम, देवास द्वितीय के अकोदड़ा एवं मादड़ी बांध से पिछोला झील और फतहसागर झील में 13 फरवरी को जल अपवर्तन का निर्णय लिया गया है। इसलिए सभी संबंधित क्षेत्रवासियों से सीसारमा नदी एवं नांदेश्वर टैंक के बहाव क्षेत्र में जल प्रवाह के दौरान नदी-नालें से दूर रहने तथा मवेशियों को भी दूर रखने की अपील जारी की गई है, ताकि किसी प्रकार की जन-धन हानि नहीं हो।

# पुलिस के साथ सहयोग ओर समन्वय से ही अपराधों पर रोक लगाई जा सकती है, वीसी मे अजमेर रेंज आईजी ने सायबरों अपराध रोकने की दी जानकारी

**डेगाना ( हुक्मनामा समाचार )।** आई जी रेंज अजमेर ने सायबर अपराधों पर लगाम लगाने ओर लोगो को जागरूक करने को लेकर आज बुधवार को वीसी के माध्यम से अजमेर, टोंक, भीलवाडा ओर नागोर जिले के सभी जिला मुख्यालयों ओर पुलिस थानों को जोडकर सीएलजी सदस्यों, ग्राम रक्षकों, पुलिस मित्रों के साथ पत्रकारों, सामाजिक, राजनेतिक ओर विभिन्न संगठनों से जुडे कार्यकर्ताओं के साथ वार्ता की। बढते ऑन लाईन ओर सायबर ठगी के मामलों को रोकने के लिए जानकारी दी। ओर ऑन लाईन धोखाधडी से बचने के लिए सचेत रहने, अनजान लोगो से आने वाले विडियोंकाल रिसिव नही करने तथा अपराध होने पर तुरंत बेझिझक होकर पुलिस को सुचना देने की बात कही।



तथा सीएलजी सदस्य, ग्राम रक्षक, पुलिस मित्र, पुलिस सखी ओर सामाजिक कार्यकर्ताओं से भी सायबर ठगी से लोगो को बचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया। नशा तस्कर, बाल, महिला अपराधों, गुडां, माफियो की सुचना ओर किसी भी अपराध की जानकारी होने पर पुलिस के सूचना देने की बात कही जिससे क्षैत्र मे अपराधों पर रोक लगाई जा सके। इस मौके पर अनेकों लोगो ने बढते महिला, व बाल अपराध, नशे के अवेध कारोबार को रोक जाने के लिए सख्ती के साथ पुलिस बल को काम करने ओर थानों मे नफरी बढाने, बिना नम्बरी गाडियों ओर काले सीसे लगााकर गांव, शहरों, ओार कस्बों मे आवारा घूमने वालों पर भी नजर रखने जैसे कई प्रकार के सुझाव दिये।

जिसमे सायबर ठगी को रोकने के लिए बेंक प्रशासन के भी सहयोग करने ओर खातों पर नजर रखने की बात कही। इस अवसर पर उन्होंने अजमेर रेंज के परिवादियों की ई सुनवाई के लिए एक 8764853020 वाट्सअप नम्बर जारी किया। जिस पर कोई भी पीडित अथवा जागरूक व्यक्ति इस नबर पर अपनी समस्या अथवा सुझाव भेज सकता है।

सांय चार से 6 बजे तक चली वीसी मे डेगाना के डिप्टी जयप्रकाश बेनिवाल, सीआई हरिश सांखला सहित जन प्रतिनिधि, व्यापारी, सामाजिक ओर राजनेतिक कार्यकर्ता, सीएलजी सदस्य, पुलिस मित्र, ग्राम रक्षक अनेक लोगो ने भाग लिया।

## जिला सडक सुरक्षा समिति माह फरवरी की बैठक का आयोजन आज

**भीलवाड़ा ( हुक्मनामा समाचार )।** जिला सडक सुरक्षा समिति की वर्ष 2024-25 की माह फरवरी की बैठक का आयोजन 13 फरवरी को सायं 5:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी। यह जानकारी अधीक्षण अभियंता, सानिवि एवं सदस्य सचिव मनोज कुमार जोशी ने दी।

## नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्यवाही

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में बुधवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में सेक्टर 4 विद्याधर नगर, मल्होत्रा नगर, लता सर्किल के पास, डिमोड टावर के पास, सहकार मार्ग, गणेश मन्दिर, जेकेलोन, पत्रिका गेट, चीलगाडी रेस्टोरेन्ट, इण्डिया गेट जेइसीआरसी एवं डी-मार्ट टोंक रोड़ से अस्थाई अतिक्रमण को करने वालों के विरूद्ध 50 हजार रूपये का कैरिंग चार्ज कर 04 केन्टर सामान जब्त किया गया।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DIVISION BEAWAR**

**NIB NO. : PWD2425A4099 - PWD2425A4100**

**Notice Inviting Bid No. 37/2024-25**

Bids for 04 No. Works are invited from interested bidders upto 12.00 PM 14 Feb. 2025. Other particular of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the State, and DIPR departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 95.50 Lacs.

| S.No. | NIB NO | UBIN NO | Amount |
|---|---|---|---|
| 1. | PWD2425A4099 | PWD2425WSOB14726 | 31.89 |
| 2. | PWD2425A4100 | PWD2425WSOB14727 | 63.61 |

DIPR/C/1796/2025

Executive Engineer
PWD, Division Beawar.

# छात्राओं को रोल से बैग बनाने की पूरी प्रक्रिया समझाई, पीएम विद्यालय की 50 छात्राओं ने पेगमा का भ्रमण किया

**ब्यावर ( हुक्मनामा समाचार )।** पीएम राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय छावनी रोड की 50 छात्राओं ने नागरिकता कौशल प्रभारी अलका जिंदल के निर्देशन में बुधवार को रीको सेकंड ब्यावर स्थित पेगमा रिसोर्सेस प्राइवेट लिमिटेड का भ्रमण किया। प्रधानाचार्य डॉक्टर सीमा कृपलानी ने बताया कि कंपनी के प्रमोटर व डायरेक्टर नितिन नाहर व सचिन नाहर ने उनकी कंपनी में पॉलिप्रोपिलीन का प्रयोग कर जंबो बैग (एफआईबीसी) बनाए जाते हैं। जो पूरी तरह से इको फ्रेंडली है और ग्राहक की जरूरत को पूरा करते हैं। यहां पर एक से डेढ़ टन क्षमता के जंबो बैग बनाए जाते हैं। ऑपरेशन हेड रणविजय सिंह ने छात्राओं को रोल से बैग बनाने की पूरी प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। एफआईबीसी इंचार्ज गिरधरलाल व क्वालिटी इंचार्ज आदित्य मिश्रा व अनीता रावत द्वारा कटिंग, प्रिंटिंग, क्लीनिंग, चेकिंग और पैकिंग में प्रयुक्त होने वाली मशीनों का अवलोकन करवाकर संपूर्ण निर्माण प्रक्रिया को समझाया गया। छात्राओं द्वारा संपूर्ण चरणों को अपने साथ लाये गए नोटपैड में नोट किया गया। प्रधानाचार्य डॉक्टर सीमा कृपलानी जरा संपूर्ण न। हर ग्रुप को धन्यवाद प्रेषित किया।



# खायडा को पंचायत बनाने की मांग

**भिनाय ( हुक्मनामा समाचार )।** निकटवर्ती ग्राम खायडा, पिपलिया व सोलखुर्द के ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत को ज्ञापन सौंपकर बताया कि ग्राम खायडा, सोलखुर्द व पिपलिया गांव ग्राम पंचायत बुबकिया के मुख्यालय से 6 से 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। उन्होंने ज्ञापन में बताया कि खायडा ग्राम को नवसृजित पंचायत का गठन कर ग्राम पंचायत बुबकिया के ग्राम सोलखुर्द व पिपलिया एवम ग्राम पंचायत लामगरा के ग्राम भेरुखेड़ा को सम्मिलित किया जावे ताकि नई पंचायत के गठन का मार्ग प्रसस्त हो सके। खायडा नई पंचायत बनने से पिपलिया, सोलखुर्द व भेरुखेड़ा के ग्रामीणों को पंचायत मुख्यालय तक पहुचने में आसानी के साथ साथ ग्रामीण अधिक तादाद में राजकीय योजनाओ से जुड़ सकेंगे।



विधायक कानावत में ग्रामीणों को। भरोसा दिलाया।

**कार्यालय सदस्य सचिव राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी, राजकीय जिला चिकित्सालय केकड़ी**

(01467-297015)

क्रमांक: 2024-25/43 दिनांक : 01.02.2025

**ई-निविदा 05/24-25**

इस चिकित्सालय में सुरक्षा गार्ड मानव श्रम उपलब्ध कराये जाने हेतु संविदा के लिए ई-निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा www.sppp.raj.nic.in, एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

NIB Code : MHS2425A3284

UBN Code : MHS2425SLRC04719 ETender Id : 2025_MEDIC_445773_1

DIPR/C/1518/2025

सदस्य सचिव
मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी
रा.जि.चि. केकड़ी

## जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं वीडियो कॉन्फ्रेंस का आयोजन 20 फरवरी को

**भीलवाड़ा ( हुक्मनामा समाचार )।** सम्पर्क समाधान के तहत जिला स्तरीय जनसुनवाई शिविर 20 फरवरी 2025 को जिला कलेक्ट्रेट स्थित डीओआईटी वी.सी. रूम में प्रात: 11:00 बजे आयोजित किया जाएगा। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग भी होगी, जिसमें जिला एवं ब्लॉक स्तर के सभी संबंधित अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी सहायक निदेशक, लोक सेवाएं, भीलवाडा ने दी।

**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**

क्रमांक : ननि.अ/69-क/2024-25/4297 दिनांक :10/02/25

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम अजमेर में सेन्ट मैरीस् कॉन्वेन्ट सीनियर सैकण्डरी स्कूल निवासी नसीराबाद रोड अजमेर ने धारा 69ए के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसका क्षेत्रफल 14488 वर्गमीटर है इस संबंध में समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता हैं कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 69-ए, के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के नगर निगम के पक्ष में भूमि के अधिकार अभ्यर्पण करने के अनुज्ञा की मंजूरी के सम्बन्ध में कोई आक्षेप हैं तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर किसी कार्यदिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपयुक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नही है और मामले के तद्नुसार निपटारा किया जायेगा।

उपायुक्त
नगर निगम, अजमेर

# मनोहरथाना के एक पटवारी को रिश्वत लेते रंगे हाथों किया ट्रेप

**झालावाड़ ( हुक्मनामा समाचार )।** झालावाड़ की भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो टीम ने बुधवार को मनोहरथाना के एक पटवारी को रिश्वत लेते रंगे हाथों ट्रेप किया है।



मनोहरथाना तहसील के पिण्डोला हल्का के पटवारी रामनिवास बैरवा को 4,000 रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा गया। एसीबी महानिदेशक रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि शिकायतकर्ता पिछले 10 वर्षों से लगभग 2.5 बीघा चारागाह भूमि पर खेती कर रहा था और नियमित रूप से जुर्माना जमा करवाता था। पिछले दो वर्षों से जुर्माना बंद हो जाने पर जब वह पटवारी से मिला।

पटवारी ने जुर्माना चालू करने की एवज में 5,000 रुपए की रिश्वत मांगी। इसमें से 1,000 रुपए पहले ही ले चुका था और शेष 4,000 रुपए की मांग और कर रहा था।

11 फरवरी को शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने रिश्वत शिकायत का सत्यापन किया और आज झालावाड़ एसीबी के एएसपी जगराम मीना के नेतृत्व में टीम ने मनोहरथाना तहसील के पटवारी कार्यालय में ट्रैप कार्रवाई को अंजाम दिया।

एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ जारी है। मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

# तीन तोला साने का हार बरामद कर आरोपी को दबोचा



**ब्यावर ( हुक्मनामा समाचार )।** साकेत नगर थाना पुलिस ने 48 घण्टे में चोरी के प्रकरण का खुलासा किया। पुलिस ने चोरी के प्रकरण के आरोपी ब्यावर के राठीजी की हवेली सनातन स्कुल के पास निवासी योगेश सोनी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही से तीन तोला वजनी सोने का हार बरामद किया। पीड़ित उदयपुर निवासी सुभाष वर्मा की शिकायत पर पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई को अंजाम दिया।

एसपी श्याम सिंह के निर्देश पर थानाधिकारी जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की।

शहर के लोकाशाह नगर स्थित गोविंदम भवन में बीते सोमवार को हुई घटना का साकेत नगर थाना पुलिस ने चोरी के प्रकरण का 48 घण्टे में खुलासा किया।

**राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम**

कार्यालय मुख्य प्रबंधक अजमेर आगार अजमेर

**निविदा - सूचना**

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम अजमेर आगार के अधीनस्थ संचालित अजमेर आगार के अधीनस्थ संचालित आर.के.पाटनी बस स्टेण्ड किषनगढ, के मुख्य मार्ग से आगमन मार्ग के बायीं ओर तथा मुख्य मार्ग पर प्रस्थान मार्ग से दायी ओर निम्नानुसार होर्डिंग को की निविदाये आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र के साथ धरोहर राशि 20000/- डी.डी बैकर्स चैक CM RSRTC AJMER DEPOT के नाम जमा कराने होगे। इच्छुक व्यक्ति / संस्थान अपने प्रस्ताव दिनांक 27.01.2025 को 14:00 बजे तक जमा करा सकते है। निविदा प्रस्वात उसी दिन 14:30 बजे उपस्थित निविदा दाताओ के समक्ष खोले जावेंगे। इस सम्बन्ध मे विस्तृत विवरण निगम वेबसाईट **http://transport.rajasthan.gov.in/rsrtc** एवं sppp पोर्टल पर देखी जा सकती है। निविदा स्वीकार /निरस्त करने के अधिकार का निम्न हस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित है।

UBN No. : RTC2425SSOB00736

राज.संवाद/सी/24/11562 विज्ञापन संख्या 253/2024-25 मुख्य प्रबंधक

## प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना अंतर्गत लाभ से वंचित पात्र परिवारों के लिए किशनगंज तहसील मुख्यालय पर विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं

**किशनगंज ( हुक्मनामा समाचार )।** तहसीलदार अभिराज सिंह ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश अनुसार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत लाभ से वंचित पात्र परिवारों को लाभ दिलवाएं जाने हेतु किशनगंज तहसील मुख्यालय पर विशेषशिविर आयोजित किया जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से वंचित भूमि धारक परिवार जिनकी डीबीटी, डायरेक्ट बेनिफिट्सलिरी ट्रांसफर ई केवाईसी तथा जिन लाभार्थियों का लैंड जन आधार कार्ड लेकर किशनगंज तहसील में पीएम किसान ऑफिस में जाना सुनिश्चित करें ।संपादक कार्य नहीं होने पर किशनगंज तहसील के 524 लाभार्थियों का ईकेवाईसी 774 लाभार्थियों का आधार सीडिंग नहीं होने से आगामी किस्त से वंचित रहेंगे।

किशनगंज तहसील मुख्यालय पर विशेष शिविर में प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना के लाभार्थी शुक्रवार 14 फरवरी तक अपना लंबित कार्य पूरा कर सकते हैं।

## थाना पारसोला से 4 गैर सायलो को धरियावद न्यालय में पेश किये, अशांति भंग को लेकर

**धरियावद ( हुक्मनामा समाचार )।** सी ओ सर्कल पुलिस उप अधीक्षक नाना लाल साल्वी के अधीन थाना पारसोला में थानाधिकारी भेमजी गरासिया के थाना अंतर्गत निम्न प्रकरणों में अशांति पैदा करने को लेकर जिसका निस्तारण हेड कानी रमेश चन्द कानी भीमराज मीणा के जिम्मे कार्यवाही का जिम्मा सोपा गया जिसमे हेड कानी रमेश चन्द कानी भीमराज ने वक्ता पिता बदरिया मीणा घटेला वाले को पुलिस द्वारा नाके बन्दी में अड़चन देना शराब पीकर शांती भग करने के आरोप में ..एव कांजी पिता राजिगा मीणा सानी केशरियावाद को पत्नी साथ मारपिट कर शांती भग एव लक्षमण पिता हामजी व् अनिल पिता लक्षमण मीणा लोदी या वाले को खेत की पाली को लेकर अशांति पैदा करने को लेकर चारो गैर सायलो को धारा 126,170 बी एन एस एस में प्रकरण दर्ज कर धरियावद तहसीलदार कार्यपालक मजिस्टेट दीपिका कटारा के समक्ष पेश किया गया जहा से 6 माह के लिए पाबन्ध करवा कर जमानत पर रिहा किया गया।

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान**

क्रमांक:न.पा.बि./नामा/2024/5517 दिनांक: 12.02.25

**-: आम सूचना:-**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान व प्लाट गृहकर पंजिका में अन्तरण हेतु निम्न विरासत पत्रावली प्राप्त हुई है। अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद,गुजरने पर कोई उज्र/आपति मान्य नहीं होगी।

नामान्तरण

| फाईल न. | आवेदक नाम | मूल आंवटी नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 335 | कमला पत्नि व यशपाल पुत्र व रेखा,किरण व निरमा देवी गुर्जर पुत्रीया स्व.श्री चन्द्रशेखर गुर्जर | शिवनाथ पुत्र मोडू लाल गुर्जर | आबादी क्षेत्र भवंरवाडी बिजयनगर ब्लाक नं. 58 भू.सं. 04 | 322.95 SQ.Yards | आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका बिजयनगर

**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**

क्रमांक:न.नि.अ/24-25/भवन/817 दिनांक :12/02/25

**आपत्ति सूचना**

अनुष्का मुद्रा पुत्री श्री ब्रिजमोहन मुद्रा निवासी 600 की प्रेम कुंज के पीछे शास्त्री नगर अजमेर द्वारा भूखण्ड संख्या 46 जिस पर ए.एम.सी. न. 12/193-422/9 12/191 है जो वाके हाथीभाटा अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 42.75 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

**प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नुनसार है।**

**पूर्व** :- भूखण्ड संख्या 45 **पश्चिम** :- भूखण्ड संख्या 47
**उत्तर** :- भूखण्ड संख्या 41 व 42 **दक्षिण** :- 20 फुट चौडा आम रास्ता

अत: जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

उपायुक्त
नगर निगम, अजमेर

# उप खण्ड अधिकारी न्यौल ने किया औचिक निरीक्षण, धरियावद वन विभाग एव वन्य जिव कार्यालय का

**धरियावद ( हुक्मनामा समाचार )।** उप खण्ड अधिकारी राकेश कुमार न्यौल ने बुधवार 12 फ़रवरी 25 को पर्यावरण बचाओ जगल की कटाई रोक धाम हेतु धरियावद रेंज ऑफिस वन विभाग एव वन्य जिव कार्यालय का औचिक निरीक्षण सरकारी वाहन से पहुच कर किया गया जहा वन विभाग का निरीक्षण के दौरान रेंजर रामलाल भील मोके पर एव स्टाप मिला जिसमे उपखण्ड अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान गहनता से जांच करते हुवे बताया गया जिसमे पाया गया की अप्रैल 2024 से फ़रवरी 2025 तक 78 प्रकरण बनाये गये जिसमे लकडिया पकड़ी गई जिन में से वर्तमान में 12 प्रकरण कोर्ट में होने से पेंडिंग है जिनका संज्ञान लेकर निस्तारण किया जाए आपके अधीन कुल आठ नाके हैं जिनमें तीन फॉरेस्ट एवं पांच पर सहायक वनपाल की ड्यूटी लगाई हुई है 20 वनरक्षक हैं जिन्हें एरिया वाइज दे रखा है वर्तमान में कटाई के प्रकरण ज्यादा आ रहे हैं इसे गंभीरता से लेकर अपने दायित्वों के निरवहण करने के निर्देश प्रदान किए गए रेंज में खेर की लकड़ी के दौड़ ट्रक वह एक ट्रैक्टर एवं तीन ट्रैक्टर सागवान की लकड़ी के 2 ट्रक व एक टेक्ट्रर एव तिन टेक्ट्रर सागवान की लकड़ी के पाए गए हैं जिनका कैसे दर्ज होना बताया लेकिन पुराने प्रकरणों में समय पर नीलामी नहीं होने से लकड़ी खराब हो जाती है जिनका जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए वर्तमान में विभाग में मुख्य रूप से लव कुश वाटिका जिसका बजट 97 लाख रूपये है जिसके अंतर्गत 13 कार्य कराए जाने हैं एक पक्के दीवार 2 सोलर पैनल चलने वाले ट्यूबवेल 3 सोलर स्ट्रीट लाइट 4 फॉरेस्ट चौकी पांच इंटरलॉकिंग 6 वॉच टावर 7 जुला छतरी 8 फिसल पट्टी 9 गजभोहर उक्त कार्य पूर्ण हो चुके हैं एवं चित्रकला रंग रोहन सेल की पॉइंट वन्य जीवों की एवं सीधी निर्माण का कार्य अभी बकाया होना बताया जिसको समय पर पूर्ण कर लेने के निर्देश दिए वर्तमान में मुख्य रूप से खेती पूर्ति के रूप में वन विभाग को भूमि दी गई है जिसमें पहाड़ हुआ सेवा नगर में विभाजित चल रहा और न्यायालय में कार्य चल रहा है बताया जिसे शीघ्र निस्तारण कर भूमि वन विभाग के अधीनस्थ लेने के निर्देश दिए एवं कालका माता पाचागुडा देवाक माता खूनता कौत्रिया बाबूजी सहित वृक्षारोपण का अग्रिम कार्य चल रहा है जिन्हें भी समय पर पूरा करने के निर्देश दिए ताकि बरसात आने पर समय पर वृक्षारोपण किया जा सके को लेकर उक्त निर्देश वन विभाग के रेंजर रामलाल भील को दिए गए हैं



**कार्यालय बाल विकास परियोजना अधिकारी माण्डलगढ, भीलवाडा**

क्रमांक/लेखा/निविदा/2024-25/152 दिनांक:- 12.02.2025

**खुली निविदा सूचना आमन्त्रण सूचना 01/2024-25**

इस कार्यालय में पोषण भी पढाई भी कार्यक्रम के अन्तर्गत आंगनवाडी कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण का आयोजन किया जाना है। अत: वित्तीय 2024-25 में आयोजित किये जाने वाले आंगनवाडी कार्यकर्ताओं के गैर आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु प्रतिष्ठित रजिस्टर्ड फर्मो से शील बंद निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | नाम मद | अनुमानित प्रशिक्षणार्थियों की संख्या | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा शुल्क | निविदा विक्रय करने का समय व दिनांक | निविदा प्राप्त करने का समय व दिनांक | निविदा खोलने का समय व दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मद का विवरण निविदा फार्म मे संलग्न है | 283 | 2.90 लाख | 5800 | 200 | दिनांक 19.02.25 को 11:00 एएम | दिनांक 19.02.25 को 1:00 पीएम | दिनांक 19.02.25 को 2:00 पीएम |


नोट:-

1. निविदा फार्म के साथ निर्धारित धरोहर राशि का डी.डी. बाल विकास परियोजना अधिकारी माण्डलगढ जिला भीलवाड़ा के नाम देय होगा।
2. समय व दिनांक के पश्चात प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नही किया जावेगा।
3. प्राप्त निविदाएं उक्तानुसार निर्धारित तिथी व समय पर उपापन समिति द्वारा खोली जाएंगी।
4. निविदा फार्म इस कार्यालय में विक्रय करने की दिनांक व समय तक 200/- रूपये नकद या डी.डी. जमा करा कर प्राप्त किये जा सकते है।


बाल विकास परियोजना अधिकारी
माण्डलगढ - बिजौलिया




बुधवार को माघ पूर्णिमा पर प्रयागराज का नजारा कुछ अलग ही रहा।




राज्यपाल बागडे ने अयोध्या पहुंचकर राम लला के दर्शन किए



## राष्ट्र की सम्पन्नता, खुशहाली की कामना की

## श्री राम की छवि दिव्य, अलौकिक और भव्य-राज्यपाल

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने बुधवार को अयोध्या पहुंचकर परिजनों सहित भगवान श्री राम लला के दर्शन किए। राज्यपाल बागडे ने मर्यादा पुरूषोतम भगवान श्री राम की इस दौरान पूजा-अर्चना की। उन्होंने भगवान से राष्ट्र और राज्य की समृद्धि, सम्पन्नता और खुशहाली की कामना की। राज्यपाल ने श्री राम के अलौकिक स्वरूप को देख भाव विभोर होते हुए बाद में कहा कि श्री राम की छवि दिव्य, अलौकिक और भव्य है।



## विधान सभा अध्यक्ष ने एकादशी पर प्रयागराज में स्नान के बाद माघ पूर्णिमा पर पुष्कर में की पूजा अर्चना

**पुष्कर, (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने उत्तरप्रदेश के प्रयागराज महाकुंभ में त्रिवेणी संगम घाट पर माघ एकादशी पर मां गंगा की पूजा अर्चना के बाद बुधवार को माघ पूर्णिमा पर अजमेर स्थित पुष्कर सरोवर में पूजा अर्चना कर ब्रह्मा जी के दर्शन किए। उन्होंने इस अवसर पर पावन और सनातन संस्कृति के अनुरूप देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि मानव जीवन में महाकुंभ में डुबकी लगाने का स्वर्णिम पावन अवसर 144 वर्ष बाद मिला है।

स्थानीय मान्यता के अनुरूप सनातन संस्कृति में पवित्र प्रयागराज के दर्शन के पश्चात पुष्कर सरोवर में पूजा अर्चना करने को तीर्थ यात्रा की पूर्णता मानी जाती है। विधान सभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि हमारे देश की प्राचीन संस्कृति और सनातन परम्परा समृद्ध है। ऐसी पुरातन एवं वैभवशाली सनातन संस्कृति और परम्परा दुनिया में कहीं और देखने को नहीं मिलती है।

## फोन टैपिंग अब हो या पहले उसकी जांच हो-पायलट



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा के फोन टैपिंग आरोप और कांग्रेस राज के दौरान फोन टैपिंग मामले पर सचिन पायलट ने कहा है कि फोन टैपिंग बहुत गंभीर अपराध है। वो चाहे अब हुआ हो या पहले हुआ हो या अब हुआ, उसकी जांच होनी चाहिए। जो भी नेता, अफसर, पुलिस अफसर दोषी हो उसका सच सामने आना चाहिए। हर गलती सजा मांगती है, गलती करेगा तो सजा मिलनी चाहिए। इस मामले को लेकर बुधवार को सचिन पायलट ने अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। यहां मीडिया से बातचीत में वे बोले- यह किसी विपक्ष के नेता या साधारण आदमी ने नहीं सरकार के कैबिनेट मंत्री ने खुद कहा है कि उनका फोन टैप हो रहा है। सरकार का कैबिनेट मंत्री आरोप लगा रहा है, सरकार कार्रवाई करने की जगह संगठन जवाब मांग रहा है। यह एक मजाक बना रखा है, वह इस्तीफा दिए बैठे हैं, उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं होता। कलेक्टिव लीडरशिप में हर मंत्री सरकार की तरफ से बोलता है, उनका स्टेटमेंट सरकार का स्टेटमेंट है।

## रीको द्वारा मातासुला औद्योगिक क्षेत्र में सोलर पीवी मैन्यूफैक्चरिंग कम्पनी को भूमि आवंटित

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के तहत किए गए एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए रीको तेजी से भूखण्ड आवंटित कर रहा है और इसी कड़ी में रीको द्वारा गुरुग्राम स्थित सनकाइंड फोटोवोल्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड को 5-5 एकड़ के दो भूखंड जयपुर के मातासुला औद्योगिक क्षेत्र में सोलर पीवी मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना के लिए आवंटित किया गया है। इस परियोजना के तहत सनकाइंड 1.5 गीगावाट सालाना क्षमता के सोलर पीवी मॉड्यूल का निर्माण करेगा, जो सोलर एनर्जी मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट का एक प्रमुख हिस्सा है। इस परियोजना के लिए कम्पनी सनकाइंड ने मई 2024 में 5-एकड़ जमीन आवंटन हेतु रीको को आवेदन दिया था। इसके बाद, रीको ने भूखण्ड आवंटन जल्दी से करने के लिए पहले ई-ऑक्शन किया और जमीन आवंटित करने से जुड़ी प्रक्रियाओं को तेजी से पूरा करते हुए 60 दिनों के भीतर कम्पनी को जुलाई में जमीन उपलब्ध करायी।

### मरू महोत्सव 2025

## कुलधरा में मांडणा आर्ट प्रदर्शनी का पर्यटकों ने उठाया लुत्फ

**जैसलमेर (हुक्मनामा समाचार)।** मरू महोत्सव के अंतिम दिवस 12 फरवरी बुधवार को प्राचीन ऐतिहासिक कुलधरा गांव में मांडणा आर्ट प्रदर्शनी व रंगोली का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका देशी विदेशी सैलानियों ने उत्साह के साथ देखा एवं वहां पर स्थानीय लोक कलाकारों द्वारा दी जा रही सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का लुत्फ उठाया।

## नीता अंबानी हार्वर्ड विश्वविद्यालय में भाषण देंगी

### विश्व में भारत के योगदान पर बोलेंगी नीता अंबानी

**नई दिल्ली।** रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन नीता अंबानी को हार्वर्ड विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित 'वार्षिक भारत सम्मेलन' में मुख्य वक्ता के तौर पर निमंत्रण मिला है। नीता अंबानी, हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के पूर्व डीन नितिन नोहरिया के साथ भारत की कला और संस्कृति के विभिन्न पहलुओं और विश्व में भारत के योगदान पर चर्चा करेंगी। 'फ्रॉम इंडिया टू द वर्ल्ड' थीम पर, इस सम्मेलन का आयोजन 15-16 फरवरी को अमेरिका के हार्वर्ड विश्वविद्यालय में होगा और इसमें 1000 से अधिक प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है। पिछले कुछ वक्त से वैश्विक पटल पर भारत की सबसे प्रभावशाली आवाज के तौर पर उभरी हैं नीता अंबानी। हार्वर्ड में भारत की सॉफ्ट पावर और प्रासंगिकता को वे नए सिरे से विश्व के सामने रखेंगी। सम्मेलन में प्रौद्योगिकी, जलवायु, आर्थिक विकास, लोकतंत्र, कूटनीति, सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसे मुद्दों पर भारत के दृष्टिकोणों की चर्चा की जाएगी। सम्मेलन का आयोजन हार्वर्ड के छात्रों द्वारा पिछले 22 वर्षों से किया जा रहा है।

## राज्य मानव अधिकार आयोग देगा विधि विद्यार्थियों को 15 दिवसीय प्रशिक्षण

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायाधिपति जी आर मूलचंदानी ने बुधवार को सचिवालय में आयोग द्वारा विधि विद्यार्थियों के लिए आयोजित 15 दिवसीय शीतकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्री मूलचंदानी ने कहा कि मानवाधिकारों की रक्षा में अधिवक्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से विधि विद्यार्थी मानवाधिकारों को कानूनी, सामाजिक और नैतिक दृष्टिकोण से समझकर समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। इस दौरान आयोग के सदस्य श्री अशोक कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों को मानवाधिकारों की संक्षिप्त में जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने विद्यार्थियों को कठोर परिश्रम कर इच्छित लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।आयोग की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संध्या यादव ने बताया कि इंटर्नशिप कार्यक्रम में विद्यार्थियों को शिक्षण संस्थाओं, समाजसेवी संस्थाओं, पुलिस एवं प्रशासनिक सेवाओं के अधिकारियों, विश्वविद्यालयों, यूनिसेफ, वरिष्ठ अधिवक्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान आयोजित करवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इंटर्नशिप में आउटडोर विजिट के दौरान प्रतिभागियों को जयपुर स्थित केंद्रीय कारागार, महिला कारागार, बाल संप्रेषण गृह एवं बाल संरक्षण न्यायालय सहित पुलिस थानों की कार्यशैली से अवगत कराया जाएगा। डॉ. संध्या ने बताया कि इस 15 दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन 5 मार्च तक किया जाएगा।

### पशुपालन मंत्री ने तरल नत्रजन भंडारण हेतु 13 जिलों के लिए साइलो का वर्चुअल लोकार्पण किया

## मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार पशुओं के कल्याण के प्रति समर्पित-कुमावत

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पशुपालन, गोपालन और डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत ने बुधवार को राजस्थान पशुधन विकास बोर्ड के सभागार में राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अंतर्गत 13 जिलों में तरल नत्रजन भंडारण हेतु 3000 लीटर के साइलो का वर्चुअल लोकार्पण किया। उन्होंने बताया कि तरल नत्रजन पशु नस्ल सुधार के लिए किए जाने वाले कृत्रिम गर्भाधान में काम आता है। तरल नत्रजन की भण्डारण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए राज्य के 16 जिलों में 3- 3 हजार लीटर क्षमता के वर्टिकल साइलो पूर्व में स्थापित हो चुके हैं। इस तरह अब राज्य के 29 जिलों में वर्टिकल साइलो की स्थापना हो जाने से तरल नत्रजन भंडारण की कुल क्षमता 93 हजार लीटर हो गई है। जयपुर और उदयपुर के साइलो की क्षमता 6-6 हजार लीटर की है। वर्चुअल लोकार्पण के बाद कुमावत ने वीसी से जुड़े जिलों के पशु चिकित्सा अधिकारियों से बात की और साइलो की कार्यप्रणाली को समझा। उन्होंने जिलों के अधिकारियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि सरकार पशुपालकों और पशुओं के हित के लिए उनकी सभी मांगों पर गंभीरता से विचार करेगी। उन्होंने कहा कि कृत्रिम गर्भाधान के लिए आवश्यक सभी सुविधाएं जिलों में पहुंचा दी गई हैं। अब राजस्थान को इस क्षेत्र में पहले नंबर पर लाना विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के ऊपर निर्भर करता है।




इस अवसर पर पशुपालन मंत्री ने जयपुर जिले के मैत्री कार्यकर्ताओं को ए आई किट का वितरण भी किया। उन्होंने मैत्री कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे पूरी निष्ठा और मेहनत से काम करें और कृत्रिम गर्भाधान में राजस्थान को देश में पहला स्थान दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संवेदनशील मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार पशुओं के कल्याण के प्रति समर्पित होकर काम कर रही है। कुमावत ने कहा कि आज अधिकतर जिलों में तरल नत्रजन की भंडारण व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए वर्टिकल साइलो की स्थापना हो चुकी है। बाकी बचे जिलों में भी हम जल्द ही यह व्यवस्था सुनिश्चित कर देंगे। उन्होंने कहा कि इन जिलों में साइलो की स्थापना होने से समय, ऊर्जा, मानव श्रम और पैसे इन सबकी बचत तो होगी ही साथ ही अवश्यकतानुसार तरल नाइट्रोजन की सही समय पर गुणवत्तापूर्ण उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी जिससे कृत्रिम गर्भाधान के काम में गति आएगी।

### नाबार्ड द्वारा राज्य में वर्ष 2025-26 के लिए रु 4.40 लाख करोड़ के प्राथमिकता क्षेत्र ऋण वितरण का आकलन

## सहकारी आंदोलन को सशक्त बनाने में नाबार्ड का महत्वपूर्ण योगदान-गौतम कुमार दक

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान में एकीकृत और सतत ग्रामीण समृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए रु 4.40 लाख करोड़ के प्राथमिकता क्षेत्र ऋण वितरण का अनुमान लगाया है। ऋण की संभावित राशि पिछले वर्ष के अनुमान की तुलना में 22त्न अधिक है।




नाबार्ड द्वारा बुधवार को आयोजित स्टेट क्रेडिट सेमिनार के दौरान राज्य मंत्री, सहकारिता और नागरिक उड्डयन (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक द्वारा, मंजू राजपाल, आईएएस, प्रमुख शासन सचिव-सहकारिता, बलराज सिंह, वीसी, एसकेएनएयू, जोबनेर, टीकम चंद बोहरा, आईएएस, एमडी - राजफेड और डॉ. राजीव सिवाच, मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड की उपस्थिति में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए तैयार किए गए स्टेट फोकस पेपर (एसएफपी) का विमोचन किया गया जो राजस्थान राज्य में भौतिक और वित्तीय, दोनों संदर्भों में, दोहन योग्य जिलावार ऋण वितरण की संभाव्यता का समेकित दस्तावेज़ है।

सहकारिता मंत्री ने इस सेमीनार अपने संबोधन में नाबार्ड द्वारा तैयार की गई ऋण योजना और स्टेट फोकस पेपर 2025-26 की सराहना की। साथ ही, उन्होंने बैंकों, संबंधित विभागों और अन्य हितधारकों को नाबार्ड द्वारा स्टेट फोकस पेपर में किए गए अनुमानों को प्राप्त करने के लिए एकजुट होकर काम करने की सलाह दी। उन्होंनें सहकारिता को प्राथमिकता प्रदान करने में प्रधान मंत्री के नेतृत्व मे वर्ष 2021 मे केंद्र सरकार द्वारा अलग से सहकारिता मंत्रालय बनाए जाने को रेखांकित करते हुए कहा कि सहकार से समृद्धि के तहत, केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं जिनमें प्राथमिक कृषि क्रेडिट समितियों का कंप्यूटरीकरण, नई बहुउद्देश्यीय पीएसीएस की स्थापना, सहकारी क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना , सहकारिता में सहकार पर राष्ट्रव्यापी अभियान और ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारी बैंकों की मजबूती शामिल है।

दक ने सहकारी समितियों के कंप्यूटरीकरण, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और वित्तीय सहायता के माध्यम से सहकारी आंदोलन को सशक्त बनाने में नाबार्ड द्वारा दिये गए महत्वपूर्ण योगदान की सराहना करते हुए कहा कि राजस्थान में नाबार्ड ने कृषि और ग्रामीण विकास के लिए कई परियोजनाओं को वित्तपोषित किया है, जिससे हमारे किसानों और ग्रामीण उद्यमियों को लाभ हुआ है।

# शान्तिनाथ जैन मंदिर के स्थापना के प्रथम दिवस पर श्रद्धालुओं ने भक्तामर विधान अनुष्ठान किया

**निम्बाहेड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** यहाँ धर्मवलम्बियो ने सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान मे आयोजित शान्तिनाथ जिनालय के प्रथम स्थापना कार्यक्रम का आरम्भ बुधवार को भक्तामर विधान अनुष्ठान से किया। समाज के प्रवक्ता मनोज़ सोनी के अनुसार शान्तिनाथ दिगंबर जैन जिनालय के प्रथम स्थापना दिवस के अंतर्गत बुधवार को प्रथम दिवस पर समाजजनो ने आदिनाथ मंदिर मे भक्तामर विधान अनुष्ठान का



आयोज़न विधानाचार्य पंडित अभिषेक जैन शास्त्री कोटा के सानिध्य मे सम्पन्न कराया। श्रद्धांलुओं ने विधि पूर्वक 48 भक्तामर मंत्रोचार के साथ जिन प्रतिमा के समक्ष अर्घ्य चढ़ाये ओर प्रत्येक मंत्र पर बारी बारी से दीप प्रजवलित किया।

विधान से पूर्व जिनाभिषेक शांतिधारा ओर विधान मांड़ने पर पांच कलशो कि स्थापना कर पूजा अनुष्ठान सम्पन्न किये। अपराह्न को शान्तिनाथ मंदिर मे शास्त्र स्वाध्याय धर्म विवेचना ओर धर्म शंका समाधान के कार्यक्रम के अलावा सकल जैन समाज कि महिलाओ ने चौबीसी का मंगल गान किया। समाज अध्यक्ष सुशील काला ओर महामंत्री मनोज़ पटवारी ने बताया कि गुरुवार को दूसरे दिवस पर प्रातः 7 बजे से शान्तिनाथ मंदिर मे शन्तिनाथ विधान पूजा का आयोजन होगा वही रात्रि को प्रख्यात भजन गायक प्रशांत जैन एंड पार्टी कि स्वर लहरी से भक्ति संध्या मे श्रद्धांलू जन भाव भक्ति से सरोबार होंगे।

## अराई प्रधान एवं प्रधान पति दोष मुक्त

**अराई (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान सरकार के अतिरिक्त आयुक्त एवं शासन उप सचिव ने अराई पंचायत समिति के प्रधान एवं उनके पति पर जिला परिषद में दर्ज परिवाद से दोष मुक्त कर दिया है।

अतिरिक्त आयुक्त एवं शासन उप सचिव इंद्रजीत सिंह ने आदेश जारी कर बताया कि जिला परिषद में दर्ज परिवाद में अराई पंचायत समिति के प्रधान सीता देवी एवं प्रधान पति शैतान पुनिया पंचायत समिति अराई पर पद पर रहते हुये अपनी फर्म के नाम से कार्यों का भुगतान उठाने, अपने चहेते सरपंचों को पंचायत समिति फण्ड की राशि आंवटन करने एवं प्रधान की जगह उनके पति द्वारा कार्य किये जाने संबंधी प्रकरण की जांच रिपोर्ट मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद अजमेर से प्राप्त हुई। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद, अजमेर से प्राप्त जांच रिपोर्ट का प्रकरण में अवलोकन परीक्षण करने के उपरान्त राज्य सरकार द्वारा प्रकरण समाप्त किये जाने का विनिश्चय किया गया है। राज्य सरकार द्वारा लिये गये विनिश्चय के क्रम में सीता देवी प्रधान एवं प्रधान पति शैतान पुनिया पंचायत समिति अराई जिला अजमेर के विरूद्ध विचाराधीन प्रकरण को समाप्त कर दिया गया है।

पंचायत समिति सदस्य वार्ड नंबर 8 मिट्ठू देवी ने जिला परिषद अजमेर को शिकायत भेज कर प्रधान सीता देवी एवं उनके पति शैतान पूनिया के खिलाफ पद के दुरुपयोग करने, निजी फर्म पर कार्य करने ओर अपने चहेते सरपंचों को पंचायत समिति का फंड जारी करने का आरोप लगाया था।

## स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान में आमजन को कर रहे जागरुक, विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का हो रहा संचालन

**बून्दी (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान में निरंतर आमजन को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसमे विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ. ओपी सामर ने बताया कि जिले में अभियान की शुरुआत 30 जनवरी को हुई थी जो 13 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके तहत विद्यालयों में जाकर स्वास्थ्य विभाग की टीमें बच्चों को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक कर रही हैं।

साथ ही जिला, ब्लॉक एवं अभियान के अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों पर प्रचार-प्रसार स्लोगन लेखन, माइकिंग, पम्पलेट्स वितरण, प्रचार वाहन, फ्लैक्स बैनर प्रदर्शन आदि गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

## सार्वजनिक अवकाश घोषित

**चित्तौड़गढ (हुक्मनामा समाचार)।** जिला निर्वाचन अधिकारी (जिला कलक्टर) आलोक रंजन ने एक आदेश जारी कर ग्राम पंचायत बेगूं के वार्ड संख्या 22 में जिला परिषद सदस्यों के लिए होने वाले उपचुनाव 14 फरवरी, 2025 को मतदान होने से उक्त क्षेत्रों में मतदान होने से 14 फरवरी, 2025 (शुक्रवार) का सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। उन्होंने बताया कि पंचायत राज संस्थाओं के जिला परिषद चित्तौड़गढ़ में स्थित पंचायत समिति क्षेत्र बेगूं हेतु जिला परिषद सदस्य संख्या 22 (ग्राम पंचायतों आंवलहेडा, चेंची, धामंचा, दौलतपुरा, दौराई, गोविन्दपुरा, जयनगर, मण्डावरी, मेघपुरा, रामपुरिया, सामरिया कलां, सुवानिया, ठुकराई व शादी) में उप चुनाव हेतु 14 फरवरी, 2025 को।

## एमडीएसयू अजमेर कुल सचिव के नाम कॉलेज प्राचार्य को सोपा ज्ञापन



**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** जिला मुख्यालय पर स्थित राजकीय बांगड़ महाविद्यालय की कॉलेज प्राचार्य डॉ मनीषा गोदारा को छात्रों के द्वारा एमडीएसयू अजमेर कुलसचिव के नाम एक ज्ञापन कॉलेज की विभिन्न समस्याओं को लेकर सोपा गया है। ज्ञापन में कई मांगे की गई है। जिसमें ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है। कि बीए बीकॉम की तरह बीएससी के विद्यार्थियों को भी प्राइवेट करने का विकल्प दिया जाए। एव बेक पेपर में 1230 रुपए लेकर जो ओपन लुट मचा रखी है। उसको बंद किया जाए। समय पर मांगों को पूरा नहीं करने पर सभी छात्र संगठन मिलकर आंदोलन करेंगे जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## विकसित आत्मनिर्भर भारत को मजबूती प्रदान करेगा बजटः भजनलाल शर्मा

**बारां (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि केंद्रीय बजट 2025-26 विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूती देगा। साथ ही, बजट में मेक इन इण्डिया से अब श्मेक फॉर वर्लड की अवधारणा के साथ देश को वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने की दिशा दी गई है। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस बजट में समावेशी विकास पर विशेष फोकस देते हुए संतुलित विकास का रोडमैप दिया गया है।

उन्होंने कहा कि बजट में मध्यम वर्ग को बड़ी राहत दी गई है, किसानों को आर्थिक संबल दिया गया है तथा एमएसएमई सेक्टर को भी मजबूती दी गई है। जनता का यह बजट भारत के जन-जन के भविष्य को निखारेगा तथा बजट से समृद्ध और सशक्त राजस्थान के विजन को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा जल जीवन मिशन की अवधि को बढ़ाने, पावर सेक्टर रिफॉर्म के लिए विशेष सहायता देने एवं राज्य को पूंजीगत निवेश के लिए ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किये जाने के संबंध में प्रस्ताव दिए थे जिस पर केन्द्र सरकार ने बजट में मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि बजट 2025-26 में सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास पर विशेष बल दिया गया है, जिससे देश विश्व में आर्थिक महाशक्ति की राह पर अग्रसर होगा।

## अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन में स्पिक मैके द्वारा भरतनाट्यम की प्रस्तुति

**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बसंत विहार, कोटा में स्पिक मैके के तत्वावधान में प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना दिव्या राम ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दिव्या राम ने अपने नृत्य के माध्यम से कई आध्यात्मिक प्रसंगों का जीवंत चित्रण किया, जिनमें गणेश वंदना, वामन अवतार, केवट प्रसंग और शिव स्तुति प्रमुख थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अकलंक विद्यालय एसोसिएशन के अध्यक्ष पीयूष बज, सचिव अनिमेष जैन और अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन के समस्त व्याख्याताओं ने दीप प्रज्वलन कर किया। दिव्या राम की प्रस्तुति ने दर्शकों को भारतीय संस्कृति और




आध्यात्मिकता की गहराई में ले जाया। उनके नृत्य में भाव, लय और ताल का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। उन्होंने अपनी भावपूर्ण अभिव्यक्ति और नृत्य कौशल से दर्शकों को बांधे रखा। अकलंक विद्यालय एसोसिएशन के अध्यक्ष पीयूष बज व सचिव अनिमेष जैन ने कहा कि स्पिक मैके द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम छात्रों के लिए भारतीय संस्कृति और कला को जानने का एक अच्छा अवसर था। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन भविष्य में भी किया जाएगा।

## 13 फरवरी को आयोजित होने वाले मेडिकल कैम्प में बनेंगे मोटर वाहन दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के अक्षमता प्रमाण-पत्र

**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार 8 मार्च (द्वितीय शनिवार) को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन ऑफलाईन के साथ-साथ ऑनलाइन भी किया जायेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सरिता मीणा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए 13 फरवरी को मोटर वाहन दुर्घटना दावा अधिकरण क्र.सं. 1 व 2 बूंदी में लंबित प्रकरणों के निस्तारण के लिए मेडिकल कैम्प का आयोजन मोटर वाहन दुर्घटना दावा अधिकरण क्र.सं.1 पर प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस मेडिकल कैम्प में मोटर वाहन दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के अक्षमता प्रमाण-पत्र बनाये जायेंगे।

## पांच दिवसीय मेडिटेशन शिविर का हुआ शुभारंभ



**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** तिरुपति विहार स्थित ब्रह्माकुमारी सभागार में आज से पांच दिवसीय मेडिटेशन शिविर बढ़ते कदम खुशी की ओर का शुभारंभ हुआ।

शिविर के प्रथम सत्र में गुजरात से आए मुख्य वक्ता तुलसी दीदी ने अपने वक्तव्य में स्वस्थ तन के विषय पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि हम अपने डॉक्टर स्वयं बन सकते हैं और अपने स्वास्थ्य को सुधार सकते हैं।

हमारे जीवन में छोटी-छोटी बातें हमारे स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं। तुलसी दीदी ने आत्मा के सात गुणों ज्ञान, पवित्रता, सुख, शांति, प्रेम, आनंद और शक्ति के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि गुण हमारे शरीर के विभिन्न अंगों पर प्रभाव डालते हैं।

## स्काउट गाइड का द्वितीय सोपान बैज परीक्षा शिविर पादूकलां में

**पादूकलां (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ, रियां बड़ी के तत्वावधान में द्वितीय सोपान बैज परीक्षा शिविर बुधवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय गायत्री मंदिर पादूकलां(नागौर) मे ईश प्रार्थना के साथ शुभारंभ हुआ।स्थानीय संघ स्काउट गाइड सचिव बलदेवराम जयपाल ने बताया कि इस बैज परीक्षा शिविर में स्काउट गाइड की पायनियरिंग, सिगनैलिंग, कम्पास, आग जलाना व बुझाना, भोजन बनाना, प्राथमिक सहायता, अनुमान लगाना और रसोइया बैज की परीक्षा ली जायेगी। उक्त शिविर में योग्यताधारी 195 स्काउट्स व 78 गाइड्स ने भाग लिया। इस अवसर पर भारत स्काउट गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई द्वारा आयोजित राष्ट्रीय डायमंड जुबली जम्बूरी त्रिची तमिलनाडु में भाग लेने वाली गाइड्स निक्कू झींझा सुनिता ढाका निशा लामरोड़ व संतोष पब्लिक स्कूल गुढ़ा जगमालोता के स्काउट मास्टर पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ का आर ए एस मेंस में उत्तीर्ण होने पर माला व साफा पहनाकर सम्मानित किया गया।स्काउट गाइड के सहायक जिला कमिश्नर गोपाल सिंह चारण ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्काउट गाइड जीवन जीने की एक कला है।स्काउट अपने जीवन में कठिन से कठिन कार्य को सहजता एवं सुगमता से कर लेता है।तथा स्काउट गाइड को इन शिविर में देश सेवा प्रकृतिप्रेमी,अनुशासन शील व संस्कारवान बनने के लिए बताया जाता है।जो भावी जीवन को राष्ट्र के प्रति समर्पित करता हैं।बलदेवराम जयपाल ने अपने उद्बोधन में स्काउट व गाइड को संबोधित करते हुए कहा कि भारत स्काउट गाइड के 75 वीं साल को डायमंड जुबली वर्ष मनाया जा रहा है। इसअवसर पर नागौर जिला मुख्यालय द्वारा मिनी जम्बूरी का आयोजन किया जा रहा है

## ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन प्रस्तावों पर चर्चा

**उदयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देश पर बुधवार को कलेक्ट्रेट के मिनी सभागार में जिले की ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन को लेकर प्राप्त प्रस्तावों पर चर्चा की गई। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन की प्रक्रिया 20 जनवरी से प्रारंभ हो चुकी है। 18 फरवरी तक नई ग्राम पंचायतों व पंचायत समितियों के प्रस्ताव तैयार करने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) दीपेंद्र सिंह राठौड़ ने एक-एक कर सभी उपखण्ड अधिकारियों से ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन के प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए कहा कि पुनर्गठन के दौरान निर्धारित मापदण्डों का पूर्ण पालन हो और जनभावना को भी ध्यान में रखा जाए। 2011 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर ग्राम पंचायतों और पंचायत समितियों के पुनर्गठन, पुनर्सीमांकन और नवसृजन के मापदण्ड तय किए गए हैं। 21 मार्च तक तैयार प्रस्तावों को प्रकाशित कर आपत्तिं आमंत्रित की जाएगी। बैठक में प्राप्त प्रस्तावों और परिवेदनाओं पर भी संबधित उपखण्ड अधिकारी से चर्चा की गई। इस दौरान किस पंचायत समिति में कितनी ग्राम पंचायतें टीएसपी या नॉन टीएसपी में आती हैं, ग्राम पंचायत वार जनसंख्या, स्थानीय जन भावना सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में गिर्वा एसडीएम सोनिका कुमारी, प्रशिक्षु आईएस अधिकारी माधव भारद्वाज, शुभम अशोक, मावली एसडीएम रमेश सीरवी, झाड़ोल एसडीएम कपिल कोठारी, गोगुन्दा एसडीएम नरेश सोनी, बड़गांव एसडीएम निर्मला विश्नोई सहित सभी उपखण्ड अधिकारी उपस्थित थे।

## सत्संग के बिना जीवन अधूरा

**भिनाय (हुक्मनामा समाचार)।** सत्संग के बिना जीवन अधूरा है। शाकाहार व सदाचार अपनाकर अपने दुर्लभ जीवन को सफल बनाना चाहिए।

कस्बे में बांदनवाड़ा रोड़ पर स्थित जयगुरुदेव आश्रम व सत्संग स्थल परिसर में बुधवार को मासिक पूर्णिमा पर आयोजित सत्संग में उक्त उदगार जयपुर निवासी वक्ता सुनील सोनी ने धार्मिक आध्यात्मिकता पर व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भविष्य में ओर अधिक ख़राब समय आने वाला है। इसलिए इस दुर्लभ व अमूल्य जीवन को सत्संग से लगातार जोड़कर रखे। ओर दुनिया के रिश्ते नाते प्रेम प्यार से निभायें। उल्लेखनीय है कि जय गुरुदेव आश्रम उज्जैन के परम संत उमाकांत जी के आदेशानुसार यहां आश्रम परिसर में प्रत्येक पखवाड़े में एक बार उदर पूर्ति भंडारे में 500 सत्संगियों व श्रृद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी बनाई जाती है। बुधवार को भी भंडारा रखा गया। जिसमें सत्संग के पश्चात सत्संगियों ओर श्रृद्धालुओं ने खुशी व आनंद से प्रसादी ग्रहण की।

स्थानीय जय गुरुदेव आश्रम के व्यवस्थापक धन्ना लाल प्रजापति ने बताया कि सत्संग मय भंडारे में भिनाय, रांण, पिपलिया, सरगांव, बड़गांव, नागोला, उदयगढ़ खेड़ा, गुजरवाड़ा, रेबारियो की ढाणी, बांदनवाड़ा, गोवलिया, आदि विभिन्न गांवों से घासी रायका,चेतन वैष्णव, गोपाल रायका व गुमान रायका, उगमा कसाणा, भीमा रायका, रतन जी पहलवान सहित बडी तादाद में महिला पुरुष व युवक युवतियां सहित सत्संगियों ने भाग लेकर सत्संग का धार्मिक लाभ लिया।

## क्योंझर सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के प्रतिनिधि मंडल की एक्सपोजर विजिट

**उदयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का उद्घाटन करते हुए क्योंझर सेन्ट्रल को- ऑपरेटिव बैंक लि. उडीसा के निर्वाचित अध्यक्ष कानन बिहारी पाही, उपाध्यक्ष श्रीमती रश्मिरेखा चक्र ने अन्य निदेशक एवं बैंक प्रतिनिधियों के साथ प्रतापनगर स्थित उदयपुर सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि. उदयपुर में आयोजित संगोष्ठी में भाग लिया। संगोष्ठी की अध्यक्षता सहकारिता विभाग उदयपुर के क्षेत्रीय अंकेक्षण अधिकारी आशुतोष भट्ट ने की। बैंक प्रबन्ध निदेशक अनिमेष पुरोहित ने प्रतिनिधिमंडल से सहकारी अल्पकालीन ऋण योजना, सरकार व नाबार्ड की विभिन्न योजनाएं, मिनी बैंक व्यवस्था, ऑडिट, निरीक्षण एवं बैंक की वित्तीय स्थिति पर सार्थक चर्चा की। क्योंझर सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि. उड़ीसा के अध्यक्ष पाही ने बताया कि उड़ीसा में संचालक मण्डल बैंक के हित में पूरी तन्मयता के साथ बैंक के प्रत्येक कार्य में रूचि लेते है। बैंक में कर्मचारियों की संख्या आवश्यकता अनुरूप है तथा ऑडिट की अनिवार्यता को ऋण वितरण से सीधे जोड कर रखा है अर्थात ऑडिट की अनुपस्थिति में समिति में ऋण वितरण कार्य नहीं करने दिया जाता है।

## सीसवाली नगर पालिको को मिली कचरा संग्रहण गाड़ी



**सीसवाली (हुक्मनामा समाचार)।** सीसवाली नगर पालिका में घर घर कचरा संग्रहण के लिए गाड़ी को पालिका अध्क्षक मो . इदरिस खान ने कचरा गाड़ी पालिका क्षेत्र के लिए रवाना किया इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी महेश छन्दक, चौथमल मीणा, बालमुकन्द मीणा, उपाध्यक्ष लोकेश बैरवा,वार्ड पार्षद वेदप्रकाश यादव गिरिराज गोतम.सहित पालिका के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे हैं!

## ग्राम लांबा पंचायत समिति कुचामनसिटी का पुर्नगठन कर नवीन ग्राम पंचायत बनाने की मांग सोपा ज्ञापन

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** जिले के कुचामन सिटी के नजदीकी ग्राम लांबा के ग्रामीणों के द्वारा ग्राम पंचायत की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को एक ज्ञापन सोपा है। जिसमे बताया कि कुचामन तहसील की ग्राम पंचायत जिजोट के ग्राम लाम्बा की नवीन पंचायत बनाने हेतु आवेदन किया है।

ग्राम लाम्बा स्टेट हाईवे 113 पर स्थित है। एव लाम्बा को नवीन ग्राम पंचायत बनाकर इसमे निकट निकटवर्ती ग्राम कोटड़ा, भिलाल, एवं रामपुरा को भी सम्मिलित किया जावें जिनकी कुल जनसंख्या (जनगणना 2011 के अनुसार) 3580 है। एवं पुनर्गठन में ग्राम लांबा को ग्राम पंचायत बनाया जाए ताकि ग्रामीणों के लिए पंचायत से होने वाले कार्य जल्दी और सुचारू रूप से हो सके तो आसपास के जो गांव इसमें सम्मिलित होंगे उनको भी पंचायत का लाभ मिल सके एवं आमजन को किसी तरह की कोई परेशानी का सामना न करना पड़े।

## 15 शाबान (शबे बरात) मग़फिरत व बरकत की रात कल

**जहाजपुर (हुक्मनामा समाचार)।** 15 शाबान की रात, जिसे शबे बरात कहा जाता है, इस्लाम में एक महत्वपूर्ण और फज़ीलत वाली रात मानी जाती है। इसे मग़फिरत (गुनाहों की माफी) और बरकत की रात कहा जाता है। इस रात में अल्लाह अपने बंदों की दुआओं को कबूल करते हैं और गुनाहों को माफ करते हैं। शाही जामा मस्जिद के इमाम मौलाना अब्दुर्रहमान ने बताया कि इस रात में अल्लाह तआला अपनी रहमत के दरवाजे खोल देते हैं और बहुत से गुनाहगारों को माफ कर देते हैं।

इस रात इंसानों के अगले साल का रिज़्क, मौत और तक़दीर के अहम फैसले किए जाते हैं। हदीसों के मुताबिक, हज़रत मुहम्मद सअस इस रात जन्नतुल बक़ी (मदीना के कब्रिस्तान) गए और वहां दुआ की।

इसलिए इस रात कब्रिस्तान जाकर मरहूमीन के लिए मग़फिरत की दुआ करने की तरगीब दी जाती है। इस रात अल्लाह अपने बंदों की दुआएं सुनते हैं और अपनी रहमत नाज़िल करते हैं।

हज़रत आयशा (रज़ि.) से रिवायत है कि रसूलुल्लाह ने फरमाया अल्लाह तआला 15वीं शाबान की रात को पहले आसमान पर तजल्ली फरमाते हैं और बनी कलब के बकरों के बालों की तादाद के बराबर लोगों को माफ कर देते हैं।

## अखिल भारतीय खटीक समाज की कुचेरा पटी की बैठक आयोजित



**कुचेरा (हुक्मनामा समाचार)।** अखिल भारतीय खटीक समाज सकल 84 की नवनिर्मित कुचेरा पट्टी की बैठक बुधवार को खटीक समाज भवन में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ संत दुर्बलनाथ महाराज व बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की तस्वीर के समक्ष माल्यर्पण कर किया गया। अखिल भारतीय खटीक समाज(रजि.) के युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष रामस्वरूप सामरिया के नेतृत्व में कुचेरा, मूण्डवा, जायल, रोल, खजवाना, तरनाऊ, बड़ी खाटू, छोटी खाटू सहित विभिन्न क्षेत्रों से पधारें समाजबंधुओं ने भाग लिया। गौरतलब है कि गत 9 फरवरी को रामदेवरा में आयोजित हुई सकल चौरासी की मीटिंग में कुचेरा को पटी का दर्जा दिया गया था। जिसके तहत कुचेरा पटी की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई।

## चेचट के ऊंडवा में बनेगा बालिका सैनिक स्कूल, 22.25 हेक्टेयर जमीन आवंटित

**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने बुधवार को सलावद खुर्द ग्राम पंचायत में सरकार आपके द्वारा जन समस्या समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं की सुनवाई की तथा शिविर में अधिकारियों को तत्काल लोगों की समस्याओं के समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में कुल 360 आवेदन प्राप्त हुए जिनके निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश मंत्री ने दिए। शिक्षा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ने गत वर्ष के वार्षिक बजट में सभी संभाग मुख्यालयों पर बालिका सैनिक स्कूल स्थापित करने की घोषणा की थी। खैराबाद पंचायत समिति की ग्राम पंचायत चेचट के ऊंडवा गांव में कुल रकबा 22.25 हेक्टर चारागाह भूमि का नि:शुल्क आवंटन बालिका सैनिक स्कूल स्थापित करने के लिए शिक्षा विभाग को किया गया है। बालिका सैनिक स्कूल बनने से हमारे क्षेत्र की बालिकाएं यह सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर देश की सेना में सेवाएं देगी। उन्होंने कहा कि चेचट में राजकीय महाविद्यालय प्रारंभ हो गया है। आदर्श वेद विद्यालय के लिए जमीन आवंटन हो गया है। इसी शिक्षा सत्र से प्रवेश प्रारंभ हो जाएंगे। बालिका सैनिक स्कूल की भी जमीन मिल गई है। अब स्कूल का निर्माण शुरू किया जाएगा। शिक्षा मंत्री का हुआ अभिनंदन सूर्य सप्तमी के अवसर पर 1.34 करोड़ विद्यार्थियों के एकसाथ सूर्य नमस्कार कर विश्व रिकार्ड बनाएं जाने पर शिविर के दौरान शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को 51 किलो का पुष्पहार पहनाकर अभिंनदन किया।

## राष्ट्रीय बागवानी मिशन अन्तर्गत दो दिवसीय जिला स्तरीय सेमीनार का सफल आयोजन

**चित्तौड़गढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना अन्तर्गत जिला स्तरीय सेमीनार दिनांक 11, 12 फरवरी 2025 को उद्यानिकी फसलों की उन्नत कृषि विधियां फल उत्पादन एवं संरक्षित खेती की आधुनिक तकनीक विषय पर सीताफल उत्कृष्टता केन्द्र, निंबाहेडा रोड, चित्तौडगढ, पर आयोजन किया गया। जिसमें द्वितीय दिवस को श्रीमती नोविना शेखावत कृषि अधिकारी द्वारा सीताफल की उन्नत खेती पर जानकारी दी गई। डॉ0 किशनलाल नागा कृषि अनुसंधान अधिकारी (कीट) द्वारा उद्यानिकी फसलो में लगने वाले कीटो के नियन्त्रण की जानकारी प्रदान की गयी। श्री रमेशचन्द्र धाकड़ सहायक निदेशक कृषि (वि.) द्वारा समन्वित पौषक तत्व प्रबन्धन की जानकारी दी गई। उपनिदेशक कृषि (आईपीएम) द्वारा उद्यानिकी फसलो में जैव कीट एवं रोग नियन्त्रण की विस्तृत जानकारी दी गयी। श्रीमती अंशु चौधरी सहायक निदेशक कृषि (वि.) द्वारा जायद की प्रमुख उद्यानिकी एवं कृषि की फसलो में फसल प्रबन्धन की जानकारी दी गयी। उपनिदेशक उद्यान डॉ. शंकर लाल जाट ने सेमीनार के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए उपस्थित कृषकों एवं विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

सेमीनार के समापन पर मुख्य अतिथि के रूप में राजाराम सुखवाल, उप निदेशक उद्यान (अनुसंधान) चित्तौडगढ़ ने कृषकों से नवीनतम कृषि तकनीक अपनाते हुए अधिक से अधिक उद्यानिकी फसले लगाने की अपील की।

## काला कपड़ा नहीं मिला तो काली थैली दिखा कर ही अपना विरोध जताया

**शाहपुरा (हुक्मनामा समाचार)।** जिला उपखंड मुख्यालय पर शाहपुरा विधायक लालाराम बेरवा द्वारा जनता एवं कार्यकर्ताओं का दरबार लगाने के पश्चात पंचायत समिति से त्रिमूर्ति चौराहे तक जनता के समक्ष दबंगता के साथ कार में सुरक्षा कर्मियों के साथ ढोल नगाड़ों लेकर रोड शो किया लेकिन शाहपुरा जिले को समाप्त करने को लेकर विधायक और सरकार का विरोध का सामना करना पड़ा अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के बाहर एक युवक को विरोध करने के लिए काला कपड़ा नहीं मिलने पर सब्जियों फल के थैले वालों से शाहपुरा काली पॉलीथिन की थेली लेकर लहराने हुये

अपना विरोध दर्ज करवाया जो कस्बे में चर्चा का विषय रहा ग़ौरतलब है कि पूर्व में आमजन द्वारा विधायक के कट आउट को फ़ाड़ कर ध्वस्त करना, फोटो पर जूते की माला पहनना एवं फोटो पर पेर से जूते निकाल कर मारना जीवित ही श्रद्धांजलि अर्पित करके विरोध जताया गया।

## गंदगी फैलाते पकड़े गए दोषी लोगो पर जुर्माना लगेगा, शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण सूची में अव्वल लाने के प्रयास तेज

**ब्यावर (हुक्मनामा समाचार)।** शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण सूची में अव्वल लाने के लिए पिछले कुछ दिनों से नवाचार और अन्य प्रयासों से अभियान में जुटे परिषद आयुक्त और एक्सईएन ने समझाइश बाद भी व्यवस्था में सहयोग नहीं करने और अड़चन डालने वालों पर सख्ती बरतने का निर्णय लिया है। इसी के तहत अब ऐसे लोगों से चालान बनाकर जुर्माना वसूलने की कार्रवाई भी शुरू हो चुकी है। आयुक्त विकास कुमावत ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए शुरू किए गए अभियान के तहत टीम व्यापारियों से पिछले एक सप्ताह से समझाइश करने में जुटी है। यदि समझाइश बाद भी कोई व्यवस्था में सहयोग नहीं करता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर टीम के साथ आयुक्त ने खुद दुकानों का निरीक्षण किया। गंदगी फैलाते पकड़े गए तो भी जुर्माना लगेगा, अब यदि आप बाजार में गंदगी फैलाते नजर आए तो परिषद की टीम तुरंत चालान बनाकर जुर्माना वसूलेगी। इसके लिए मंगलवार को ही आयुक्त ने सहायक जमादारों को लाउड स्पीकर से जागरूकता संदेश देने के लिए रवाना किया। इसी क्रम में मंगलवार को करीब 3500 रुपए का जुर्माना वसूला गया। मौके पर आयुक्त विकास कुमावत, एक्सईएन पीएस गुर्जर, स्वास्थ्य निरीक्षक हरिराम लखन, जमादार शिवराज चांविरया, कमलेश खोकर, नितिन सांगेला, चेतन घांवरी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

## परीक्षा से पहले की तैयारी के टिप्स बताए

**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** जिला प्रशासन के कोटा केयर्स अभियान के तहत जिला कलक्टर डॉ.रविन्द्र गोस्वामी बुधवार को सीएडी सर्किल स्थित मोशन कोचिंग संस्थान में कोचिंग विद्यार्थियों की क्लास में पहुंचे। उन्होंने परीक्षा से पहले की तैयारी के लिए जरूरी मैथड्स एवं ध्यान में रखने योग्य बातें विद्यार्थियों के साथ साझा की। उन्होंने बच्चों को मोटिवेट किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने भी सवाल पूछे और जिला कलक्टर ने उनकी शंकाओं एवं जिज्ञासाओं का समाधान किया। उन्होंने कहा कि स्टूडेंट्स को अपना अटेंशन स्पान समझना चाहिए। इसके अनुसार ही प्लानिंग करनी चाहिए। हम कितनी देर पढ़ सकते हैं। यह समझते हुए ही छोटी-छोटी प्लानिंग करें। ऐसे में एक्जीक्यूशन अच्छा हो सकेगा।

# तहसीलदार और बीडीओ ने किया निरक्षण

**मांगलियावास (हुक्मनामा समाचार)।** पीसांगन तहसीलदार भागीरथ चौधरी ने ग्राम पंचायत कालेसरा मुख्यालय का निरक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तहसीलदार चौधरी ने बताया कि उनके द्वारा ग्राम पंचायत मुख्यालय, पटवार कार्यालय, कृषि कार्यालय का निरक्षण किया गया। साथ ही जर्जर पटवार भवन की देयनीय हालत देखकर गहरी नाराजगी जताई एंव ग्राम विकास अधिकारी छोटू सिंह को जर्जर



भवन की सुध लेकर मरम्मत करवाने एंव कृषि पर्यवेक्षक कार्यालय को अस्थाई अन्यत्र स्थापित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी को टाला जा सके। इधर बीडीओ डारा ने किया सफाई व्यवस्था का जायजा-पीसांगन विकास अधिकारी सोहनलाल डारा ने ग्राम पंचायत कालेसरा मे गली मोहल्लो मे फैली गंदगी एंव अतिक्रमण का जायजा लेकर विडिओ छोटू सिंह को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये गए। बीडीओ डारा ने बताया कि कालेसरा मे नालियों को अवरुद्ध करने, गली मोहल्लो एंव आम रास्तो पर पत्थर, रोड़ी एंव कांटे डालकर आम रास्ता अवरुद्ध करने की लगातार शिकायते मिल रही थी।

जिसके बाद अवलोकन किया गया एंव ग्रामीणों को सख्त हिदायत देकर आम रास्तो पर अतिक्रमण ना करने की चेतावनी दी गईं एंव ग्राम विकास अधिकारी को अतिक्रमण करने वालो को नोटिस जारी करने एंव साफ सफाई की व्यवस्था समुचित करने के सख्त निर्देश दिए गए। इस दौरान उपसरपंच सुरज्ञान जाट, उप सरपंच प्रतिनिधि रमेश झेलेवाला, पटवारी देवेंद्र चौधरी, ग्राम विकास अधिकारी छोटू सिंह, एलडीसी सरिता कुमावत, कृषि पर्यवेक्षक चेनाराम जाट, पशु निरीक्षक कमलेश कुमावत, मुकेश कांगवा, राजू कांगवा, ओमप्रकाश मेघवंशी, सहित सभी मौजूद रहे।

## उपखण्ड अधिकारी न्यौल ने चलाया धरियावद नगर अतिक्रमण से मुक्त हो, जिस पर पुराने बस स्टेण्ड हो गया मुक्त

**धरियावद (हुक्मनामा समाचार)।** नगरपालिका अधीन नगर में अतिक्रमण का बोल बाला बना हुआ रहता था जिसे आमजन वाहनधारी सहित हो रहे थे काफी परेशान .. जिसकी जानकारी धरियावद उप खण्ड अधिकारी राकेश कुमार न्यौल ऐजे धरियावद उपखण्ड क्षेत्र के मालिक के सज्ञान में आने पर न्यौल द्वारा सरकारी विभाग की और अवेध अतिक्रमण बना हुआ देखकर नगरपालिका पुलिस प्रसासन को साथ रख कर पुराने बस स्टेण्ड से लेकर सलूम्बर मार्ग अस्पताल पंचायत समिति तक अतिक्रमण हटाया गया और कानून के तोर पर पाबन्ध भी करवाया गया जिसे अभी इस मार्ग पर अतिक्रमण मुक्त हो जाने से आमजन



वहनधारियो अस्पताल में आने जाने वाले को काफी राहत मिल रही जिस पर नगर की जनता ने न्यौल का आभार व्यक्त किया और कहा ऐसे अधिकारी हो तो आमजनता को कोई आपति नही हे वही जनता ने न्यौल से मांग करी धरियावद से प्रतापगढ़ जाने वाले आबादी क्षेत्र में नर्सियाजी मंदिर से कर्मोइ नदी मध्य जम्प लगवाया जाये साथ ही सदरबाजार में भी आप दौरा करे जिसे आपको ज्ञात हो जायेगा इस मार्ग की क्या हालत बनी हुई अतिक्रमण को लेकर सदरबाजार से कबूतर खाना नया बस स्टेण्ड तक की और गोर फ़रमाया जाये साथ ही कल्याणपुरा मार्ग की और के लिए जनता ने उप खण्ड अधिकारी से माग की गई।

# हरे कृष्ण मंदिर में मनाया गया नित्यानंद प्रभु का प्राकट्योत्सव

**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** सोमवार को मुकुंद्रविहार स्थित हरे कृष्ण मंदिर में साल के पहले भव्य उत्सव के रूप में प्रभु नित्यानंद का प्राकट्योत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में विशेष झांकी सजाई गई और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। गौड़ीय वैष्णव संप्रदाय में विशेष महत्व गौड़ीय वैष्णव संप्रदाय में माघ मास की त्रयोदशी को नित्यानंद महाप्रभु (जो बलराम के अवतार माने जाते हैं) के आविर्भाव दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस पावन अवसर पर गौर निताई का विशेष



रूप से फूलों से श्रृंगार किया गया और भव्य झांकी सजाई गई, जो भक्तों के आकर्षण का केंद्र रही। विशेष पूजा-अर्चना और महाभिषेक भगवान गौर निताई को 56 भोग अर्पित किए गए। मंदिर में गुलाब, ऑर्किड, कार्नेशन, मधुकामिनी, जाफरी, कनेर, मोगरा, डेजी और डेहलिया के फूलों से भव्य झांकी का निर्माण किया गया। शाम के समय गौर निताई की विशेष पालकी यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तगण शामिल हुए। मंदिर के गौरांग हॉल में गौर निताई के विग्रह का पंचगव्य, 11 प्रकार के फलों के रस, औषधियों एवं पुष्पों से महाभिषेक किया गया।

# अनियंत्रित होकर गिरा बाइक सवार हुआ घायल

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** जिले के नजदीकी ग्राम थेबडी में एक सड़क हादसा हुआ।

जहां एक बाइक पर सवार दो जन इटावा लाखा से डसाना खुर्द जा रहे थे।

इसी दौरान बाइक अनियंत्रित हो गई। बाइक अनियंत्रित हो जाने की वजह से बाइक सवार वही गिर गए। एवं बाइक पर सवार एक जन गंभीर रूप से घायल हो गया।जिसे स्थानीय लोगों ने निजी वाहन से डीडवाना शहर के राजकीय बागड़ जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टर के द्वारा घायल युवक का प्राथमिक उपचार जारी किया। जानकारी अनुसार घायल युवक संमदरनाथ पुत्र जेठानाथ उम्र 28 वर्ष निवासी इटावा लाखा से डसाना खुर्द की ओर जा रहे थे।

इसी दौरान थेबड़ी के पास में सड़क पर अचानक बाइक सड़क पर पड़ी कंक्रीट की वजह से अनियंत्रित होकर फिसल गई। फिसलने की वजह से बाइक पर सवार दोनों जन नीचे गिर गए। जिसमें से एक युवक समुद्र नाथ गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे तुरंत शहर के जिला अस्पताल पहुंचाकर उसका प्राथमिक उपचार जारी कराया। जहां डॉक्टरों के द्वारा घायल युवक का प्राथमिक उपचार जारी किया गया।

## महाकुंभ से लोटे यात्रियों ने डेड क्वींटल लापसी गायों को खिलाई



**डेगाना (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के श्री विनायक सेवा समिति के अध्यक्ष रणजीत सिंह एडवोकेट द्वारा महाकुंभ की यात्रा कर अपने गांव हिम्मतनगर स्थित शिव गौरक्षक गौशाला में गायों के लिए डेढ़ क्विंटल लापसी बना कर गायों को पुर्णिमा के दिन भोग लगाया गया। भंवर लाल शर्मा ने बताया कि गायों की सेवा में जो पुण्य मिलता है वैसा पुण्य कहीं पर भी नहीं मिलता है। सभी लोकों का सुख गायों की सेवा में मिल जाता है। तथा पूर्णिमा जैसे पवित्र अवसर पर गायों को भोजन कराने से सब तरह का पुण्य मिलता है। इस अवसर पर 1008 त्रिलोकनाथ महाराज,भंवर लाल शर्मा, गणेशराम गोदारा, ठाकुर नरेंद्र सिंह , महावीर सिंह, पीराराम, रघुनाथ गोदारा, लक्ष्मण राम, ठाकुर नाहरसिंह, रामलाल गुर्जर, बहादुर सिंह सुदरी, महेंद्रसिंह मांडलजोधा, घनश्यामसिंह डोटोलाई, किशोर सिंह गौरेडी, भंवर सिंह झगड़वास, मुकेश सिंह शेखावत, शैतान सिंह खातोलाई सहित मौजूद थे।

## पुलिस लाइन के लिए आवंटित भूमि का एडीजी पुलिस विनीता ठाकुर निरीक्षण किया

**ब्यावर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले की पुलिस लाइन के लिए आवंटित भूमि का निरीक्षण करने एडीजी पुलिस विनीता ठाकुर ब्यावर पहुंचीं। इस दौरान ठाकुर रामसर बलाईयान पर जिला प्रशासन की ओर से पुलिस लाइन के लिए आवंटित भुमि पर पहुंची जहां एसपी श्याम सिंह तथा पुलिस उपाधीक्षक राजेश कसाना ने उनकी अगवानी की। इस दौरान ठाकुर ने मंगलवार को आवंटित भुमि का निरीक्षण करते हुए वहां पर किए जा रहे समतलीकरण कार्य का अवलोकन किया।

जिला पुलिस के अधिकारियों से पुलिस लाइन निर्माण कार्य के बजट पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही पुलिस लाइन निर्माण के लिए बजट पर भी चर्चा की। इस दौरान उन्होंने पुलिस लाइन निर्माण के लिए स्वीकृत किए गए नक्शे का भी अवलोकन किया तथा तकनीकी कार्मिकों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने बताया कि शीघ्र ही पुलिस लाइन के लिए निर्माण कार्य शुरू करवाया दिया जाएगा। जिले में पुलिस नफरी की कमी के सवाल पर भी उन्होंने कहा कि इसके लिए शीघ्र ही डीजी से बातचीत कर इसकी कमी पूरी करवाई जाएगी। एडीजी के निरीक्षण के दौरान डीएसपी राजेश कसाना, तहसीलदार हनुत सिंह, पटवारी मूलाराम भाटी सहित अन्य उपस्थित रहे। गौरतलब है कि जिला कलेक्टर डॉ. महेन्द्र खडग़ावत ने रामसर बलाईयान में पुलिस लाइन निर्माण के लिए 125 बीघा जमीन आवंटित की है।

जहां पर रिजर्व पुलिस जाब्ते के साथ साथ अन्य सभी प्रकार के आफिस तथा सुविधाओं का निर्माण होगा।

## राजकीय सामान्य चिकित्सालय नसीराबाद का किया औचक निरीक्षण



**नसीराबाद (हुक्मनामा समाचार)।** चिकित्सा महकमें के अतिरिक्त चिकित्सा एवं मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर रामलाल चौधरी ने बुधवार को राजकीय सामान्य चिकित्सालय नसीराबाद का औचक सघन निरीक्षण किया। उन्होंने लैबोरेट्री, पुरुष महिला शिशु वार्ड, इमरजेंसी, गायनिक विभाग, नेत्र विभाग, नाक कान गला, आईसीयू वार्ड आदि का सघन निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने चिकित्सको व चिकित्साकर्मियों सहित रोगियों एवं उनके परिजनों से विस्तृत से जानकारियां हासिल कर दिशा निर्देश भी राजकीय सामान्य चिकित्सालय के प्रभारी डॉक्टर विनय कपूर ने टीम को सघन निरीक्षण कराया। निरीक्षण के दौरान नाक कान गला विशेषज्ञ डॉक्टर दीपेंद्र सिंह, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ बृजेश द्वारा डॉ भूपेंद्र सोनी, डॉ आनंद वर्मा, एलिजाबेथ ईमैन्युअल, नीतू नागोरा, मोहनलाल, गोविंद खींची आदि सहित अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

## अम्बापा के बिजाई तालाब के पास लगी आग

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** जिले के नजदीकी अम्बापा में स्थित बिजाई तालाब के पास अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग धीरे-धीरे अपना विकराल लेने लगी। जिस पर आग की सूचना तुरंत ग्रामीण आनंद अम्बापा के द्वारा डीडवाना नगर परिषद की दमकल को दी गई। जिसमें दमकल के पायलट फायरमैन तुरंत दमकल लेकर मौके पर पहुंचे। एवं आग बुझाना आरंभ किया। एव कुछ ही समय में आग पर काबू का लिया गया। किसी तरह की कोई बड़ी जनहानि बड़ी दुर्घटना नहीं होने दी। अज्ञात कारणों से यह आग लगी थी। जिसकी सूचना आनंद अम्बापा के द्वारा समय पर अग्निशमन को दी गई। जिस पर समय पर अग्निशमन ने पहुंचकर आग पर काबू पा लिया गया।

## जिला कलेक्टर और उपखंड अधिकारी पीसांगन को सोपा ज्ञापन

# सामला को जेठाना मैं शामिल करें या बनाये नई ग्राम पंचायत, विधायक से मिला शिस्ट मंडल

**मांगलियावास (हुक्मनामा समाचार)।** सामला गांव के ग्रामीणों ने नसीराबाद विधायक रामस्वरूप लांबा से मुलाकात कर गांव को जेठाना ग्राम पंचायत में शामिल करवाने या नहीं ग्राम पंचायत गठित करने की मांग कीहै।

ग्रामीणों ने अपनी मांग को लेकर अजमेर जिला कलेक्टर और पीसांगन उपखंड अधिकारी को भी ज्ञापन सोपा है।

ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि सामला गांव पूर्व में जेठाना ग्राम पंचायत का एक राजस्व ग्राम



था। 2019 की परिसीमन में इसे नवगठित ग्राम पंचायत अलीपुरा में शामिल कर दिया गया। 2020 में ग्रामीणों ने प्रशासन को सामला गांव जेठाना में ही सम्मिलित की किए जाने की मांग की थी जिसकी प्रशासन द्वारा भी अनुशंसा कर दी गई थी। ग्रामीणों ने बताया कि राजनीतिक द्वेशता के चलते सामला को अलीपुरा में शामिल किया गया।

ग्रामीणों ने बताया कि सामला गांव के अधिकांश कार्य जेठाना में ही संपन्न होते हैं।

इसलिए सामला को जेठाना में सम्मिलित किया जाए। ग्रामीणों ने मांग की कि यदि समल और जेठाना में शामिल नहीं किया जाता है तो तितरडी, नयागांव वह सामला को शामिल कर नई ग्राम पंचायत गठन करवाई जाए। ग्रामीणों के शिस्ट मंडल ने नसीराबाद विधायक रामस्वरूप लांबा से मुलाकात की।

विधायक ने उचित कार्रवाई करवाने का भी आश्वासनदिया। जयपुर नसीराबाद विधायक के आवास पर पूर्व सरपंच पन्नालाल गैना, जेठा ना ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष नरेंद्र गंगवाल, समाजसेवी घासीराम चौधरी, अमरचंद नायक सहित कई ग्रामीण पहुंचे और मुलाकात की।